

वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका-12




विस चुनावों के परिणाम, तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल-12



सैन्य अधिकारी की पत्नी के अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन-13



यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन टेनिस में महिला एकल का खिताब जीता-14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 06.49


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया 05:24 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 4 मई 2026, वर्ष 6, अंक 68, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गोंडा में मेरे साथ कोई घटना हुई तो जिम्मेदार होगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** जानी-मानी पहलवान विनेश फोगाट ने रविवार को कहा कि गोंडा में होने जा रहे राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कोई भी अप्रिय घटना हुई तो भारत सरकार जिम्मेदार होगी।



- **विनेश ने जताया ब्रजभूषण शरण सिंह से खतरा**

विनिश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख के करीबी व्यक्ति प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में पक्षपातपूर्ण फैसलों की आशंका भी जताई है और प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आज, बंगाल-असम में कड़ी सुरक्षा

**देर शाम तक तैयारियों में जुटा रहा निर्वाचन आयोग, अंतिम समय तक की गई मतगणना पर्यवेक्षकों की तैनाती**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के पांच राज्यों में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद मतगणना सोमवार सुबह शुरू होगी और दोपहर तक साफ हो जाएगा कि इन राज्यों में नई सरकार कौन बनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल और असम में संवेदनशील हालात देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंधन किए गए हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल में मतगणना से एक दिन पहले रविवार को भी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच भारी जद्दोजहद कायम रही। दोनों दलों की ओर से कई जगह स्ट्रांगरूम पर धांधली के आरोप लगाए गए और कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की और मारपीट भी हुई। बारासात में आमने-सामने आए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ा।

पश्चिम बंगाल में कड़े सुरक्षा इंतजामों और गरमाए राजनीतिक माहौल के बीच 294 सदस्यों वाली विधानसभा की 293 सीटों के लिए मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग ने दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी का हवाला देते हुए चुनाव रद्द कर दिया है। इस सीट पर अब 21 मई को दोबारा मतदान होगा जबकि मतगणना 24 मई को होगी। असम की 126 विधानसभा सीट पर 722 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। नौ अप्रैल को 85.96 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। कांग्रेस के सर्वाधिक 99 उम्मीदवार हैं।




कोलकाता : खुदीराम बोस अनुशीलन केंद्र में बने स्ट्रांगरूम पर तैनात सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

### बंगाल में कई जगह स्ट्रांगरूम में गड़बड़ी के आरोप, हिंसक झड़प, लाठीचार्ज

**कोलकाता।** बारासात में स्ट्रांग रूम के बाहर सीसीटीवी कैमरों के अचानक बंद होने की खबरों के बाद भारी विवाद हुआ। अशोकनगर से टीएमसी प्रत्याशी नारायण गोस्वामी ने आरोप लगाया कि शनिवार और रविवार सुबह सीसीटीवी मॉनिटर को कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया ताकि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सके। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम परिसर में जाने से रोकने का आरोप लगाया। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच भारी धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। केंद्रीय बलों और पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सिर्फ बाहरी डिस्प्ले मॉनिटर बंद हुआ था। स्ट्रांग रूम के अंदर सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू थे। बिधाननगर में भी स्ट्रांग रूम को बिना अनुमति खोलने के आरोपों को लेकर हंगामा हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने शिकायत की कि राजनीतिक दलों के एजेंटों की अनुपस्थिति में स्ट्रांग रूम को 10 बार अवैध रूप से खोला गया। इस मामले में चुनाव आयोग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

- **तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में मारपीट पुलिस ने किया लाठीचार्ज छह अधिकारी निलंबित**

### भाजपा नेता के घर पर गोलीबारी

**कोलकाता।** मतगणना से एक दिन पहले रविवार को उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा नेता कुंदन सिंह के घर के बाहर गोलीबारी की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना शनिवार आधी रात के करीब नोआपारा निर्वाचन क्षेत्र में कुंदन सिंह के घर पर हुई। भाजपा नेता ने कहा, दोनों उन्हें जान से मारना चाहते थे। गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### भाजपा के झंडे वाली कारों पर विवाद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर भी रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाली दो कारों को उस परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई जहां ईवीएम रखी गई हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ममता बनर्जी ने सखावत मेमोरियल गर्ल्स स्कूल स्थित इसी मतगणना केंद्र के सामने बृहस्पतिवार रात चार घंटे धरना दिया था।

**न्यूज ब्रीफ**

### हिरासत में बीएसएफ जवान की मौत, एनसीबी के दो अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधीन कार्यरत एक जांच अधिकारी और एक सहायक निदेशक को बीएसएफ के एक आरक्षी की हिरासत में मौत होने के बाद निलंबित कर दिया गया है। बीएसएफ आरक्षी जसविंदर सिंह की 19-20 मार्च की रात पल्स अस्पताल में दो बार दिल का दौरा पड़ने के बाद मौत हो गई थी। जसविंदर को एनसीबी ने जम्मू से गिरफ्तार किया था और अमृतसर में दर्ज एक मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में उसे पंजाब के अमृतसर ले जाया जा रहा था। जम्मू में एनडीपीएस एक्ट मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उसे हिरासत में भेजा था। एनसीबी की जांच से संकेत मिला था कि जसविंदर पाकिस्तान से जुड़े गुर्गों के दो नंबरों के माध्यम से संपर्क में था।

### गुरुग्राम : पत्नी और चार बच्चों की हत्या के बाद खुदकुशी की कोशिश

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और चार बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। आरोपी व्यक्ति की पहचान नाजिम (35) तथा जान गंवाने वालों की पहचान उसकी पत्नी नजमा (35), बच्चे इकरा (14), शिफा (11), अयान (9) और खदीजा (6) के रूप में हुई है। मूल रूप से यूपी के मुरादाबाद का निवासी नाजिम वजीरपुर गांव में किराए के एक मकान में रहता था और गढ़ी हरसारू गांव में हेयर सैलून चलाता था। पुलिस के मुताबिक नाजिम और नजमा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। शनिवार रात भी दोनों में झगड़ा हुआ था। शनिवार को आरोपी के भाई ने रात में घर लौटने पर इन सभी को बेहोश पड़ा पाया।

# उत्तराखंड में बारिश के साथ बर्फबारी, अंधड़ से उखड़े पेड़

**बिजली आपूर्ति प्रभावित, मौसम विभाग ने की लोगों से सचेत रहने की अपील**

- **चिलचिलाती गर्मी से मिली निजात, तापमान में आई गिरावट**

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में रविवार को कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान बर्फबारी, ओलावृष्टि भी हई जिससे तापमान में गिरावट आ गई है। वहीं, तेज अंधड़ से कई जगह पेड़ उखड़ गए। ऐसे में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई।

हरिद्वार में सुबह-सुबह अचानक बदले मौसम के बाद चले तेज अंधड़ ने लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया। हालांकि भारी बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं शहर में जलभराव ने परेशान किया। इस दौरान यहां श्यामपुर के गुमानीवाला बाईपास मार्ग पर दो विशालकाय पेड़ धराशायी हो गए। सड़क पर पेड़ गिरने हाईवे पर यातायात जाम हो गया। पेड़ की चपेट में कोई वाहन नहीं आया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

उत्तराखंड पुलिस की ओर से बारिश और तेज तूफान के दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाने में सावधानी बरतने की अपील की गई है। पैदल चलने वाले लोगों को भी जोखिम लेकर सड़कों पर न चलने के लिए कहा है। वहीं, कई स्थानों पर तेज हवाओं के चलते विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसकी वजह से आसपास की बिजली भी कट गई। ऋषिकेश में तेज आंधी से रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। आंधी के चलते रेलवे ट्रैक के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर 25 हजार वोल्ट की लाइन टूट गई।

उधर कुमाऊं में रामनगर, नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत में मौसम ने अचानक करवट ली जिसके कारण तेज तूफान के साथ मूसलाधार बारिश का दौर रहा। इन स्थानों से भी तेज हवाओं के चलते कई जगहों से पेड़ गिरने की खबरें आईं। देहरादून के मौसम वैज्ञानिक डॉ. रोहित थपलियाल के अनुसार सोमवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। लिहाजा तापमान में गिरावट बनी रहेगी। अंधड़ और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना रहेगी।

अचानक आए तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और भारी बेमौसम बारिश ने आम और लीची की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। रामनगर, डोईवाला और आसपास के क्षेत्रों में कई जगहों पर पेड़ टूटकर गिर गए हैं और फल जमीन पर बिखर गए। इससे किसानों, बागबानों की चिंता बढ़ गई है। ओलावृष्टि से आम और लीची के फल टूटकर गिर गए, जिससे 75 प्रतिशत तक नुकसान का अनुमान है।



रविवार को उत्तराखंड में हुई बारिश के बीच नैनीताल रोड का दृश्य। ● अमृत विचार

### कई जिलों के लिए मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर एवं चम्पावत जिलों के लिए जबकि मंगलवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस अवधि के दौरान आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, तेज वर्षा और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

## जनगणना : लापरवाह कर्मचारियों पर होगी एफआईआर

**देहरादून, अमृत विचारः** उत्तराखंड में चल रही जनगणना प्रशिक्षण में अपनी मौजूदगी दर्ज न कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर आयोग की गाज गिरनी तय मानी जा रही है। राज्य में शुरुआती चरण में मकानों की जनगणना जारी है लेकिन देहरादून में जनगणना के लिए नियुक्त 35 शिक्षक न तो ट्रेनिंग में उपस्थित हुए और न ही नगर निगम कार्यालय से कोई संपर्क साधा। इसका संज्ञान लेते हुए अधिकारी उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में हैं।

- **कुछ ने दिए हैं अपने गलत मोबाइल नंबर, कुछ फोन नहीं उठा रहे**

जनगणना के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन किया गया है। उनकी ड्यूटी अलग-अलग क्षेत्रों में जनगणना के लिए लगनी है। इन दिनों नगर निगम की ओर से कर्मचारियों को जनगणना के लिए नियुक्त करने के साथ उन्हें ट्रेनिंग दी जा रहा है। शहर में 35 कर्मचारी ऐसे हैं, जो कि 21 अप्रैल और 23 अप्रैल को हुई ट्रेनिंग से दूर रहे। इनमें से कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने अपने मोबाइल नंबर ही जानबूझकर गलत दिया, वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिनका फोन ही नहीं उठ रहा।

### एक बच्चे की मौत के बाद दो बच्चों को किया एयरलिफ्ट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** सिद्धार्थनगर जिले के नवगढ़ तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर फंसे दो बच्चों को 15 घंटे बाद एयरफोर्स गोरखपुर के सहयोग से प्रशासन ने युद्धस्तर पर हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके सुरक्षित बचा लिया।

रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने से तीन बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। बाकी दो बच्चे टंकी के ऊपर फंस गए थे, जिन्हें निकालना चुनौतीपूर्ण बना हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव कार्य में कोई लापरवाही न हो।

## एसी में धमाके के बाद दिल्ली की इमारत में आग, नौ लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से एक बच्चे समेत दो परिवारों के नौ लोगों की मौत हो गई। एक फ्लैट में लगे एसी में धमाके के बाद तड़के करीब साढ़े तीन बजे लगी आग ने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के कई फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस और दमकलकर्मियों ने यहां पहुंचने के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाला।

अधिकारियों के मुताबिक विवेक विहार फेज-1 में आग लगने की सूचना तड़के 3:48 बजे मिली, जिसके बाद पुलिस, दमकल और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे और यहां मची अफरातफरी के बीच बचाव अभियान शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के मुताबिक आग बुझाने के बाद अलग-अलग मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। दूसरी मंजिल पर अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनिता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और पोते आकाश के शव मिले। तीसरी मंजिल पर एक ही परिवार के तीन सदस्य नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहली मंजिल पर शिखा जैन (45) की मौत हुई, उनके पति नवीन जैन (48) घायल हुए हैं।



आग की लपटों से काली हुईं दीवारें।

- **मरने वालों में एक बच्चे समेत दो परिवारों के लोग**

### चीखों से गूंजती रही पूरी इमारत

दमकलकर्मियों के मुताबिक आग पर काबू पाने के लिए उन्हें कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान इमारत के भीतर फंसे लोगों की चीखें बाहर तक गूंजती रहीं। दमकलकर्मियों के अनुसार इमारत के पिछले हिस्से के चार फ्लैट में आग की तीव्रता काफी अधिक थी।

**सीढ़ियों पर मिले तीन शव :** एक अधिकारी के मुताबिक तीन शव सीढ़ियों से बरामद किए गए। सीढ़ियों से छत पर जाने वाले रास्ते के गेट पर ताला लगा मिला। इसी कारण आग से बचकर भागे ये तीनों लोग बाहर नहीं निकल पाए। आग ने इमारत के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया और धुएं का गुबार इलाके में फैल गया।

## युद्धविराम बढ़ाने के बजाय युद्ध समाप्त करे अमेरिका

दुबई, एजेंसी

- **ईरान ने भेजा नया प्रस्ताव, ट्रंप ने जताया मंशा पर संदेह**

ईरान ने अमेरिका को भेजे नए प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध का कारण बने मुद्दों को 30 दिनों के भीतर सुलझाने का आह्वान किया है। यह भी कहा है कि उसके इस प्रस्ताव उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को पूरी तरह समाप्त करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने समझौता होने की संभावना पर संदेह भी जताया है।

ईरान के 14 सूत्री प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। अमेरिका की नौ सूत्री योजना के जवाब में दिए इस प्रस्ताव में ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों सहित सारी शत्रुता समाप्त करने की शर्त रखी गई है। ईरान ने पाकिस्तान के जरिए प्रस्ताव भेजा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को ओमान के समकक्ष बदर अल बुसैदी से बात की, जिन्होंने लड़ाई के पहले अमेरिका-ईरान वार्ता में पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई थी।

### होर्मुज पर किसी हाल में पीछे नहीं लौटेंगे: ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की नई योजना पेश की थी लेकिन ईरान ने इसे खारिज कर दियाहै। ईरानी संसद के उपाध्यक्ष अली निकजाद ने रविवार को कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध-पूर्व की स्थिति में वापस नहीं लौटेगा।

## यात्री ने खोला विमान का इमरजेंसी डोर, गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टैक्सी वे पर चल रहे विमान का आपातकालीन निकास द्वार एक यात्री ने अचानक खोल दिया, इससे विमान में अफरातफरी मच गई। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

एयर अरबिया का एक विमान 231 यात्रियों को लेकर रविवार तड़के शारजाह से चेन्नई पहुंचा था। विमान जब टैक्सी वे पर आगे बढ़ रहा था, तभी उसमें सवार पुडुकोट्टई निवासी 34 वर्षीय युवक ने आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया। पायलट ने विमान को तुरंत रोक दिया और हवाई अड्डा प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक विशेषज्ञों और सशस्त्र अधिकारियों समेत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी तुरंत उस स्थान पर पहुंचे, जहां विमान रुका था। पायलट ने तत्काल शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

**बड़ी उपलब्धि** | **दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है मिशन दृष्टि, हर मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेने में सक्षम**

# स्पेसएक्स ने लॉन्च किया भारतीय स्टार्टअप का दृष्टि उपग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेसएक्स ने रविवार को कैलिफॉर्निया से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए बेंगलुरु आधारित स्टार्टअप गैलेक्सआई के मिशन ''दृष्टि'' उपग्रह का प्रक्षेपण किया। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।

ईओ सेंसर धूप और साफ मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेते हैं जबकि एसएआर सेंसर रडार पल्स के जरिए हर मौसम तथा हर समय तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। कंपनी के संस्थापक और सीईओ सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि के सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचने के बाद हमारा ध्यान इसकी कमीशनिंग को पूरा करने पर है। इस चरण के दौरान हम अपने ऑप्टोएसएआर पेलोड से मिलने वाले अलग तरह के डेटा को लेकर दुनियाभर में खासी रुचि देख रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह उपग्रह पारंपरिक प्रणालियों की सीमाओं से आगे जाने में मदद करेगा और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में अधिक विश्वसनीय व निरंतर डेटा उपलब्ध कराएगा।



मिशन दृष्टि का प्रक्षेपण पांच वर्षों तक स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, व्यापक पर्यावरणीय परीक्षण और प्रदर्शन सत्यापन के बाद किया गया। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एके भट्ट ने कहा, गैलेक्सआई ने वह उपलब्धि हासिल की है जो दुनिया में कुछेक संस्थाओं ने हासिल की है और वह है एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल तथा एसएआर क्षमताओं को सहज रूप से जोड़कर हर मौसम में निरंतर निगरानी संभव बनाना। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी की खास बात सिर्फ इसकी क्षमता नहीं, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव भी है, खासकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में, जहां पृथ्वी निरीक्षण के क्षेत्र में समयबद्ध और निर्णय लेने के लिए उपयोगी जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के पहले ऑप्टोएसएआर उपग्रह और देश के सबसे बड़े निजी रूप से निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण हमारे युवा नवोन्मेषकों की अपार क्षमता को दर्शाता है, जो राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

### ये भारतीय युवाओं के जुनून का प्रमाण : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के जुनून का प्रमाण बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह एवं भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

स्टेट ब्रीफ

## रुड़की में मजदूरों पर दबंगों ने की फायरिंग

**रुड़की :** रुड़की में मामूली बात को लेकर दो मजदूरों पर दबंगों ने फायरिंग कर दी। वारदात को अंजाम देकर एक बाईक पर सवार होकर चार बदमाश घटनास्थल से फरार हो गए। घटना में दोनों मजदूर बाल-बाल बच गए। फायरिंग की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बदमाशों की तलाश की शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक काम करने के दौरान दोनों मजदूर मोबाइल चला रहे थे। जिस पर साथ में काम कर रहे तेलीवाला गांव के एक युवक ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई थी।

## किन्नर समुदाय के लिए तय बधाई राशि को लेकर विवाद

**देहरादून :** किन्नर समुदाय को नगर निगम की बोर्ड बैठक में दी जाने वाली बधाई राशि को अधिकतम 5100 रूपये तय करने का फैसला अब विवादों में आ गया है। राज्य मंत्री रजनी रावत ने इस निर्णय पर विरोध प्रकट किया है। रजनी रावत की चेतावनी है कि अगर नगर निगम ने फैसला वापस नहीं लिया तो मामला हाईकोर्ट तक ले जाया जाएगा। बीते दिनों नगर निगम की बोर्ड बैठक में कई पार्षदों ने किन्नरों द्वारा बधाई धनराशि मनमाने तरीके से लेने पर आवाज उठाई थी। चर्चा के बाद सभी पार्षदों की सहमति के बाद निर्णय लिया गया था कि विवाह समारोह ओर परिवार में किसी भी तरह की खुशी पर अब किन्नरों को बधाई में अधिकतम 5100 रूपये की धनराशि दी जाएगी।

## 19वीं शताब्दी में तैयार की गई दुर्लभ पेंटिंग की प्रदर्शनी

**देहरादून :** इन दिनों हिमालय के अतीत की एक अनोखी झलक देहरादून में देखने को मिल रही है। 19वीं शताब्दी में तैयार की गई दुर्लभ पेंटिंग और विजुअल डॉक्यूमेंटेशन की एक प्रदर्शनी कला प्रेमियों, शोधकर्ताओं और आम दर्शकों को आकर्षित कर रही है। यह प्रदर्शनी कला के अद्भुत उदाहरण के साथ हिमालय की भौगोलिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत का जीवंत दस्तावेज भी है। दरअसल, इस विशेष पेंटिंग प्रदर्शनी में 1860 के दशक में जर्मनी के तीन भाई (श्लागिन्ट्वाइट ब्रदर्स) हरमन, एडोल्फ और रॉबर्ट द्वारा तैयार किए गए हिमालय के दुर्लभ चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी को काफी सराहा जा रहा है।

### सचिव आपदा प्रबंधन ने राज्य में हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन को मौसम की स्थिति के अनुरूप रखने की सख्त हिदायत दी

# मौसम प्रतिकूल हो तो उड़ानों का जोखिम न लें, सेवाएं स्थगित रखें

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** शासन की ओर से चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए विशेष निर्देश दिए गए हैं। खासकर हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन को पूरी तरह मौसम की स्थिति के अनुरूप रखने की हिदायत दी गई है। सख्त चेतावनी दी गई है प्रतिकूल मौसम की स्थिति में किसी भी प्रकार का जोखिम न लेते हुए उड़ानों का संचालन स्थगित रखा जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखा जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें, अनावश्यक यात्रा से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे किसी भी संभावित आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके।

- सोमवार और मंगलवार को भी आरेंज अलर्ट, प्रशासन अलर्ट जिलों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश

### समय रहते आमजन को सतर्क करें

सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा सोमवार एवं मंगलवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसके मद्देनजर सभी जनपदों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी जनपदों को निर्देश दिए कि मौसम से संबंधित सभी अलर्ट एवं सूचनाएं राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से तत्काल आमजन तक पहुंचाई जाएं, ताकि समय रहते लोग सतर्क हो सकें।

### बाधित सड़कों को खोला जा रहा है

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाधित सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र खोला जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि कुछ जनपदों में सड़कों के बाधित होने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिन्हें अधिकांशत: खोल दिया गया है तथा शेष मार्गों को भी जल्द से जल्द सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट एवं रविवार को राज्य के विभिन्न जनपदों में आए आंधी-तूफान और बारिश के बाद सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों के साथ बैठक कर स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## चारों धामों में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़

**देहरादून :** उत्तराखंड के चारों धामों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। केदारनाथ में एक ही दिन में 23 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। ऐसे में बाबा केदार के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तीन लाख पार कर गई है। वहीं, चारों धाम मिलाकर अब तक 6 लाख 63 हजार से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। रविवार को ही यमुनोत्री धाम में 8,669 श्रद्धालुओं ने यमुना के दर पर हाजिरी लगाई, जिसमें 4,537 पुरुष, 3,805 महिला और 327 बच्चे शामिल रहे। इस प्रकार अभी तक यमुनोत्री धाम में 98,234 श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, गंगोत्री धाम में रविवार को 8,310 श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए। इसमें 4,567 पुरुष, 3,585 महिला और 158 बच्चे शामिल रहे। इस तरह अभी तक 97,193 श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा का आशीर्वाद ले चुके हैं। इसी कड़ी में यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में 1,95,427 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

# समस्याओं के समाधान में न हो लापरवाही या अनावश्यक विलंब

### मुख्यमंत्री ने सीएम ऑफिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मुलाकात की।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को तत्काल प्रेषित करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

सीएम धामी रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न जिलो से आए लोगों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि संबंधी मामलों तथा अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों एवं मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उसकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्राप्त हो। जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं, जिनके माध्यम से सरकार को जमीनी स्तर की समस्याओं की जानकारी प्राप्त होती है और उनके समाधान के लिए प्रभावी निर्णय लिए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण, सुशासन और समग्र विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सरलता एवं समयबद्ध रूप से लोगों को प्राप्त हो।

### अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने जताया आभार

इस मौके पर फिल्म अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा में श्रद्धालु के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन बेहतर यात्रा व्यवस्थाओं के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों ने भी उनकी समस्याओं और मांगों पर सकारात्मक आशवासन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद होगा फ्लोटिंग हट्स का संचालन



**टिहरीः** टिहरी झील के ऊपर बने फ्लोटिंग हट्स बीती रात आंधी तूफान के चलते क्षतिग्रस्त हो गये। इस बीच एसडीआरएफ ने फ्लोटिंग हट्स में रह रहे लोगो को बचाया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। जिला प्रशासन के मुताबिक फ्लोटिंग हट्स की सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद ही दोबारा इसका संचालन किया जाएगा।

टिहरी बांध की झील में बीते शनिवार शाम को आंधी-तूफान के चलते झील में स्थित फ्लोटिंग हट्स की जेटी क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में फ्लोटिंग हट्स दो हिस्सों में बंटकर रह गई थी। इस दौरान फ्लोटिंग हट्स में ठहरे करीब 30 पर्यटकों को कोटी कॉलोनी में तैनात एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले गई थी। घटना को लेकर एसडीएम कमलेश मेहता के नेतृत्व में पांच सदस्य विशेषज्ञों की जांच कमेटी गठित की गई है। टीम फ्लोटिंग हट्स की सेफ्टी ऑडिट करेगी। रिपोर्ट आने के बाद ही दोबारा से फ्लोटिंग हट्स का संचालन करने की अनुमति मिलेगी।



एशिया कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी सम्मान प्राप्त करते हुए।

# स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों से सजी खिलाड़ियों की झोली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जापान कराटे-डो शुडोकान इंडिया की ओर से आयोजित जेकेएस साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप का सफल आयोजन 25 व 26 अप्रैल को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 5 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में युवराज आर्य ने 8 वर्ष बालक वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, गर्वित मिश्रा ने 11 वर्ष बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ध्रुव मिश्रा ने 12 वर्ष वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि धनेश चंद ने 14 वर्ष बालक वर्ग और नीरज सिंह ने 16 वर्ष बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। इन प्रदर्शन के आधार पर गर्वित मिश्रा, धनेश चंद और नीरज सिंह का चयन आगामी टेक्क्योन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जो 1 से 6 जुलाई तक ओस्लो, नॉर्वे में आयोजित होगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी विभाग के नगर मंत्री अशोक कश्यप व विशिष्ट अतिथि संजय कंवल मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कराटे के महत्व, अनुशासन व आत्मरक्षा के बारे में खिलाड़ियों को बताया। खिलाड़ियों को शिहान बलवंत आर्य व सेनसेई राज आर्य ने प्रशिक्षण दिया।



उत्तराखंड स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

# उत्तराखंड मुए थाई में देहरादून बना चैंपियन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मुए थाई एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से योग नगरी ऋषिकेश स्थित रेड फोर्ट इंटरनेशनल स्कूल के बॉक्सिंग एरिना में आयोजित उत्तराखंड स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप में ऋषिकेश के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर देहरादून जिला प्रदेश का चैंपियन बन गया।

प्रतियोगिता में ऋषिकेश के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण, 10 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर देहरादून को प्रथम स्थान दिलाया। वहीं ऊधम सिंह नगर जिला दूसरे स्थान पर और अल्मोड़ा जिला तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 जिलों से 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखंड स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरमैन कुलदीप सिंह बुटोला ने पदक व टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की सशक्त खेल नीति के कारण उत्तराखंड के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

- ऋषिकेश के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण जीतकर दिलाया खिताब प्रदेश में बनाया दबदबा

उन्होंने ऋषिकेश की खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए उनके सम्मान की भी बात कही।

कार्यक्रम के दौरान जून माह में आयोजित होने वाली सातवीं राष्ट्रीय मुए थाई चैंपियनशिप के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। आयोजन समिति के प्रयासों की सभी अतिथियों ने सराहना की। स्वर्ण पदक विजेताओं में संचिता, कृष्ण श्रीवास्तव, समर्थ बिष्ट, अस्मिका कुकरेती, स्वराज गैरोला, अस्मित, अक्षत बुटोला, तेजस सिंह, आदर्श कंडारी, आरूज पंत, अनिरुद्ध, अभिषेक, रोहित व्यास, कृष्ण जोशी, उन्नति रावत और सक्षम शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में डोईवाला नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, राज्य एसोसिएशन के महासचिव नीलेश जोशी, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डी अरुण कुमार सूद, स्टेट प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिंह नेगी, रेडफोर्ट स्कूल के चेयरमैन डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट, अंतरराष्ट्रीय रेफरी सीके जोशी आदि रहे।

## रामनगर को देहरादून से जोड़ेगी नई रेल सेवा

**देहरादून :** उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी का निरंतर विस्तार हो रहा है। लोगों का सफर आसान बनता जा रहा है। इसी कड़ी में रामनगर को देहरादून से जोड़ने के लिए नई रेल सेवा शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

इस संबंध में गढ़वाल लोकसभा से सांसद अनिल बलूनी ने रेल मंत्री से मुलाकात कर प्रस्ताव रखा था, जिसे हरी झंडी मिल गई है। पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने बताया कि यह ट्रेन सेवा न केवल रामनगर बल्कि पूरे पहाड़ी क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी। इससे पर्यटन ,शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए देहरादून आने-जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस रेल सेवा के शुरू होने से खासकर गढ़वाल और कुमाऊं के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और समय भी बचेगा।

# देवभूमि के सांस्कृतिक व देवत्व मूल्य रहेंगे सुरक्षित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के सेलाकुई स्थित आद्यशक्ति श्री माता वैष्णो देवी धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित मां भगवती जागरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

यहां उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देशभर में सनातन संस्कृति को सशक्त करने के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान सहित अनेक धार्मिक स्थलों का विकास भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर तेजी से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने के बाद यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

# फूलों की खेती कर बनी लखपति दीदी

संवाददाता, भीमताल



फूलों की खेती करती गीता पंत। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गीता पंत अपने गांव के लिए आदर्श बन गईं हैं। दरअसल, फुलों की खेती कर गीता न केवल आज लखपति दीदी बन गई है बल्कि उनकी सालाना आय लगभग 6 लाख हो चुकी है। गीता पंत संतोषी स्वयं सहायता समूह की ग्राम पंचायत बाजुनिया हल्दु विकासखंड कोटाबाग की रहने वाली हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से जुड़ने के बाद इन्होंने सक्रिय महिला के रूप में समूह में कार्य किया। उन्होंने कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के रूप में जिले स्तर तथा राज्य स्तर पर भी काम किया।

ऐसे में उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई तथा उन्हें कई योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। गीता पंत ने पशुपालन तथा कृषि कार्य के साथ ही फूलों की खेती करने का भी निर्णय लिया जिसके लिए गीता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सीआईएफ तथा सीसीएल की धनराशि प्राप्त की। एपीडी चंदा फर्त्याल बताती हैं कि वर्तमान में गीता अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं साथ ही अन्य समूह के सदस्यों को भी रोजगार दे रही हैं।

चिंतनीय

### फूल खिलने के समय और परागण प्रक्रिया के बीच सामंजस्य न होने से बीजोत्पादन प्रभावित

# अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से खतरे में जैव विविधता

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचारः** फसलों में नियोनिकोटिनाइड जैसे कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग परागणक, विशेषकर मधुमक्खियों पर विनाशकारी प्रभाव डाल रहा है। लगभग 10 प्रतिशत जंगली फूल वाले पौधे पर परागण के लिए मधुमक्खियों पर निर्भर होते हैं। कीटनाशक और जलवायु परिवर्तन परागणकों की आबादी को निरंतर कम कर रहे हैं, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता को बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते पौधों और परागणकों के बीच समय और स्थान की बेमेल स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह असंतुलन परागण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है, जिससे पौधे और परागणक दोनों के अस्तित्व को खतरा है। जलवायु परिवर्तन के कारण पौधों के फलने का समय बदल रहा है। ऐसे में परागणकों को उनके साथ तालमेल बैठाने में कठिनाई हो रही है। प्रवासन पैटर्न में बदलाव, अमृत स्रोतों की कमी और तापमान में वृद्धि से परागणकों का व्यवहार भी प्रभावित हो रहा है। यह सभी कारक पौधों और परागणकों के बीच संबंधों को कमजोर कर रहे हैं।



मधुमक्खी अनुसंधान केंद्र में जानकारी देते डॉ. प्रमोद कुमार मल्ल। ● अमृत विचार

### परागण, परागणकों और पौधों पर कीटनाशकों का दुष्प्रभाव

**पंतनगर :** डॉ. मल्ल ने बताया कि परागण प्रक्रिया में परागकण फूल के नर भाग से मादा भाग में स्थानांतरित होता है। जिससे पौधे प्रजनन कर पाते हैं। इसमें मधुमक्खियों, तितलियों जैसे परागणकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण परागणकों और पौधों दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कीटनाशकों के अधिक उपयोग से परागणको को नुकसान पहुंच रहा है और परामण प्रक्रिया बाधित हो रही है। इन सभी कारकों के संयुक्त प्रभाव से पारिस्थितिक तंत्र और खाद्य उत्पादन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

### बिगड़ रहा पारिस्थितिकी संतुलन

**पंतनगर :** डॉ. मल्ल ने बताया कि शोध से पता चलता है कि फूलों के समय और परागण प्रक्रिया के बीच सामंजस्य नहीं होने के कारण बीज उत्पादन कम हो रहा है। अंततः ग्लोबल वार्मिंग परागणकों के आवास, भोजन और जीवन चक्र को प्रभावित कर रही है। जिससे उनकी संख्या में भारी कमी आ रही है और पारिस्थितिकी संतुलन भी बिगड़ रहा है।

## नालूपानी क्षेत्र में बड़े बड़े बोल्डर गिरने से यातायात बाधित

**देहरादून :** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारिश के बाद बाद नालूपानी क्षेत्र में बड़े-बड़े बोल्डर गिरने यातायात बाधित हो गया। रविवार को इस वजह से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पर बीआरओ ने अपनी मशीनों से यातायात बहाल कराया। हालांकि हाईवे संकरा होने के चलते खतरा बना हुआ है और इसी बीच वाहनों की आवाजाही भी हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार को अचानक बदले मौसम के चलते नालूपानी क्षेत्र में वर्षा हुई। दोपहर को बारिश रूक गई थी, लेकिन, नालूपानी क्षेत्र में सक्रिय भूस्खलन जोन से अचानक बड़े-बड़े बोल्डर हाईवे पर आ गिरे, इस कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। इधर से गुजर रहे तीर्थयात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर बीआरओ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, जिसने एक्सावेटर मशीन की मदद से युद्धस्तर पर मलबा व बोल्डर हटाने का काम शुरू किया। बाद में वाहनों को एक-एक कर पास करवाया गया।

# बारिश ने निकाल दी मौसम की गर्मी, एसी-कूलर भी कराया बंद

## गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया मई में पारा, लोगों को गर्मी से मिली राहत, नौ मई तक पश्चिमी विक्षोभ रहेगा सक्रिय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मई माह जो अपनी प्रचंड गर्मी के लिए जाना जाता है, उस माह में मूसलाधार बारिश हो रही है। पारे में गिरावट आ रही है। हल्द्वानी में रविवार को रात और दोपहर दो बार बारिश हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने रविवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया था। अनुमान सही साबित हुआ। रविवार की रात्रि जमकर बारिश हुई और मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया तो वहीं पूर्वान्ह के समय पूरे शहर में काली घटा छा गई। दोपहर के समय शाम जैसा नजारा हो गया। लोगों को अपने वाहनों की लाइट ऑन करनी पड़ी। इसके बाद करीब एक घंटे तक मूसलाधार बारिश होती रही। दोपहर के समय ही बाजार में सन्नाटा पसर गया। अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आई।

हल्द्वानी में एक ही दिन में करीब 40 मिमी बारिश हुई है। रविवार को हल्द्वानी में पारा 30.6 डिग्री रहा जो सामान्य से छह डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया है। शहर में एक सप्ताह पहले पारा 40 डिग्री को पार कर गया था। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को भी नैनीताल जिले में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। यही नहीं मंगलवार और बुधवार को यलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही नौ मई तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने का अनुमान है। ऐसे में अभी आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।


नैनीताल रोड पर भीगते हुए बारिश के दृश्य को फोन में कैद करती युवती।


नैनीताल रोड पर बारिश से बचने की कोशिश करती बाइक पर सवार महिला।


हल्द्वानी में ररविवार को बारिश के बीच दोपहिया वाहन पर सफर करते युवा।

### नैनीताल में बारिश के साथ ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठंड, पर्यटक रहे परेशान

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार दोपहर में हुई तेज बारिश में अफरा तफरी मच गई। करीब एक घंटे की बारिश में तेज हवाओं के साथ ओले भी बरसे हैं। सोमवार से पुन: एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। नगर में मौसम का मिजाज सुबह से ही बदला हुआ था। घने बादल छाए हुए थे। अपराह्न 12 बजे काले बादलों ने आसमान को घेर लिया और करीब एक बजे तेज हवाओं के साथ वर्षा शुरू हो गई और ओले भी बरसने शुरु हो गए। इस लोग सिर छिपाने के लिए छत तलाशने लगे। विभिन्न नगरों से सैर पर पहुंचे सैलानियों में भगदड़ मच गई और उनकी खूब फजीहत हो गई। करीब दो बजे बारिश रुकने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और मौसम पूरी तरह साफ हो गया। साथ ही धूप निकलने से ठंड से भी राहत मिली। इधर मौसम विभाग देहरादून के मौसम वैज्ञानिक डा रोहित थपलियाल के अनुसार सोमवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। लिहाजा तापमान में गिरावट बनी रहेगी। अंधड़ और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना रहेगी। हल्की से मध्यम बारिश के आसार रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम 24 व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।


नैनीताल में रविवार को हुई झमाझम बारिश का दृश्य। ● अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

#### जसपाल बने उद्योग समिति के सदस्य

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर की ओर से किया गया। इस दौरान संगठन की बैठक भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में जसपाल सिंह कोहली को उत्तराखंड सरकार की उद्योग समिति का सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया, साथ ही मयंक जोशी का भी अभिनंदन किया गया। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी और महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने कहा कि नगर निगम टैक्स के मुद्दे को लेकर जल्द ही महापौर व नगर आयुक्त से मुलाकात की जाएगी। प्रदेश युवा प्रभारी आफताब हुसैन ने बताया कि यातायात नगर में शीघ्र ही सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा।

#### ज्ञानचंद्र और यासीन भीम आर्मी में शामिल

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव सिराज अहमद के नेतृत्व में जनपद नैनीताल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान ज्योलीकोट निवासी ज्ञान चंद्र टम्टा और मोहम्मद यासीन सैफी को भीम आर्मी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पीआर टम्टा, प्रेम राम टम्टा, आरआर लोहिया, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य रहे।


तेज आंधी-बारिश के कारण गिरी टहनियों से क्षतिग्रस्त हुई बिजली लाइन।1


बिजली की लाइनों पर टूटकर गिरी पेड़ की टहनियां।

### हल्द्वानी में तेज आंधी-बारिश से बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त, तीन घंटे बाद बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति

**हल्द्वानी :** रविवार दोपहर आई तेज आंधी और बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आंधी के दौरान कई जगह पेड़ गिरने से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे तार टूट गए और आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके चलते कालाढूंगी रोड़, दमुवाढूंगा और मुखानी क्षेत्रों में दोपहर 1:30 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। करीब ढाई से तीन घंटे तक बिजली न रहने से ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ पानी की सप्लाई और छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों का काम भी प्रभावित हुआ। आंधी के बाद कई स्थानों पर सड़क किनारे पेड़ और टहनियां बिजली लाइनों पर गिर गई थीं, जिन्हें हटाने में बिजली विभाग को तीन घंटे का समय लगा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आंधी-बारिश के मौसम में बिजली लाइनों के आसपास पेड़ों की नियमित छंटाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य किया और शाम चार बजे तक आपूर्ति सामान्य कर दी गई। इधर ऊर्जा निगम के ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता (ईई) एसके गुप्ता ने बताया कि तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही विभागीय टीमें मौके पर भेजी गईं और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को शाम चार बजे तक नियमित रूप से बहाल कर दी गई।

### बारिश से मिली राहत बीमारियों का खतरा बढ़ा

**हल्द्वानी :** मई की भीषण गर्मी के बीच मूसलाधार प्री-मानसून बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है लेकिन नमी बढ़ने से कई तरह की बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश के बाद वातावरण में बढ़ी आर्द्रता बैक्टीरिया, वायरस और मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करती है। शहर के कई इलाकों में जलभराव के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने पानी जमा न होने देने की सलाह दी है। दूषित पानी और भोजन के कारण टाइफाइड, हैजा, डायरिया और हेपेटाइटिस-ए जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। एसटीएच के एमएस डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि इस मौसम में उबला या फिल्टर किया पानी ही पीना चाहिए और बाहर के खाने से बचना चाहिए। अचानक बदलते मौसम का असर श्वसन तंत्र पर भी पड़ता है। वायरल बुखार, फ्लू, खांसी-जुकाम और एलर्जी के मामले बढ़ने लगते हैं। वहीं नमी के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे फंगल इन्फेक्शन भी हो जाता है।

# पश्चिमी विक्षोभ ने बदला मौसम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्री मानसून की बारिश अब पहले जैसी नहीं रही और पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता भी पहले से अधिक प्रभावशाली होकर बरसने लगे हैं। मौसम में इस तरह का बदलाव का यह दूसरा वर्ष है। यदि मौसम ऐसा ही रहा तो उत्तर भारत के क्षेत्रों में हीट वेब यानी लू से राहत मिलेगी।

मौसम के जानकार मानते हैं कि मौसम का पैटर्न बदल चुका है। एक्सट्रीम वेदर यानी लंबे समय तक एक समान रहने के मौसम के कारण कभी लगातार बारिश तो कभी निरंतर सूखे की स्थिति बनी रहती है। गत वर्ष मई से अक्टूबर करीब छः महीने बरसात रही थी, उसके बाद से मार्च तक सूखे की स्थिति बनी रही। इस वर्ष अप्रैल से बारिश शुरू हो गई थी, जो निरंतर जारी है और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 15 दिन मौसम पानी बरसाने वाला रहने वाला है। संभव है कि मानसून पहुंचने तक भी बरसा का क्रम जारी रहे। लिहाजा मैदानी भागों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं जाने की संभावना कम ही रहेगी तो गर्म हवाएं भी नहीं चलेंगी। यदि प्री मानसून की बात करें तो भीषण गर्मी के कारण स्थानीय स्तर पर नमी बढ़ने, गर्म हवाओं के ऊपर उठने, पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के कारण होती है और यह बारिश आमतौर पर दोपहर या शाम के समय गरज, धूल भरी आंधी, तेज हवाओं और कभी-कभी ओलावृष्टि के साथ होती हैं।

केरल, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी वाली हवाएं और पूर्वी भारत के चक्रवात प्री मानसून की बारिश का कारण बनती हैं, जो और चंद मिनट से एक घंटे तक ही होती है और मौसम साफ हो जाता है। रात के समय शायद ही कभी हो जाय, लेकिन इसका समय दोपहर से शाम के बीच ही होता है और खासकर गर्मियों के दौरान होती है और मानसून पहुंचने से पहले तक जारी रहती है।

मगर अब इसका कोई निश्चित समय नहीं रह गया है और पश्चिमी विक्षोभ निरंतर प्रभावशाली उठ रहे हैं, जो दिन, रात और सुबह शाम कभी भी बरस रहे हैं। साथ ही पर्वतीय ठंडे क्षेत्रों में बादलों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते बरसात का आभास हो रहा है। मौसम की जानकारों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्री मानसून की बारिश का मिजाज भी बदल चला है और एक्सट्रीम वेदर का ट्रेंड अस्तित्व में आ चुका है।

● **मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो लू से मिलेगी राहत**

### जलवायु परिवर्तन के कारण बदलता रहेगा मौसम

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह कहते हैं कि उत्तर भारत में मौसम का जो चक्र गत वर्ष देखा गया था, संभवत: इस भी वर्ष दोहरा रहा है। पिछला साल एक्सट्रीम वेदर की गिरफ्त में देश का मौसम रहा था। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम बदलते रहेंगे। भविष्य के मौसम का पूर्वानुमान आसान नहीं रहा।

# किशोर की हालत बिगड़ी नशा मुक्ति केंद्र पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यहां नशा छुड़ाने पहुंचे एक नाबालिग की अचानक हालत बिगड़ गई। केंद्र के कर्मी उसे एसटीएच में भर्ती कराकर भाग गए। नाबालिग फिलहाल वेंटीलेटर पर है और अब मुखानी पुलिस ने संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना बीती 21 अप्रैल की है। पुलिस को दी तहरीर में नाबालिग की मां ने लिखा, उनका 17 वर्षीय बेटा नशे का आदी है। उसकी लत छुड़वाने के लिए उन्होंने दो माह पहले बेटे को संकल्प नशा मुक्ति समिति में भर्ती कराया था। उसका यहां लगातार इलाज चल रहा था। नाबालिग की मां का कहना है कि बीती 21 अप्रैल को वह बेटे से मिलने गईं और तब वह बिल्कुल ठीक था। 23 अप्रैल को नशा मुक्ति समिति का फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि आपका लड़का बेहोश हो गया है और आप डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय आ जाओ। आरोप है कि जब परिजन एसटीएच पहुंचे तो वहां नशा मुक्ति केंद्र का कोई कर्मचारी नहीं था। हॉस्पिटल में टेस्ट हुए तो पता लगा कि उसकी किडनी और लिवर दोनों डैमेज हैं।

# 3209 ने दी नीट-यूजी परीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों में नीट (यूजी)-2026 की पेन एंड पेपर मोड परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 9 केंद्र बनाए गए थे, जिनमें सभी शहर में स्थित थे। जिले के सभी 9 केंद्रों में कुल 3409 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 3290 ने परीक्षा दी, जबकि 119 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी व परीक्षा के नोडल अधिकारी सौरभ असवाल ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थित ढंग से कराई गई। उन्होंने बताया कि पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, कालाढूंगी रोड में पंजीकृत 384 में से 369 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि राजकीय इंटर कॉलेज नारायण नगर में 360 में से 349 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। एमबी इंटर कॉलेज में 313 में से 300 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एमबीपीजी कॉलेज सहित अन्य 6 केंद्रों में पंजीकृत 2352 में से 2272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा को संपन्न कराने के लिए मुकेश सिंह नेगी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, नंद किशोर, ईई, जल संस्थान, लालकुआं, अनुराग नेगी आदि जुटे रहे।


हल्द्वानी में नीट परीक्षा देकर लौटती छात्राएं।

## पिता-पुत्र ने मेडिकल स्टोर वाले को पीटा

**हल्द्वानी :** दुकान पर खड़े एक यवक को पिता-पुत्र पीट दिया। दोनों पर लूट का भी आरोप है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राजपुरा नई बस्ती वार्ड-12 निवासी यश जोशी ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को बताया कि वह अपने मेडिकल स्टोर के लिए दवाइयां लेने एक होल सेलर की दुकान पर गए थे। तभी वहां एक कार पहुंची। आरोप है कि कार से उतरे पिता-पुत्र ने यश पर हमला कर दिया।

आरोप है कि हमलावर उसके कान की बाली भी छीन ले गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


रामपुर रोड पर खुदाई के चलते सड़क पर लगा जाम।

# दिन में खोदी रामपुर रोड थमी रही शहर की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● **रामपुर रोड पर सीवर लाइन की खुदाई के चलते लोग रहे परेशान**

● **नैनीताल और बरेली रोड पर पूरे दिन रेंगते रहे वाहन**

**अमृत विचार :** रविवार का दिन था और भारी संख्या में पहाड़ों का दीदार करने पहुंचे पर्यटक अपने घरों को वापसी कर रहे थे। बावजूद इसके रामपुर रोड पर दिन के समय सीवर खोदाई का काम शुरू कर दिया। इससे रामपुर रोड पर यातायात बाधित हो गया। सिर्फ रामपुर रोड पर ही नहीं, बल्कि बरेली रोड और नैनीताल रोड पर पूरे दिन यातायात बुरी तरह रेंगता रहा। काठगोदाम और कालाढूंगी रोड पर भी यातायात की स्थिति बेहतर नहीं थी।

शहर और पहाड़ी मार्गों को जाम से बचाने के लिए खास इंतजाम किए थे, लेकिन रविवार को सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। पुलिस के दावों के बीच रामपुर रोड स्थित एक गली के मुहाने पर सीवार लाइन खोदाई का काम शुरू कर दिया। इससे सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह बंद हो गया। खोदाई करने वालों ने बेरीकेड भी लगाए और यातायात को निकालने के लिए एक व्यक्ति की तैनाती भी की। हालांकि इससे बात नहीं बनी। एक ओर रोक कर दूसरे ओर के वाहन को गुजारा गया और इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई।

इधर, सिंधी चौक से हल्द्वानी कोतवाली और सिंधी चौक से मंगलपड़ाव तक वाहन पूरे दिन रेंगते रहे। यातायात को संभालने के लिए अग्रसेन चौक पर एक महिला होमगार्ड की तैनाती भी, लेकिन इतना इंतजाम नाकाफी था। काठगोदाम में भी वाहनों की रफ्तार थमी रही। इसके अलावा मुखानी चौराहा और लालडांठ से काठगोदाम जाने वाले संकरे मार्ग भी वाहनों की रफ्तार धीमी रही। एसपी ट्रैफिक डॉ.जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटक वाहनों की संख्या अधिक होने से ट्रैफिक स्लो था। दावा किया कि पुलिस की मुस्तैदी से जाम नहीं लगा।

## पत्नी को मायके छोड़कर लौटा मजदूर, जहर खाकर की खुदकुशी

**हल्द्वानी :** ऊधमसिंह नगर जिले में पत्नी को मायके छोड़कर लौटे मजदूर ने जहर खा लिया। उपचार के दौरान एसटीएच में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पटिया खटीमा निवासी सचिन नौसर पेशे से मजदूर था। घर से करीब एक किमी दूरे नौसर नगला में ससुराल था। बीती 1 मई को सचिन की ससुराल में सत्संग था। वह पत्नी को उसी दिन उसके मायके छोड़कर घर लौटा आया और जहर खा लिया। उसे पहले नजदीकी अस्पताल और फिर एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सचिन के साले ने बताया कि पति-पत्नी में कभी-कभार विवाद होते थे। पहले वह जहर खाने की बात छिपा रहा था, लेकिन बात में पता चला कि उसने जहर की गोली के चार चुकड़े किए और एक टुकड़ा खा लिया था।

सख्ती

**17 निजी स्कूलों को अतिरिक्त फीस रिफंड करने, बुकलिस्ट संशोधन, वेबसाइट अपडेट के निर्देश**

# अभिभावक बोले-अब रुकेगी निजी स्कूलों की मनमानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई से अभिभावकों में संतोष देखने को मिल रहा है।

जिले के 17 निजी स्कूलों को नोटिस जारी होने के बाद अभिभावकों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को धन्यवाद किया है। अभिभावकों का कहना है कि लंबे समय से निजी स्कूलों की ओर से मनमाने तरीके से फीस वसूली और अनावश्यक बुकलिस्ट थोपे जाने की शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने इस पर ठोस कदम उठाया है। अभिभावकों का कहना है कि इस कार्रवाई से स्कूलों की खुली लूट पर रोक लगेगी और अभिभावकों को राहत मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अतिरिक्त वसूली गई फीस की वापसी और फीस से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देशों से पारदर्शिता बढ़ेगी।

डीएम के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम की जांच में दोषी पाए जाने पर इन स्कूलों को बुकलिस्ट में संशोधन, अतिरिक्त फीस रिफंड करने और वेबसाइट पर जरूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि 15 दिनों में जरूरी कदम नहीं उठाए जाने पर संबंधित स्कूल की मान्यता तक रद्द की जा सकती है।





इस कार्यवाही से साफ पता चलता है कि अब निजी स्कूलों की मनमानी बिल्कुल नहीं चलेगी। शिक्षा को सरल और सुगम बनाना जरूरी है। सभी अभिभावक इस कार्यवाही को लेकर उत्साहित हैं। सख्त कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को बहुत धन्यवाद। - **प्रकाश चंद्र**, अभिभावक


अधिकांश निजी स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है। जिला प्रशासन की कार्यवाही से इस पर नियंत्रण होगा। अभिभावकों पर जो अनावश्यक बोझ डाल दिया गया था, उस पर लगाम लगेगी। इस तरह के निर्देशों से सभी अभिभावकों को राहत मिली है। - **कविता बिष्ट**


एनुअल फीस, मेंटेनेंस फीस के नाम पर अभिभावकों से निजी स्कूलों की ओर से की जा रही लूट पर रोक लगेगी। देर ही सही लेकिन दुरुस्त फैसला अभिभावकों के हित में आया है। पूर्व में अभिभावक संघ भी इसके लिए आवाज उठा चुका था, जिसमें आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी थी। - **कमल जोशी**, अभिभावक


पूर्व में हल्द्वानी सहित जिले के कई स्कूलों को नोटिस भेजे गए थे। जिसमें अतिरिक्त फीस, एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने, ड्रेस आदि को लेकर शिकायतें शामिल थी। अब जिला प्रशासन की कार्यवाही से अभिभावकों की उम्मीदें जगी हैं। - **विनीत टंडन**, अभिभावक

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# 12 करोड़ की कैथलैब में सीलन, सांसद सख्त

## चयन के बाद भी कार्डियोलॉजिस्ट न आने से विलंब, कैथलैब की दीवारों पर फिर से मिली सीलन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में 12 करोड़ की लागत से कैथलैब का निर्माण किया गया है। करीब डेढ़ माह पूर्व इसका परीक्षण भी किया गया था लेकिन कैथलैब अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। कार्डियोलॉजिस्ट का चयन साक्षात्कार में भी हो गया है लेकिन उसने ज्वाइनिंग नहीं की है। फिलहाल सांसद अजय भट्ट ने कैथलैब का एक बार फिर से निरीक्षण किया है।

कैथलैब में पहुंचे सांसद अजय भट्ट ने कार्यदाई संस्था मंडी परिषद को बचे हुए कामों को तेजी के साथ करने के निर्देश दिए। कहा कि इस कैथलैब के सुचारू हो जाने से कुमाऊं मंडल में स्वास्थ्य सुविधाऐं बढ़ेंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की जानकारी ली। साथ ही मौके पर कई जगह दीवारों में सीलन देखने को मिली जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और मंडी परिषद के आधिकारियों को तत्काल इसे ठीक करते हुए गुणवत्ता से कार्य करने को कहा। कहा कि यह मशीन सेंसिटिव होती है जिससे सीलन से खराब होने का भी एकदम खतरा रहता है। सांसद भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े इस महत्वपूर्ण परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल, एसटीएच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी रहे।


कैथलैब का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### डॉक्टर की तैनाती को फोन पर की बात

**हल्द्वानी :** सांसद अजय भट्ट ने मौके से ही देश में जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी यादव से भी फोन पर वार्ता की। दावा किया कि जल्दी ही डॉक्टरों की तैनाती यहां की जाएगी इससे क्षेत्रीय जनता एवं पड़ोसी राज्य को बेहतर भी हृदय रोग उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निर्माण कार्यों की निगरानी करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें।

# आईएसबीटी पूर्व में तय स्थान पर ही बनेगा: परिवहन मंत्री

- परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा शहर में एक निजी कार्यक्रम में हुए शामिल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा शनिवार को शहर पहुंचे, जहां सिख समाज और पंजाबी जनकल्याण समिति की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे।

मंत्री बत्रा ने हल्द्वानी में प्रस्तावित आईएसबीटी को लेकर कहा कि पूर्व में चिन्हित जमीन पर कार्य रुकने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोबारा बजट जारी कर जल्द ही आईएसबीटी का निर्माण कराया जाएगा, क्योंकि यह शहर की बड़ी जरूरत है। साथ ही, उन्होंने संकेत दिए कि पहले से तय स्थान पर ही आईएसबीटी बनाने पर विचार किया जा रहा है।

चारधाम यात्रा को लेकर मंत्री ने कहा कि ग्रीन कार्ड व्यवस्था से यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। राज्य सरकार और परिवहन विभाग का लक्ष्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के संचालन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा सके। कहा कि समय के साथ नई तकनीकी का प्रयाग जरूरी है।


देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय के शुभारंभ पर मौजूद पदाधिकारी।

# व्यापारी हितों के साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टीपीनगर में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्मित कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने किया। उद्घाटन के बाद संगठन की बैठक भी हुई, जिसमें व्यापारिक समस्याओं और संगठन विस्तार पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में यातायात नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली का प्रदेश सरकार की उद्योग समिति का सदस्य नामित होने पर स्वागत किया गया। साथ ही यातायात नगर इकाई के युवा अध्यक्ष मयंक जोशी को भी सम्मानित किया गया।

प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी और महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने कहा कि टीपीनगर क्षेत्र में नगर निगम की ओर से व्यापारियों की दुकानों पर लगाए जा रहे टैक्स के मुद्दे को लेकर संगठन शीघ्र ही मेयर और नगर आयुक्त से मुलाकात करेगा। इस मौके पर प्रदेश युवा प्रभारी आफताब हुसैन,

कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, आफताब हुसैन, मयंक जोशी, मोहम्मद वारसी सहित अन्य पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

## पंजीकरण और फॉर्म वितरण कार्य आज से

**हल्द्वानी :** खिलाड़ियों के लिए खेल क्षेत्र से एक अच्छी खबर है। हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम और गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए आज सोमवार से पंजीकरण और आवेदन फॉर्म वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार चयनित खिलाड़ियों को 11 माह तक नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस दौरान अनुभवी कोच खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान करेंगे। पहले यह प्रशिक्षण सत्र 15 अप्रैल से शुरू किया जाना था, लेकिन कुछ प्रशासनिक कारणों से इसमें विलंब हो गया। अब सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शूटिंग, स्विमिंग और एथलेटिक्स सहित कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना के तहत 10 से 16 वर्ष की आयु के उभरते खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंच पंजीकरण करा सकते हैं।


आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी में 'अनसुने नायक' सम्मानित, आर्ट ऑफ लिविंग के शिविर का किया आयोजन

**हल्द्वानी :** आर्ट ऑफ लिविंग ने शहर में 'अनसुने नायक पुरस्कार' समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव और संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, विशिष्ट अतिथि गजराज सिंह बिष्ट, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया सहित अनेक लोग रहे। कुमाऊं मंडल के विभिन्न जिलों से चयनित कर्मयोगियों को व्यापार, परोपकार और खेल श्रेणियों में सम्मानित किया गया। व्यापार श्रेणी में काशीपुर के रविंदर सिंह नेगी, गरुड़ के मोहन चंद्र उप्रेती, अल्मोड़ा की तत्वा होम्स प्रा. लिमिटेड, नैनीताल रेशमा टंडन के अलावा खेल उत्कृष्टता श्रेणी में बागेश्वर की गुंजन बाला, पिथौरागढ़ के हरीश राम, हल्द्वानी के मुकेश चंद्र शर्मा और अल्मोड़ा के राहुल सिंह मटेला सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर कौशल दिखाए। 'लव मूव्स द वर्ल्ड' लघु फिल्म भी दिखाई। संस्था पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग ने 182 देशों में करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के राज्य शिक्षक समन्वयक लोकेश पांडे, जितेन्द्र कुमार साहनी, धीरेन्द्र कबड़वाल, रघुवीर सिंह कालाकोटी, उद्योग भारती पांडेय, राखी पांडेय, आशीष छाबड़ा, अखिल, दीपक गुप्ता, उमा गुप्ता, विक्रम रघुवंशी, सागर, वन्दना तिवारी, कृष्णा, भगवती पांडेय रहे।

# गैस की कीमतों में वृद्धि का विरोध, पुतला फूंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रसोई गैस के बढ़ते दामों के विरोध में रविवार को बुधपार्क में उत्तराखंड क्रांति दल ने विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ताली और थाली बजाकर केंद्र सरकार को "नींद से जगाने" का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की मांग उठाई। रवि वाल्मीकि ने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में असफल रही है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट ने कहा कि व्यावसायिक गैस के दाम बढ़ने से ठेले पर खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन में शामिल सभी वक्ताओं ने एक स्वर में व्यावसायिक और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, केंद्रीय प्रवक्ता अशोक सिंह बोहरा, भुवन सिंह बिष्ट, मोहन कांडपाल, बची सिंह बिष्ट, दीपक भारती, प्रवीन जोशी, नीरज बिष्ट आदि मौजूद रहे।


व्यावसायिक गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर बुद्ध पार्क में पुतला दहन करते यूकेडी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### गैस कीमतों में बढ़ोतरी पर माले का विरोध, पुतला दहन

**लालकुआं :** गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के विरोध में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने बिंदुखत्ता काररोड चौराहे पर प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने व्यावसायिक और घरेलू गैस के दामों में वृद्धि को आम जनता पर बोझ बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। माले नेता किशन बघरी ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिसका असर सीधे आम आदमी की रसोई पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लागू किए गए श्रम कानूनों से पहले ही मजदूर वर्ग संकट में है और अब गैस कीमतों में बढ़ोतरी से उनकी परेशानियां और बढ़ेंगी। कहा कि जनआंदोलन से ही सरकार को फैसले वापस लेने पर मजबूर किया जा सकता है। इस मौके पर आनंद सिंह सिजवाली, बिमला पाल, निर्मला शाही, नैन सिंह कोरंगा, अंबा दत्त बसकेती, गोपाल गढ़िया, सुंदर सिंह रावत, हरिश्चंद्र सिंह भंडारी, महेश पांडे, चंद्रशेखर पाठक, कलोल दास, अजय पाल और कमल आदि रहे।

# राजमिस्त्री को कार ने उड़ाया, मौत

- सड़क किनारे खड़े ऑटो का इंतजार कर रहा था राजमिस्त्री
- फतेहपुर में हुई घटना, कार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र में शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े ऑटो का इंतजार कर रहे एक राजमिस्त्री को तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। राजमिस्त्री को फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मुखानी पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

मूलरूप से बहेड़ी के रहने वाले नानक चंद वर्तमान में बजुनियाहल्दू कठघरिया में रहते थे और राजमिस्त्री थे। उनके परिवार में दो बेटे हैं। बताया जाता है कि शनिवार को नानक फतेहपुर लामाचौड़ में सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे थे। वह मजदूरी कर घर लौटने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उन्हें कार ने उड़ा दिया। इसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। आनन-फानन में उन्हें उपचार के दौरान डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

### दो बाइक की भिड़ंत, मजदूरी कर लौट रहे मजदूर की मौत

**हल्द्वानी :** ऊधमसिंह नगर के दिनेशपुर में दो बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राजीव नगर लालकुआं निवासी समीर हालदार (30 वर्ष) मजदूरी करता था और यहां तीन छोटे भाई-बहनों के साथ रहता था। बीती 27 अप्रैल को वह मजदूरी करने जाफरपुर गया था। वापसी के दौरान उसकी बाइक दिनेशपुर रोड पर एक दूसरी बाइक से टकरा गई थी। हादसे में समीर के सिर पर गंभीर चोट आई। पहले उसे रुद्रपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

### रामड़ी जसुवा में पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों में आक्रोश

**हल्द्वानी :** रामड़ी जसुवा क्षेत्र में लगभग 30 दिन बाद नलकूप के ठीक होने के बावजूद रविवार सुबह एक बार फिर पानी की आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। सुबह पानी की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों ने व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी जताई। वहीं कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह लो-वोल्टेज के कारण नलकूप संचालन प्रभावित हुआ, जिसकी वजह से जलापूर्ति बाधित रही। फरहान अंसारी ने बताया कि शाम तक समस्या को दूर कर दिया गया और क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नियमित रूप से शुरू कर दी गई है।

# उत्तराखंड में खाद संकट गहराने पर यशपाल आर्य ने जताई चिंता

- खाद वितरण में अव्यवस्था व बढ़ती कीमतों पर भी नाराज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश में किसानों को हो रही खाद (उर्वरक) की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह संकट केवल खाद की कमी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके वितरण में अव्यवस्था, बढ़ती कीमतों और कमजोर प्रबंधन से भी जुड़ा हुआ है।



उन्होंने बताया कि बुवाई के अहम समय पर किसानों को यूरिया और डीएपी जैसी जरूरी खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है, जिससे फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। कई जगह कालाबाजारी और जमाखोरी के कारण कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है, जिससे किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

आर्य ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों और सरकारी केंद्रों पर लंबी कतारें, सीमित स्टॉक और अव्यवस्था से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। बढ़ती कीमतों के कारण किसानों की लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है, खासकर छोटे और सीमांत किसान अधिक प्रभावित हैं।

उन्होंने सरकार से मांग की कि समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, कालाबाजारी पर सख्ती हो और वितरण प्रणाली को डिजिटल बनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कहा कि खाद न मिलने से खेती प्रभावित होगी।

**अपराध** | पढ़ाई के साथ बाइक से डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी कर मां को पाल रहा बेटा, धनतेरस पर लोन लेकर खरीदी थी बाइक

# शातिर चोरों ने एक परिवार की रोजीरोटी का सहारा चुरा लिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** साइकिल हो या बाइक, चोरी चले जाने की घटना आम है। लेकिन संभवतः कम ही लोग यह महसूस कर पाते होंगे कि ऐसी आम समझी जाने वाली घटना में किसी परिवार की रोजीरोटी का सहारा छीन जाता है। हल्द्वानी की एक घटना में इसकी बानगी देखिए-

जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी दीपक बिष्ट ग्रेजुएशन कर रहे हैं और प्रथम सेमेस्टर के छात्र हैं। इसके साथ ही वह ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी करते हैं। मुखानी पुलिस को दीपक ने बताया कि बीती 25 जनवरी की रात करीब पौने एक बजे डिलीवरी लेकर दोनहरिया गए थे। पानी की टंकी के पास उन्होंने बाइक लॉक की और डिलीवरी देने चले गए। वापस लौटे तो बाइक गायब थी।

मामले में मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। दीपक ने बताया कि पिता का सालों पहले निधन हो गया। उनकी मां ललिता ने उन्हें बड़ी मुश्किलों से पाला, पढ़ाया और कॉलेज तक पहुंचाया। बीते वर्ष धनतेरस पर उसने अपनी मां के नाम लोन पर एक बाइक ली, ताकि अब वो मां को पाल सके। उसने ब्लिंकिट में काम शुरू किया और अच्छा कमाया।

मां का हाथ बंटाया और लोन की किस्त भी चुकाई। हालांकि अब बाइक चोरी हो चुकी है, कमाई बंद हो चुकी है और लोन की किस्त जारी है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि सीसीटीवी के जरिये चोर की शिनाख्त हो चुकी है। जल्द ही टीम बाइक के साथ चोर को भी गिरफ्तार कर लेगी।


प्रतीकात्मक एआई फोटो।

### चेहरा बांधकर आए, एक झटके में तोड़ा लॉक

**हल्द्वानी :** इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लग चुका है। ये फुटेज घटना स्थल का है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि डिलीवरी के लिए जाने से पहले दीपक ने बाइक का हैंडल लॉक किया। उनके जाते चेहरा बांधे दो लोग वहां पहुंचते हैं। एक आने-जाने वालों पर नजर रखता है और दूसरा एक झटके में बाइक का लॉक तोड़ देता है। पुलिस पहले सीसीटीवी की अन्य सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी जोड़कर चोरों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

### तीन महीने काटे चक्कर, तब दर्ज हुई एफआईआर

**हल्द्वानी :** बाइक चोरी जैसी घटनाओं में पुलिस का ढुलमुल रवैया आम बात है। दीपक की बाइक 25 जनवरी को चोरी हुई थी। इस लिहाज से घटना को 3 महीने से ज्यादा वक्त गुजर चुका है। दीपक के मुताबिक, उसने घटना की जानकारी पुलिस को तुरंत दे दी थी। उसने मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी थी। हालांकि मुकदमा अब हुआ। बहरहाल, पुलिस के लिए बाइक चोरी या चोरी के मामलों में देर से मुकदमा दर्ज करना अब आम बात हो चुकी है।


डीएम को ज्ञापन सौंपते वार्ड 27 के पार्षद रोहित।

# वार्ड 27 के पार्षद ने की सड़कें ठीक करने की मांग

**हल्द्वानी :** वार्ड 27 के पार्षद रोहित कुमार ने वार्ड में टूटी सड़कों की मरम्मत को लेकर डीएम ललित रयाल को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से पार्षद ने बताया कि वार्ड के गांधी नगर, लाइन नंबर 17, लाइन नंबर 8, राजपुरा, उत्तर उजाला की सड़कें पिछले कई महीनों से सीवर और पानी की लाइन बिछाए जाने के बाद भी क्षतिग्रस्त पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि लाइन बिछाने के बाद भी सड़कें नहीं बनाए जाने से बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने डीएम से टूटी सड़कों को शीघ्र ठीक करने की मांग की है।

# नैनीताल गुलजार, कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु

## वीकेंड पर सरोवर नगरी में उमड़े पर्यटक, भवाली-नैनीताल मार्ग पर लगा जाम, होटल व अन्य कारोबारी खुश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार नजर आई। नैनीताल घूमने आए पर्यटको ने नैनी झील में नौकायन का लुफ्त उठाया तो वहीं अधिकांश पर्यटक चिड़ियाघर,केव गार्डन, बोटैनिकल गार्डन समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार करने के लिए पहुंचे।

सुहावने मौसम और छुट्टियों का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात दबाव देखने को मिला। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अनुमान के मुताबिक करीब 20 हजार से अधिक भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

वहीं, नैनीताल-भवाली मार्ग पर पर्यटकों की गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। कई स्थानों पर वाहनों की रफ्तार थम गई, जिससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नैनीताल शहर के अंदर भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। माल रोड पर भी पर्यटकों के वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं, जिससे यातायात प्रभावित रहा। पार्किंग स्थल फुल होने के कारण कई पर्यटकों को वाहन खड़े करने में परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार, वीकेंड पर करीब 10 हजार से अधिक पर्यटक नैनीताल पहुंचे, जिससे पर्यटन कारोबार में अच्छा उछाल देखने को मिला। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य पर्यटन से जुड़े व्यवसायों में रौनक बढ़ी रही। होटल कारोबारियों ने बताया कि वीकेंड पर उन्हें बेहतर बुकिंग मिली, जिससे उनका कारोबार संतोषजनक रहा।

इतना ही नहीं, छोटे पर्यटन व्यवसाय जैसे टैक्सी चालक, फोटोग्राफर, ठेले-फड़ विक्रेता और स्थानीय दुकानदारों के कारोबार में भी वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि बढ़ती भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था और पार्किंग की समस्या एक बार फिर सामने आई है। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के लिए यह चुनौती बना हुआ है कि पर्यटन सीजन में व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए।



नैनीताल में पर्यटक स्थलों का दीदार करते पर्यटक।

**10** हजार से अधिक पर्यटकों की आमद नैनीताल में

**20** हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे कैंची धाम में



नैनीताल में रविवार को जाम मे फंसे पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार

### वीकेंड पर 20 हजार भक्तों ने किए कैंची धाम के दर्शन

कैंची धाम स्थित बाबा नीब करोरी महाराज के प्रति लगातार भक्तों की आस्था बढ़ रही है यही कारण है कि वीकेंड के मौके पर कैंची धाम आने वाले भक्तों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। रविवार को सुबह 6 बजे से मंदिर में भक्तों का पता लगना शुरू हो गया था। मंदिर प्रशासन के अनुसार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में होने वाली आरती में भक्तों ने दर्शन किए। इसके बाद मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही और देर शाम तक मंदिर आने वाले भक्तों का सिलसिला जारी रहा। 20 हजार से अधिक भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया।

### भूमियाधार से सेंटोरियम तक लगा 2 किमी लंबा जाम

वीकेंड पर कैंची धाम क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। नैनीताल के भूमियाधर क्षेत्र से लेकर सैनिटोरियम क्षेत्र तक पर्यटकों की वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। ऐसे में अल्मोड़ा, रानीखेत, पिथौरागढ़, बागेश्वर की तरफ जाने वाले का यात्री भी जाम में फंसे रहे, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि कैंची धाम आने वाले भक्तों के लिए सैनिटोरियम पार्किंग में व्यवस्था की गई थी ताकि पर्यटक अपने वाहन पार्क कर सकल सेवा के माध्यम से धाम तक जाए। इसके बावजूद भी दिनभर क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रही।

# ट्रैफिक व्यवस्था संभालने को एसएसबी जवान तैनात

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्यटन सीजन में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की भीड़ और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए प्रशासन ने एसएसबी की तैनाती कर दी है।

सप्ताहांत में भारी पर्यटक दबाव के चलते शहर और आसपास के क्षेत्रों में जाम की स्थिति बनने पर यह फैसला लिया गया है।जानकारी के अनुसार नैनीताल शहर में एसएसबी की दो प्लाटून और भवाली क्षेत्र में एक प्लाटून तैनात की गई है। जवान पुलिस के साथ मिलकर यातायात संचालन, भीड़ नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था संभालेंगे। शनिवार और रविवार को नैनीताल, कैंची धाम और भवाली क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। कई प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लगने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

एसएसपी डॉ मंजू नाथ टीसी ने बताया कि पर्यटन सीजन में बढ़ते दबाव को देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। एसएसबी जवानों को प्रमुख चौराहों, पार्किंग स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाया गया है, ताकि यातायात को सुचारू रखा जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार यातायात व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रही है और जरूरत पड़ने पर डायवर्जन प्लान भी लागू किया जा रहा है। पर्यटकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।



नैनीताल में ट्रैफिक व्यवस्था संभालते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### महिला को लौटाया खोया मोबाइल

**नैनीताल :** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में ड्यूटी में तैनात सीपीयू पुलिस टीम ने एक महिला पर्यटक को उसका खोया हुआ मोबाइल फोन वापस लौटाया। जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक दीवान सिंह मेहरा एवं कांस्टेबल रोहित सिंह को रविवार को ड्यूटी के दौरान एक सैमसंग मोबाइल फोन (करीब 25000 रुपये कीमत) मिला। मोबाइल के कवर में 1500 रूपये व आधार कार्ड भी था। पुलिस कर्मियों ने आधार कार्ड के माध्यम से संबंधित महिला व परिजनों से संपर्क स्थापित किया। महिला को मौके पर बुलाकर मोबाइल फोन, नगद धनराशि एवं आधार कार्ड सकुशल सुपुर्द किया। महिला ने सीपीयू का आभार व्यक्त किया।

### गिरकर युवक की मौत सुसाइड की अफवाह

**बरेली :** पंखा सही करते समय युवक की गिरने से मौत हो गई। वहीं गली में शोर मच गया कि युवक ने फांसी लगाई है। बारादरी क्षेत्र के सिकलापुर निवासी आनंद (35) शनिवार देर रात घर में पंखा ठीक कर रहे थे। इसी बीच वह पंखा समेत नीचे गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उन्हें पास के अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मोहल्ले में अफवाह फैल गई की आनंद ने फांसी लगा ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आनंद की मौत का कारण सिर में गंभीर चोट लगना बताया गया है। परिजनों का कहना है कि आनंद फर्नीचर का काम करते थे।

# कॉर्बेट के ढेला रेंज रेस्क्यू सेंटर में वृद्ध नर बाघ की मौत, शव जलाया

- 20 साल थी उम्र, अधिक उम्र होना माना जा रहा है मौत का कारण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक वृद्ध नर बाघ की मौत हो गई। बाघ की उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी गई है। वन अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया उसकी मौत का कारण वृद्धावस्था माना जा रहा है।

ढेला रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हरबोला ने बताया कि उक्त नर बाघ को 15 नवंबर 2019 को ढिकाला रेंज से रेस्क्यू कर नैनीताल जू भेजा गया था। बाद में 20 अप्रैल 2021 को उसे नैनीताल जू से ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में स्थानांतरित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में वृद्धावस्था के चलते बाघ में ट्यूमर की समस्या सामने आई थी, जिसका सफल ऑपरेशन भी किया गया था। बावजूद इसके उसकी सेहत लगातार गिरती रही।

रविवार को पशु चिकित्सकों की टीम ने बाघ का पोस्टमार्टम किया। यह प्रक्रिया वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा और डॉ. हिमांशु पांगती की देखरेख में गठित पैनल द्वारा संपन्न कराई गई। पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार बाघ के शव को मौके पर ही जला दिया गया। इस दौरान कॉर्बेट के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, एसडीओ अमित कुमार, रेंजर भानु प्रकाश हरबोला समेत अन्य वनकर्मी मौजूद रहे।



बाघ के शव को जलाकर नष्ट करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

## गैस कीमतों में वृद्धि से व्यापारी परेशान



**भीमताल :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड (नैनीताल) के सह प्रभारी कुमाऊं मंडल अखिलेश सेमवाल ने रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और अनियमित आपूर्ति पर चिंता जताई है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि वर्तमान में गैस की उपलब्धता समय पर नहीं हो पा रही है, जिससे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गैस के दाम लगातार बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। इसके चलते व्यापारी मेन्यू के दाम बढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ेगा और कारोबार प्रभावित होगा। सेमवाल ने सरकार से गैस आपूर्ति सुचारू करने और कीमतों पर नियंत्रण की मांग की है।

# गौलापार में बनाया जाएगा निजी बसों का स्टैंड

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में बाहरी राज्यों के निजी बस ऑपरेटरों की मनमानी पर अब लगाम कसती नजर आ रही है। अमृत विचार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद परिवहन विभाग ने अवैध बस अड्डों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

विभाग ने बाहरी राज्यों के सभी निजी ऑपरेटरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सड़क किनारे अवैध रूप से बसें खड़ी कर संचालन करने के बजाय अपने निजी बस स्टैंड विकसित करें। प्रवर्तन कार्रवाई तेज होने और सख्ती बढ़ने के बाद अब ऑपरेटरों ने गौलापार में निजी बस स्टैंड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।माना जा रहा है कि निजी स्टैंड बनने के बाद शहर में बसों के कारण लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी। साथ ही लंबे समय से चली आ रही डग्गामारी पर भी अंकुश लगेगा।

उल्लेखनीय है कि शहर में दो-दो बस अड्डे होने के बावजूद मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, नागालैंड, असम और बिहार समेत कई राज्यों के निजी ऑपरेटरों ने सड़क किनारे अवैध अड्डे बना लिए थे। बरेली रोड स्थित होंडा शोरूम तिराहे से सबसे अधिक बसों का संचालन हो रहा था, जिससे क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इसके अलावा रामपुर रोड, शीशमहल और रोडवेज स्टेशन के आसपास भी बसों में सवारियां भरी जा रही थीं। अमृत विचार अखबार की ओर से इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद परिवहन विभाग ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की।

आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे ने बताया कि सभी निजी ऑपरेटरों को निर्धारित समय सीमा में तय स्थान पर अपने निजी बस स्टैंड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डग्गामारी करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है।

### हल्द्वानी में मप्र, आंध्र व बिहार वालों के अवैध बस अड्डे बने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में दो-दो बस अड्डे हैं, बावजूद इसके मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, नागालैंड, असम और बिहार समेत कई राज्यों के कारोबारियों ने यहां निजी बस अड्डा खोल दिया है। ये बस अड्डा बरेली रोड स्थित होंडा शोरूम तिराहे पर खुला है। ऑनलाइन बुकिंग के जरिये यहां से हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटकों को कई प्रदेशों तक ले जाया जाता है। बड़ी बात यह है कि यह



टीपी नगर चौराहे पर बाहरी राज्यों की बसों की लंबी कतार।

**बस अड्डे की आड़ में पनप रहा नया बाजार**

# सम्मेलन में मानसिक रोगों के उपचार पर किया मंथन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** ग्राम ढेला स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित हिमालयन साइकियाट्रिक सोसायटी के राज्य स्तरीय मनोचिकित्सा सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गहन मंथन किया गया। सम्मेलन में राज्यभर से आए चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने आमजन के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन का मुख्य विषय न्यूरोमॉड्यूलेशन, स्लीप मेडिसिन और सेक्सुअल हेल्थ रहा। आयोजन में 300 से अधिक मनोचिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिसे राज्य में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। मुख्य अतिथि इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. टीएसएस राव ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल शैक्षणिक रूप से समृद्ध है, बल्कि राज्य स्तर पर एक प्रेरणादायक प्रयास भी है। वहीं राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण मारवाले ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. शोभित गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. प्रियरणजन अविनाश और सचिव डॉ. विशाल धीमान के नेतृत्व में हुआ। आयोजन सचिव डॉ. सिद्धार्थ माथुर और आयोजन अध्यक्ष डॉ. मनोज त्रिवेदी की इसमें अहम भूमिका रही। विशेषज्ञों ने नवीन चिकित्सा तकनीकों व उपचार पद्धतियों पर भी जानकारी साझा की।

# कालाढूंगी में 165 मरीजों की जांच



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** पूर्व राज्यमंत्री एवं भाजपा नेता महेश शर्मा की ओर से रविवार को नगर के रामलीला मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 165 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

शिविर में पीएसपी हॉस्पिटल हल्द्वानी के न्यूरोसर्जन डॉ. अनिल देवल, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कपिन्दर, सर्जन डॉ. अभिनव, फिजिशियन डॉ. विशाल और आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. आनंद मिश्रा ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, महिला एवं बाल रोगों की भी जांच की गई।

रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष नवनीत राणा के सहयोग से जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं लायंस क्लब की अध्यक्ष तनुजा जोशी, शालिनी गुप्ता और उषा मुकेश ने शिविर संचालन में सहयोग दिया। आयोजक महेश शर्मा ने बताया कि आधुनिक मशीनों से मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रेखा कत्यूरा, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल समेत कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग रहे।

## दो माह पहले विवाह विवाहिता की मौत

**बरेली :** दो माह पहले प्रेम विवाह करने वाली युवती की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला ने फांसी लगाई है।

सुभाषनगर के नेकपुर की रहने वाली शालिनी ने सिटी सब्जी मंडी के पास रहने वाले अक्षय दीप से दो माह पहले प्रेम विवाह किया था। शालिनी के भाई सनी ने बताया कि शनिवार को अक्षय दीप ने फोन कर बताया कि शालिनी की तबीयत खराब है। जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो शालिनी का शव जमीन पर पड़ा था। सनी का आरोप है की शादी के बाद से ही ससुरालवाले कार की मांग कर रहे थे।

मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उनकी बहन की हत्या की है।

# सफाई अभियान चलाने के बाद डाल गए कूड़ा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल के मल्लीताल क्षेत्र में चलाए गए सफाई अभियान के बाद कूड़ा फैलने का मामला सामने आया है। अभियान में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया था, लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रिफ्रेशमेंट की खाली पेटियां और फलों के छिलके वहीं छोड़ दिए गए।

इस दौरान मौके से गुजर रहे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र चुनौतिया ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान सराहनीय पहल है, लेकिन इसके बाद स्वयं कूड़ा फैलाना गलत संदेश देता है। उन्होंने इस मामले की जानकारी नगर पालिका भीमताल को देकर कूड़ा हटाने की मांग की। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अनावश्यक रूप से अन्य कार्य कराए जा रहे हैं, जो अनुचित है। उन्होंने संबंधित विभाग से इस मामले में संज्ञान लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बेवजह परेशान न करने की अपील की।



सफाई अभियान के बाद फैला कूड़ा।

**संगीत संध्या**

## हुड़का वादन व जागर के बीच प्रभावशाली प्रस्तुति से हुई समारोह की शुरुआत, जुटे कवि और रंगकर्मी

# अभी तुम्हारे अंतर्मन को छुआ नहीं, छू लूंगा तब गीत लिखूंगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वाणिकी प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ रंगकर्मी और कवि डॉ. डीएन भट्ट के काव्य संग्रह ''मैं चांद तुम'' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कवि सम्मेलन के साथ-साथ संगीत संध्या का भी आयोजन किया गया। जिसमें गायक व संगीतकार ने हरीश जोशी ने पुस्तक की गजलें अभी तुम्हारे अंतर्मन को छुआ नहीं, छू लूंगा तब गीत लिखूंगा, कोई दिलकश बहाना चाहता हूं मैं तुझसे दूर जाना चाहता हूं करेगा प्यार मेरे यार आदमी है अगर, जख्म जितने भी है संभाल के रख दर्द जिसने भी दिए पाल के रख की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लालकुआं के विधायक मोहन सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उनके साथ भाजपा नैनीताल के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, सीसीआरटी के पूर्व निदेशक गिरीश चंद्र जोशी, वरिष्ठ रंगकर्मी श्रीष डोभाल व शैलनट के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमंत बिष्ट ने किया। समारोह की शुरुआत दीवान बोरा और मोहन जोशी द्वारा हुड़का वादन एवं जागर की प्रभावशाली प्रस्तुति से हुई, वहीं भास्कर भौर्याल ने कुमाऊँनी बिणाई का आकर्षक प्रदर्शन किया। काव्य संग्रह पर आधारित रचनाओं को संगीतबद्ध करते हुए डॉ. हरीश जोशी ने मनमोहक गजलें प्रस्तुत कीं, जिनमें तबले पर आनंद बिष्ट ने संगत दी। इसके साथ ही आयोजित काव्य गोष्ठी में नई दिल्ली से संदीप शजर, बोकारो से डॉ. रजनी प्रिया सहित महेश शर्मा, राजकुमार भंडारी, डॉ. शशि जोशी और भुवनेश विराट ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के अंत में सभी संस्कृति कर्मियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. डीएन भट्ट ने बताया कि उनकी पुस्तक का प्रकाशन उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा किया गया है और इसके लिए उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विवेक पांडे, गौरी शंकर कांडपाल, पार्षद मनोज जोशी, पुष्पेश सांगा, केदार पलड़िया रहे।



विमोचन समारोह में शामिल हुए लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट। ● अमृत विचार

# आरटीआई के जवाब में लाखों की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उद्यान विभाग में दायर एक आरटीआई आवेदन ने पारदर्शिता के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हल्द्वानी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत सिंह गौनिया द्वारा 10 रुपये की फीस के साथ मांगी गई जानकारी अब हजारों-लाखों रुपये के शुल्क में उलझ गई है।

गौनिया ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पिछले 10 वर्षों के बजट, खर्च, योजनाओं, खरीद, ऑडिट और अनियमितताओं से संबंधित जानकारी मांगी थी। यह आवेदन राज्य के सभी 13 जिलों के उद्यान अधिकारियों को भेजा गया था। अब तक पिथौरागढ़, कोटद्वार (गढ़वाल) और उत्तरकाशी से जवाब मिले हैं, लेकिन सूचना देने के बजाय भारी शुल्क की मांग की गई है। पिथौरागढ़ ने 4,941 पन्नों के लिए 9,882 रुपये, कोटद्वार ने 13,096 पन्नों के लिए 26,192 रुपये और उत्तरकाशी ने 1,28,713 पन्नों के लिए 2,60,792 रुपये जमा करने को कहा है।

आरटीआई कार्यकर्ता का आरोप है कि विभाग जानबूझकर इतनी बड़ी मात्रा में दस्तावेज दिखाकर शुल्क बढ़ा रहा है, ताकि सूचना देने से बचा जा सके। अब बाकी जिलों के जवाब का इंतजार है। यदि उनका रवैया भी ऐसा ही रहा, तो सूचना प्राप्त करना आम नागरिक के लिए और मुश्किल हो सकता है। अब शेष जिलों की प्रतिक्रिया का इंतजार है। यदि उनका रुख भी ऐसा ही रहा, तो आम नागरिकों के लिए सूचना प्राप्त करना और अधिक कठिन हो सकता है।

### 30 दिनों में सूचना देना अनिवार्य

**हल्द्वानी :** हेमंत गौनिया का कहना है कि 30 दिनों में सूचना देना अनिवार्य है। कानून यह भी कहता है कि कई सूचनाएं पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होनी चाहिए। इसके बावजूद हजारों-लाखों पृष्ठों का हवाला देकर भारी-भरकम शुल्क मांगना पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। डिजिटल युग में भी विभाग द्वारा ईमेल या सीडी जैसे विकल्प न देना भी सवालों के घेरे में है। हेमंत ने अब पूरे मामले में प्रथम अपील दायर कर की है। अपील में कहा गया है कि सूचना निशुल्क उपलब्ध कराई जाए और लगाए गए भारी शुल्क को निरस्त किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की जाए।

## सिटी ब्रीफ

### भवन का निर्माण रुकवाने का आरोप

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर के वार्ड-31 ईश्वर कॉलोनी में एक मकान निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। वार्ड-37 दरियानगर निवासी इमरान अंसारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 3 मई को जब वे अपने रजिस्ट्रीशुदा प्लॉट पर मकान का निर्माण शुरू कर रहे थे, तो पार्षद पति सचिन मुंजाल और कुछ स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। वहीं, पार्षद पति सचिन मुंजाल ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि उन्हें किसी निर्माण से आपत्ति नहीं है, बल्कि कुछ स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे, जिन्हें समझाने के लिए वे मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### पत्रकार सुशील चौहान का हृदय गति रुकने से निधन

**जसपुर :** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार सुशील चौहान (55) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मोहल्ला चौहानान निवासी सुशील चौहान की शनिवार देर रात तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर विधायक आदेश चौहान, शैलेंद्र गहलौत, आदित्य चौहान, गजेंद्र सिंह, मोइनुद्दीन, इख्तियार बब्लू, नईम प्रधान, नौशाद सम्राट, आफताब आलम सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## गांधी पार्क में की सभा, बोले-कर्मचारियों के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली का मुद्दा उठाते हुए नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़े कर्मचारियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। प्रांतीय आह्वान पर जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में कर्मचारी गांधी पार्क में इकट्ठा हुए और विरोध रैली निकाली। उनका कहना था कि जिस प्रकार डबल इंजन की सरकार पेंशन को लेकर भेदभाव कर रही है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



रुद्रपुर में विरोध रैली निकालते पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के सरकारी कर्मचारी। ● अमृत विचार

रविवार को जिला संरक्षक हुकुम सिंह नयाल और जिलाध्यक्ष डीपी सिंह की मौजूदगी में जिले भर से बड़ी संख्या में कर्मचारी गांधी पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विरोध रैली निकाली, जो पुनः गांधी पार्क में आकर समाप्त हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा होती है और सेवानिवृत्ति के बाद एक सम्मानजनक आय सुनिश्चित करती है। इससे बुजुर्ग अपनी जीविका सुचारु रूप से चला सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत रखा गया है। एनपीएस में पुरानी पेंशन की तरह अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत और महंगाई भत्ता सुनिश्चित नहीं होता, बल्कि यह बाजार आधारित प्रणाली पर निर्भर करता है। इसके कारण कर्मचारियों को बुढ़ापे में आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

कर्मचारियों ने कहा कि इसी कारण पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कर्मचारी अपने सम्मान की रक्षा के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन भी करेंगे। इस मौके पर बीएन बेलवाल, अमरदीप सिंह चौधरी, विशाल अग्रवाल, तरुण कालरा, देवराज सिंह, जुल्फिकार अली, दिनेश चौहान, जमुना पटवाल, रेखा सती, रेनु आर्या, ममता चौहान, राहुल कुमार, गीता रानी आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**रुद्रपुरः** युवती द्वारा ओवरब्रिज से कूदकर जान देने के हाई प्रोफाइल ड्रामा प्रकरण में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को सामने बैठाया। उस वक्त युवती मुकदमा दर्ज नहीं करने से मना कर दिया लेकिर फिर देर रात्रि को प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया।

बताते चलें कि शनिवार की दोपहर को गांधी कॉलोनी की रहने वाली नकाबपोश युवती काशीपुर फ्लाईओवर ओवरब्रिज पर से कूदकर अपनी जान देने की बात कर रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को समझाया और कोतवाली लाकर प्रेमी से आमना-सामना करवाया। जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही। तो युवती ने इंकार कर दिया और महज शादी करने पर हामी भरी। मामले में सीओ सदर प्रशांत कुमार ने भी अपना बयान प्रसारित किया। जिस में युवती द्वारा ही मुकदमा दर्ज नहीं करने की बात कही गई। बावजूद इसके पुलिस ने गांधी कॉलोनी के रहने वाले बंटी नाम के युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सोमवार को अभियुक्त को न्यायालय में पेश करेगी।

# मासूम बच्चियों पर टिप्पणी से भड़के सिख समाज के लोग


पुलिस चौकी में कार्रवाई की मांग करते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर तीन गरीब नाबालिग बच्चियों के खिलाफ अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से नाराज सिख समुदाय ने आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी में विरोध जताया और अशोक नामक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सिख सेंट्रल कमेटी का कहना है कि आरोपी द्वारा की गई टिप्पणी निंदनीय और अमानवीय है, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को सोशल मीडिया पर तीन गरीब बच्चियों का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए लोगों से मदद की अपील की गई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति, जिसका नाम अशोक बताया जा रहा है, ने सहायता करने के बजाय बच्चियों के प्रति अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले की जानकारी मिलते ही शनिवार रात गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी के जनरल सेक्रेटरी प्रीतपाल सिंह के नेतृत्व में सिख समुदाय के लोग आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी पहुंचे और विरोध जताया। उन्होंने पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। कमेटी के पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि कोई भी किसी की गरीबी का मजाक न उड़ाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मीना शर्मा ने विधायक के साथ किया रोड शो

● बोली मीना, भाजपा में है महिला का सम्मान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष रहीं मीना शर्मा के देहरादून में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद रविवार को शहर लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक के साथ उन्होंने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन भी किया। मीना शर्मा ने कहा कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान है और उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधी पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक रूप से सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि वह हर चुनावी मैदान में ठुकराल का सामना करेंगी।


रुद्रपुर में भाजपा नेत्री मीना शर्मा के साथ रोड शो करते विधायक। ● अमृत विचार

गौरतलब है कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की एक कथित अमर्यादित ऑडियो वायरल होने के बाद मीना शर्मा और उनके बीच राजनीतिक विवाद गहरा गया था। इसके बाद कांग्रेस नेत्री ने ठुकराल के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। बाद में ठुकराल ने भी कांग्रेस में वापसी करते हुए प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इसी राजनीतिक घटनाक्रम के बीच मीना शर्मा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने पहल करते हुए उन्हें भाजपा में शामिल कराया।

शनिवार को देहरादून में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। रविवार को विधायक के साथ मीना शर्मा गल्ला मंडी पहुंचीं, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद गाड़ियों के काफिले के साथ रोड शो निकाला गया।

मीना शर्मा ने कहा कि भाजपा ही महिलाओं को सम्मान देने वाली पार्टी है और पार्टी ने महिला नेताओं के खिलाफ टिप्पणी के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है।

## खेत की मेड़ को लेकर भिड़े दो परिवार, केस

**सितारगंज :** खेत की मेड़ काटने को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हो गई। गांव करघटिया निवासी मंजीत कौर ने बताया कि 1 मई को वह अपने पति जसवीर सिंह और बेटे गुरदीप सिंह के साथ खेत में काम कर रही थीं। तभी उसी के गांव निवासी जगीर सिंह, सुखदेव सिंह और गुरमीत कौर ने उसके पति व बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, जगीर सिंह ने बताया कि 1 मई को आरोपी जसवीर सिंह ने जेसीबी से उसके खेत की मेड़ को काट दिया। जब उसके बेटे सुखदेव सिंह ने इसका विरोध किया तो जसवीर सिंह, गुरदीप सिंह, मंजीत कौर और असमीत कौर ने लाठी-डंडों व फावड़े से उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों परिवारों के सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# युवक ने चलाई गोली, बाल-बाल बचे लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जनपद में अवैध हथियार लहराने और मामूली विवाद में गोलीबारी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली क्षेत्र की रंपुरा बस्ती से सामने आया है, जहां शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली मिस हो गई और कोई हताहत नहीं हुआ, वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

बताया जा रहा है कि रंपुरा, वार्ड-23 में पड़ोसी युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि शनिवार देर रात करीब 11 बजे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान कुछ लोग पत्थरबाजी करते दिखे, तो कुछ लाठी-डंडों से हमला करते नजर आए। इसी बीच एक युवक घर के अंदर गया और तमंचा निकालकर लहराने लगा। उसने आवेश में आकर दूसरे पक्ष की ओर फायर कर दिया, लेकिन गोली मिस हो गई। इसके बाद युवक दोबारा तमंचा लोड करने की कोशिश कर रहा था, तभी एक महिला ने उसे रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### आपसी रंजिश के चलते घर पर फायरिंग, परिवार में दहशत

**सितारगंज :** आपसी रंजिश के चलते घर पर अंधाधुंध फायरिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जनता फार्म, गौरीखेड़ा निवासी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि दो-तीन माह पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर उनके बेटे जसनदीप सिंह की दड़हा फार्म निवासी लवप्रीत सिंह उर्फ लवी से कहासुनी हो गई थी। उस दौरान आरोपी ने उसके बेटे को देख लेने की धमकी दी थी। आरोप है कि 1 मई की रात करीब साढ़े दस बजे उनका बेटा घर के आंगन में टहल रहा था, तभी लवप्रीत सिंह उर्फ लवी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उनके घर पहुंचा और गेट के बाहर से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने तीन गोलियां गेट पर दागीं और हवाई फायरिंग भी की। गोलियों की आवाज सुनकर सुरेंद्र पाल सिंह और उनकी पत्नी पलविंदर कौर छत पर पहुंचे, जहां से उन्होंने दोनों आरोपियों को मौके से भागते हुए देखा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनके बेटे को जान से मारने की नीयत से आए थे। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने लवप्रीत सिंह सहित दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### पंतनगर में शांतिपूर्वक निपटी नीट प्रवेश परीक्षा

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में रविवार को एनसीटी एवं ओसीटी दो केंद्रों पर आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा प्रदेश के पांच केंद्रों उत्तरकाशी, नई टिहरी, चमोली और पंतनगर के दो केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस परीक्षा में एनसीटी केंद्र पर 552 और ओसीटी केंद्र पर 600, कुल 1152 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें से क्रमश: 22 और 16 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि कुल 1114 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। केंद्रों पर प्रवेश के दौरान सघन तलाशी ली गई और किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई, जिससे पूरे समय व्यवस्था सुचारु बनी रही।

# बेहड़ ने 7 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से निर्मित दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने ग्राम भमरोला स्थित डायनेमिक कॉलोनी के मंदिर में 5 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यकरण कार्य तथा ग्राम लालपुर के गंगोत्री विहार कॉलोनी में 2.01 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में कराए गए विकास कार्य का लोकार्पण किया।


किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

डायनेमिक कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने जोरदार आतिशबाजी करते हुए ढोल-नगाड़ों के बीच विधायक बेहड़ का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा कि जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं और लालपुर क्षेत्र में मंदिरों के शेष सौंदर्यकरण कार्य तथा अन्य विकास योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में इन कार्यों को और गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः विकास की निरंतरता बनाए रखने के लिए सहयोग एवं आशीर्वाद की जनता से अपील की। मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान राजेंद्र दास, प्रधान विकास गंभीर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, अजीत सचदेवा, मदन मोहन शर्मा, लखविंदर सिंह, गुरदास कालरा, सर्वेश सिंह, जियाउल अहमद आदि मौजूद रहे। विधायक बेहड़ ने नगर स्थित सत्य पथ धाम का निरीक्षण करते हुए शमशान घाट के सौंदर्यकरण को लेकर कमेटी पदाधिकारियों से वार्ता की। मौके पर किशन गोयल, राकेश खुराना, दिनेश भाटिया आदि मौजूद रहे।

# कंपनी में काम दिलाने के नाम पर 4.44 लाख रुपये की ठगी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** डिलीवरी कंपनी में काम दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.44 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मीना बाजार निवासी केसरी इंटरप्राइजेज के स्वामी पीयूष अग्रवाल ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को गुड़गांव स्थित देहलीवरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के प्रतिनिधि राजीव शुक्ला से व्यापार के संबंध में बातचीत हुई थी। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग बहानों से उनसे कुल 4.44 लाख रुपये वसूल किए। आरोप है कि 12 मार्च को पंजीकरण शुल्क के नाम पर 45 हजार रुपये, 17 मार्च को जमानत राशि के नाम पर 2 लाख रुपये, 4 अप्रैल को कॉर्पोरेट पंजीकरण आईडी शुल्क के नाम पर 1.49 लाख रुपये और 13 अप्रैल को फायर सेफ्टी एनओसी के नाम पर 50 हजार रुपये विभिन्न खातों में जमा कराए गए। राशि जमा कराने के बाद जब आरोपी से संपर्क नहीं हो सका, तो पीड़ित 14 अप्रैल को बताए गए पते पर गुड़गांव पहुंचे। वहां जाकर पता चला कि जिस कंपनी का नाम बताया गया था, वैसी कोई कंपनी मौजूद ही नहीं है। वास्तविक देहलीवरी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने भी इस तरह की किसी प्रक्रिया या व्यक्ति से संबंध होने से इनकार किया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्रवाई | ढाई करोड़ की नशीली दवाएं बरामद, एसएसपी ने जारी किया एक माह की कार्रवाई का डाटा

# एक माह में नशे के 68 सौदागर गिरफ्तार

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जनपद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक माह में 68 नशा माफियाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करोड़ों रुपये मूल्य की नशीली सामग्री भी बरामद की है। एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि उत्तराखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एसएसपी अजय गणपति कुंभार के अनुसार पिछले एक माह में नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए जनपद पुलिस ने 581.4 किलोग्राम गांजा, 1.058 किलोग्राम चरस, 714.96 ग्राम स्मैक, 56 नशीले इंजेक्शन, 227 नशीली गोलियां बरामद कर चुकी है और 68 नशा माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। मुहिम के तहत जिले में 55 मुकदमे भी पंजीकृत किये गए है। जिसमें जसपुर ने सात मुकदमे, आठ अभियुक्त को गिरफ्तार करने के साथ ही 1.973 किलोग्राम गांजा, 41.29 ग्राम स्मैक, 36 नशीले इंजेक्शन बरामद किए। कोतवाली कुण्डा में चार अभियुक्त गिरफ्तार, 10.51 ग्राम स्मैक, कोतवाली काशीपुर ने सात अभियुक्त गिरफ्तार, 7.1 किलो गांजा, 0.095 किलो चरस, 8.88 ग्राम स्मैक, कोतवाली आईटीआई में पांच अभियुक्त, 4.27 किलो गांजा, 106 ग्राम स्मैक, बाजपुर में पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर 7.234 किलो गांजा, 19.62 ग्राम स्मैक, केलाखेड़ा में तीन अभियुक्त,आठ ग्राम स्मैक, गदरपुर में एक अभियुक्त, 0.219 किलो चरस,थाना दिनेशपुर में एक अभियुक्त 3.45 ग्राम स्मैक, पंतनगर में दो अभियुक्त, 13.93 ग्राम स्मैक, 35 नशीली गोलियां, ट्रांजिटकैंप में दो अभियुक्त, 161.51 ग्राम स्मैक, छह नशीले इजेक्शन, रुद्रपुर में सात अभियुक्त, 560.8 किलो गांजा, 106.9 ग्राम स्मैक, 192 नशीली गोलियां, किच्छा में तीन अभियुक्त, 0.111 किलो चरस, 133 ग्राम स्मैक, 14 नशीले इंजेक्शन, पुलभट्टा द्वारा दो अभियुक्त, 0.114 किलो चरस, 3.83 ग्राम स्मैक, सितारगंज में छह अभियुक्त, 29.38 ग्राम स्मैक, नानकमत्ता में पांच अभियुक्त से 49.96 ग्राम स्मैक, खटीमा में छह अभियुक्त से 0.519 किलो चरस, 15.26 ग्राम स्मैक, झनकईया में एक अभियुक्त से 3.44 ग्राम स्मैक बरामद की है। एसएसपी ने साफ संकेत दिये है कि जिले में नशा माफियाओं को पनपने नहीं दिया जाएंगा।


एसएसपी अजय गणपति कुंभार।

## दो बैंक खातों से उड़ाए 1.78 लाख रुपये, केस

**सितारगंजः** वार्ड नंबर 10 निवासी मनप्रीत सिंह के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें उनके दो बैंक खातों से कुल 1.78 लाख रुपये निकाल लिए गए। 1 मई की शाम उनके मोबाइल पर अचानक संदिग्ध मैसेज आने लगे, जिसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक हेल्पलाइन से संपर्क कर दोनों खाते ब्लॉक करा दिए। अगले दिन बैंक शाखाओं में जांच कराने पर ठगी का खुलासा हुआ। बंधन बैंक खाते से शाम करीब 7:27 बजे 50 हजार रुपये और बाद में तीन किश्तों में 10-10 हजार रुपये निकाले गए, जिससे कुल 80 हजार रुपये की निकासी हुई। वहीं उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक खाते से उसी दिन करीब 7:20 बजे 98 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 106 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत पुलभट्टा थाना पुलिस एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 106.15 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक धीरज वर्मा, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, भुवन पांडे एवं कांस्टेबल विनोद खत्री सहित एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी के निर्देशन में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने इस्लामनगर, वार्ड नंबर 4, सितारगंज निवासी आरोपी आकिल को थाना क्षेत्र से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी से बरामद स्मैक को जब्त कर लिया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच शुरू कर दी है। साथ ही नशे के इस कारोबार में जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है और नशे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



पुलभट्टा थाना पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्करी का आरोपी। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**काशीपुर :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद निवासी आकाश कुमार और गौरव बाइक से रामनगर की ओर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीरूमदारा के पास उनकी बाइक कार की चपेट में आ गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, दोनों घायलों की जांघ की हड्डी टूट गई है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से दो की हालत बिगड़ी

**काशीपुर :** अलग-अलग क्षेत्रों में एक किशोरी और एक युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है। दोनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, सैनिक कॉलोनी निवासी एक किशोरी और रुद्रपुर निवासी एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजनों ने तुरंत दोनों को एल.डी. भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### पुलिस ने छह वारंटियों को किया गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली काशीपुर पुलिस ने अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर रविवार को छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट, शस्त्र अधिनियम और दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दीपक निवासी मोहल्ला बासफौड़ान, बब्लू निवासी मोहल्ला महेशपुरा, मलखान सिंह सैनी निवासी कचनालगाजी, मुकेश कुमार निवासी गड्ढा कॉलोनी, मलकीत सिंह निवासी मानपुर रोड, दौलत राम उर्फ मुन्ने निवासी ढकिया गुलाबो को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार वारंटियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### काशीपुर में दो सेंटरों पर हुई नीट की परीक्षा

**काशीपुर :** काशीपुर में नीट की परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्रीय विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र में 528 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दूसरा केंद्र भारतीय प्रबंध संस्थान काशीपुर में बनाया गया। केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु बाला ने बताया कि परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### एक घंटे की देरी से पहुंची कासगंज-रामनगर पैसेंजर ट्रेन

**काशीपुर :** रेलवे लाइन पर चल रहे निर्माण कार्य चलते कासगंज-रामनगर पैसेंजर ट्रेन शनिवार रात को एक घंटे लेट काशीपुर पहुंची। ट्रेन के लेट होने से यात्रियों परेशानी उठानी पड़ी। कासगंज से रामनगर को आने वाली ट्रेन संख्या 55307 का काशीपुर स्टेशन पर पहुंचने का समय रात 9.30 बजे था। बताया जा रहा है कि रेलवे लाइन पर मरम्मत करने का काम शनिवार को चल रहा था। इसी के चलते ट्रेन लेट हो गई और रात करीब 10.35 पर काशीपुर स्टेशन पर पहुंची। करीब एक घंटे तक रेल में बैठे रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# शराब में जहर मिलाकर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

## दोनों ने मिलकर नहर में फेंका शव, एसडीआरएफ की मदद से पुलिस ने किया बरामद

- आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक महिला द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को शराब में जहर मिलाकर उसकी हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हत्या के बाद आरोपी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति का शव नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीआरएफ की मदद से शव भी बरामद कर लिया गया है।

रविवार को घटनाक्रम का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि ग्राम खानपुर उत्तरी मझरा रज्जावाला, थाना स्वार, जिला रामपुर (यूपी) निवासी चंद्रवती पत्नी रामप्रसाद ने 1 मई को आईटीआई कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपी थी। इसमें बताया गया था कि उसका बेटा कुलवंत सिंह 25 अप्रैल को घर से अपनी पत्नी गुड्डी के पास ग्राम बांसखेड़ा, काशीपुर जाने की बात कहकर गया था। जिसके बाद से



काशीपुर में नहर में शव की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**टीम में ये रहे शामिल**

पुलिस टीम में आईटीआई कोतवाली प्रभारी रवि कुमार, एसओजी प्रभारी सुनील सुतेड़ी, एसएसआई अरविंद बहुगुणा, एसआई जसविंदर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

वह लापता था।

परिजनों ने जब पुत्रवधू गुड्डी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह शाम को ही अपने घर जाने की बात कहकर चला गया था। जांच में सामने आया कि उसी दिन पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई थी। इस पर आईटीआई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पैगा पुलिस चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह को सौंपी थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुलवंत सिंह की पत्नी गुड्डी का आचरण संदिग्ध है और उसका मसवासी, थाना स्वार, जिला रामपुर निवासी कपिल मौर्या उर्फ राहुल मौर्या से प्रेम प्रसंग है। मोबाइल सर्विलांस से भी पुष्टि हुई कि 25 अप्रैल को दोनों ग्राम बांसखेड़ा क्षेत्र में मौजूद थे। इसके बाद पुलिस ने गुड्डी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। महिला ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी था और उसे प्रताड़ित करता था। इससे परेशान होकर उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 25 अप्रैल को सल्फास, शराब और बियर मंगाई गई। प्रेमी ने शराब में जहर मिलाकर पति को पिलाया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को कार में ले जाकर तुमड़िया डैम से निकलने वाली बड़ी नहर में एनएच-74 बाईपास पुल के पास फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपी पत्नी गुड्डी और प्रेमी कपिल मौर्या को मसवासी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर एसडीआरएफ की मदद से शव की तलाश की गई और जसपुर क्षेत्र की गढ़ी हुसैन नहर से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## आग से गन्ने का बीज गेहूं की फसल जली

**जसपुरः** नीचे लटके बिजली के तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी के कारण दस एकड़ गेहूं की फसल और गन्ने का बीज जलकर राख हो गया। इस घटना में किसान को करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्राम कलियावाला में सरदार कुलवंत सिंह का खेत है। खेत में करीब दस एकड़ गेहूं की फसल और गन्ने का बीज रखा हुआ था। किसान ने हाल ही में गेहूं की कटाई कर ली थी, लेकिन गन्ने का बीज और कुछ गेहूं का अवशेष खेत में ही मौजूद था। बताया गया कि खेत के ऊपर से बिजली के झूलते तार गुजर रहे थे। रविवार को तेज हवाओं के चलते ये तार आपस में टकरा गए, जिससे निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर नाराजगी जताई।

### जसपुर पहुंचने पर साध्वी प्राची का किया स्वागत

**जसपुरः** साध्वी प्राची का जसपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। वे भाजपा नेता खड़क सिंह चौहान के ग्राम रायपुर स्थित नए प्लांट पर पहुंचीं। खड़क सिंह चौहान ने उन्हें प्लांट का निरीक्षण कराया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। यहां पंकज सिंह, मुकेश कुमार, राजू, सोनू, पप्पू, राहुल, सुधीर रहे।

# संडे बाजार में लगने वाले जाम से नागरिक परेशान


काशीपुर में संडे बाजार के दौरान सड़क पर खड़े ई-रिक्शे। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

- ई-रिक्शों के अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने से लगता रहता है जाम

**अमृत विचारः** सप्ताह में एक बार रविवार को लगने वाला संडे बाजार लोगों की खरीदारी के लिए भले ही सुविधाजनक हो, लेकिन यहां लगने वाला जाम आमजन के लिए परेशानी का कारण बन गया है। ई-रिक्शाओं के अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने के कारण मार्ग पर यातायात बाधित हो रहा है।

कुंडेश्वरी रोड पर लगने वाले इस बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान लोग जहां-तहां अपने वाहन खड़े कर देते हैं। वहीं, सवारियां लेकर आने वाले ई-रिक्शा चालक भी सड़क किनारे आड़े-तिरछे ई-रिक्शे खड़ा कर देते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। इस मार्ग पर रेलवे फाटक होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। फाटक बंद होने पर जाम विकराल रूप ले लेता है। इतना ही नहीं, संडे बाजार से जुड़े बाजपुर रोड और रामनगर रोड को जोड़ने वाले बाईपास पर भी लोग चारपहिया और भारी वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों द्वारा यह समस्या एसएसपी के समक्ष भी उठाई जा चुकी है, जिसके बाद पुलिस कर्मियों को बाजार के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इसके बावजूद संडे बाजार के दौरान मौके पर पुलिस कर्मियों की मौजूदगी नहीं दिखती। स्थिति यह है कि जाम अब यहां की नियमित समस्या बन चुका है, जिससे लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** चंपावत के पूर्व विधायक एवं उत्तराखंड वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र शशांक गहतोड़ी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 63 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रविवार को एल.डी. भट्ट सरकारी अस्पताल और चामुंडा हॉस्पिटल के सहयोग से यह शिविर काशीपुर स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में आयोजित किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर न केवल स्वास्थ्य जांच कराई, बल्कि रक्तदान कर मानवता की मिसाल भी पेश की। इस दौरान 63 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों की


काशीपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जांच कराती महिला। ● अमृत विचार

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंत में स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी को उनके पुत्र शशांक गहतोड़ी ने भावुक होकर याद किया। उन्होंने अपने पिता के सामाजिक कार्यों और जनता के प्रति उनके लगाव को प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। शैलजा गहतोड़ी, राज्य मंत्री सीमा चौहान, डॉ. यशपाल रावत, राम मेहरोत्रा, चेतन अरोरा, बिट्टू राणा, जितेंद्र हुड्डा, मनोज ऐरी, जेडी द्विवेदी, शोभाकांत गिरी, बलविंदर सिंह मट्टू, प्रमोद दीक्षित, ब्रज किशोर सिंह रहे।

## आरओबी के एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत कराई

**काशीपुरः** महाराणा प्रताप चौक स्थित आरओबी पर लगे एक्सपेंशन ज्वाइंट में खराबी आने के बाद मरम्मत कार्य कराया गया। यह आरओबी वर्ष 2017 में शुरू हुआ था और 2024 में बनकर तैयार हुआ। पिछले वर्ष मार्च में इसमें दरारें आने के बाद भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। उस समय एनएचएआई द्वारा मरम्मत कर करीब दो माह बाद यातायात फिर से सुचारु किया गया था। जून से इस पर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू हुई, लेकिन कुछ ही महीनों में एक्सपेंशन ज्वाइंट दोबारा टूटने लगे और डामर उखड़ने लगा, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। स्थिति को देखते हुए रविवार को अधिशासी अभियंता आशुतोष स्वयं मौके पर पहुंचे और एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत कराई।

# प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाया दम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत युवोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शारीरिक और बौद्धिक प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि युवाओं की क्षमता असीमित होती है, जिसे पहचानने और विकसित करने के लिए शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियां महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेल, योग और प्राणायाम से न केवल शरीर और मन स्वस्थ रहता है, बल्कि आत्मिक शांति भी मिलती है। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों


काशीपुर में युवोत्सव के दौरान रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रस्साकसी में किशोर वर्ग में तुलाराम इंटर कॉलेज, तरुण वर्ग में गुरुनानक इंटर कॉलेज और महाविद्यालय/युवा व्यवसायी वर्ग में अधिवक्ताओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बौद्धिक प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला और वीडियो मेकिंग में भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई शिक्षाविद, स्वयंसेवक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

- छह को एसडीएम कार्यालय पर महापंचायत का लिया निर्णय

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** ग्राम जुड़का में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। ग्रामीणों ने छह मई को एसडीएम कार्यालय में महापंचायत करने का निर्णय लिया है।

रामनगर रेंज के जुड़का बीट पर गांधीनगर खत्ता में वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन किया जाना है। कोर्ट के आदेश पर वन विभाग की टीम ने दिसंबर माह में वन भूमि को कब्जे में लेकर तारबाड़ की थी। तारबाड़ के समय मौके पर कुछ ग्रामीणों ने गेहूं की फसल बोई हुई थी। तब ग्रामीणों के आग्रह पर वन विभाग ने भूमि को फसल कटाई तक छोड़ दिया था।


काशीपुर में किसान नेताओं के साथ धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

28 अप्रैल को वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन करने पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा था। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष ने बताया कि ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट डाली है। जब तक ग्रामीणों को जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिलता तब तक ग्रामीण धरना देंगे। अध्यक्ष संतोष ने बताया कि रविवार को किसान नेता जितेंद्र सिंह जीतू ग्रामीणों से मिलने गांव पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 6 मई को एसडीएम कार्यालय में महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस मौके पर संतोष कुमार, मोहन सिंह, बलवीर राम सिंह, संजय कुमार, सुंदर कुमार, पूरन सिंह, खेम सिंह, धर्मपाल सिंह आदि रहे।

# कुलपति ने ली परियोजनाओं की जानकारी

- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति ने किया भ्रमण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर पर भ्रमण किया। कुलपति ने केंद्र के प्रत्येक वैज्ञानिक, कार्मिक से मिले और उनकी समस्याओं को जाना। वहीं, केंद्र की विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों और फार्म का अवलोकन भी किया।

केंद्र के प्रभारी ने कुलपति के समक्ष केंद्र पर संचालित विभिन्न प्रसार कार्यों, परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कुलपति


काशीपुर में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति डॉ. शिवेंद्र। ● अमृत विचार

ने केंद्र की ओर से अंगीकृत ग्रामों की गतिविधियों की समीक्षा करने, सीमांत कृषकों की आय वृद्धि करने पर जोर दिया। आगामी दौरों में केंद्र के अंगीकृत ग्रामों के लिए लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए संचालित योजनाओं और उनके परिणामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने की बात भी कही। उन्होंने सुझाव दिया कि वैज्ञानिक कार्यों की सफलता की कहानी और शोध पत्र एकीकृत कर प्रकाशित करें। इससे रिसर्च सिस्टम को मजबूत फीडबैक मिल सकेगा। उन्होंने केंद्र और केंद्र से जुड़े वैज्ञानिकों, कृषकों को विभिन्न संस्थानों से मिले अवार्ड की जानकारी ली और प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान कुलपति ने केंद्र के कार्मिकों की समस्याएं सुनीं एवं उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कुलपति ने समस्त कार्मिकों को भविष्य की रणनीति एवं सुझावों पर मार्ग दर्शन दिया। प्रभारी अधिकारी ने केंद्र पर विभिन्न इकाइयों जैसे मत्स्य पालन के अंतर्गत एक्वापोनिक यूनिट, हाइड्रोपोनिक यूनिट, वर्मी कंपोस्ट यूनिट, गाय, बकरी, मुर्गी, गृह विज्ञान के अंतर्गत इनफार्म सेंटर, कृषि विज्ञान का एजुकेशनल सेंटर और अन्य विषय की जानकारी दी। वहां पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, गन्ना अनुसंधान के प्रभारी अधिकारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. अनिल चंद्रा, सबा मसऊद, रमेश कुमार, मनीष वाजपेई आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का फूल-मालाओं से किया जोरदार स्वागत

# नेता प्रतिपक्ष ने 5.14 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुंडेश्वरी क्षेत्र में ने करीब 5 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

इस दौरान ग्राम सभा शिवलालपुर डल्लू में 83.32 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि ग्राम कुंडेश्वरी स्थित हिमालय कॉलोनी में 6.30 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया।इसके अलावा दिव्या धाम में 1.31 करोड़ रुपये, फौजी कॉलोनी में 97.16 लाख रुपये, गौरीकुंड फेस-2 में 97.62 लाख रुपये तथा गौरी कुंज फेस-2 में 98.45 लाख रुपये की लागत से


यशपाल आर्य का स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मार्ग निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन सभी मार्गों की कुल लंबाई लगभग चार किलोमीटर बताई गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक यशपाल आर्य का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

विधायक आर्य ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है तथा आगामी समय में विकास कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश लखेड़ा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरदयाल सिंह, कुंवर सिंह बिष्ट, महक सिंह, प्रीतम, हयात सिंह रावत, कैप्टन एडवोकेट मनोज जोशी, कैप्टन जगमोहन सिंह, उमेश जोशी, कैप्टन बचन सिंह, कैप्टन अमर सिंह, शौर्य दत्त लखेड़ा, ग्राम प्रधान शेखर, ग्राम प्रधान संदीप चतुर्वेदी (प्रतापपुर), गोपी बेस्ट, चंद्रभान, हरजिंदर सिंह, हरिलाल, हरदेव सिंह, डॉ. गजपाल, हरमन सिंह, विक्रम सिंह रावत, रूप सिंह, सोनी, सुखवंत, भगवान, सत्येंद्र, दिलीप सिंह, देवेंद्र, सरजीत, मुन्नू सिंह, अभिषेक, बबलू सिंह, गुर इकबाल, लाडी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, देवली सिंह आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लापता, मां का युवक पर आरोप

**बाजपुरः** एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के अचानक लापता होने की शिकायत कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री को एक युवक ले गया है।

एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपनी पुत्री के साथ बाजपुर स्थित शुगर फैक्ट्री परिसर में गई थी। इसी दौरान उसकी पुत्री अचानक वहां से कहीं चली गई, जिसके बाद काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला ने बताया कि उसने आसपास के क्षेत्र, चर्च परिसर और रिश्तेदारियों में भी बेटी की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जलभराव रोकने को नालों की सफाई

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बाजपुर शहर को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' के निर्देश पर नगर क्षेत्र के सभी नालों और नालियों की तलीझाड़ सफाई का अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने सभासद जगतजीत सिंह और सफाई नायक कुंदन सिंह के साथ मोहल्ला बांकेनगर में चल रहे नाले की तलीझाड़ सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। चेयरमैन ने कहा कि


बाजपुर में नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते'।

हर वर्ष वर्षाकाल में शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पालिका द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उन्होंने प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कमिश्नर व जिलाधिकारी से मांग की कि वर्षाकाल से पूर्व लेबड़ा और हाथी चिंघाड़ नदी की भी तलीझाड़ सफाई कराई जाए, ताकि शहर में पानी के निकास में कोई बाधा न आए। चेयरमैन गित्ते ने नगरवासियों से अपील की कि वे कूड़ा-कचरा नालों और नालियों में न डालें।

सिटी ब्रीफ

### कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बाजपुर :** सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मानकी घाट क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 17 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान कोसी कांटा से मानकी घाट की ओर जाते समय मानकी घाट के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में कंधे पर कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह वापस मुड़कर तेजी से भागने लगा, जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संजीव कुमार ठाकुर, निवासी महतावन बताया। तलाशी लेने पर उसके पास 50 पाउच, करीब 17 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही शराब का नमूना लेकर शेष माल को सील कर कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



खत्तों में ग्रामीणों को जागरूक करते वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम।

### टांडा रेंज में हाथी के हमले के बाद वन विभाग अलर्ट, वन कर्मियों ने जंगल में बढ़ाई गश्त

**पंतनगर :** तराई केंद्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज में हाथी के हमले में तीन लोगों की मौत के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने सांप कठानी, चीड़ खत्ता, पंतनगर, लालकुआं सहित आसपास के क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।रविवार को टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने खत्तों में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को जंगल में न जाने, रात के समय विशेष सावधानी बरतने और मशाल का उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही सुरक्षा को देखते हुए जलाऊ लकड़ी के लिए भी जंगल में प्रवेश न करने की अपील की गई। वन विभाग ने लोगों से शाम छह बजे के बाद जंगल क्षेत्र में न जाने और अपने घरों में सुरक्षित रहने की हिदायत दी है। इसके अलावा जंगल के विभिन्न हिस्सों में गश्त बढ़ा दी गई है और पंतनगर क्षेत्र के आसपास वन कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर किया विरोध-प्रदर्शन, कंपनी के कर्मचारियों से हुई तीखी नोकझोंक

# लेवड़ा नदी पुल निर्माण की धीमी गति पर यूथ कांग्रेस का हंगामा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बेरिया रोड स्थित निर्माणाधीन लेवड़ा नदी पुल के धीमी गति से चल रहे कार्य और बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए अस्थायी मार्ग की साइड दीवार की मरम्मत न होने से यूथ कांग्रेस और किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। रविवार शाम करीब पांच बजे कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान उनकी निर्माण कंपनी के कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पुल निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे समय पर कार्य पूरा होना संभव नहीं दिख रहा। उनका कहना था कि यदि यही स्थिति रही तो अगले वर्ष तक भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में हुई बारिश के कारण अस्थायी मार्ग की साइड दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे स्थानीय लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों और प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी मशीनरी पूरी तरह उदासीन बनी हुई है और समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई और क्षतिग्रस्त अस्थायी मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव हरभजन सिंह, अनुराग गर्ग, शिवम ठाकुर, सहजपाल सिंह, मन्नू, मंदीप, गोल्डी कंग, राजेश पासी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बाजपुर में बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी पुल के निर्माण की धीमी गति पर विरोध जताते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# विकास कार्यों को लेकर फिर से जनता के बीच पहुंचेंगे: बहुगुणा

## मंत्री ने 25 लाख से नाला निर्माण का किया शिलान्यास, निधि से 30 लाख और देने की घोषणा

- लोगों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का किया स्वागत

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** नगर पंचायत क्षेत्र के दीनदयाल वार्ड नंबर 4 में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 25 लाख रुपये की लागत से 336 मीटर लंबे नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी विधायक निधि से नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त 30 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

शिलान्यास कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने कहा कि आगामी चुनाव विकास कार्यों के आधार पर ही लड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने बताया कि मंत्री के प्रयासों से नगर में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से रजत जयंती पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 1.04 करोड़ रुपये की लागत से नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण चल रहा है, जबकि लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण भी प्रस्तावित है। उन्होंने नगर के सौंदर्यीकरण की योजना पर भी जोर दिया।

इस पर कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित कार्यों का डीपीआर शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति मिल सके। कार्यक्रम में चेयरमैन सुमित मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, पूर्व अध्यक्ष सुनील विश्वास सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, पूर्व अध्यक्ष सुनील विश्वास, गोविंद पोखरिया, सुनीता सरकार, मीना देवी, देवाशीष पोद्दार, अजीत हालदार, गुड्डू सिंह, मयंक अग्रवाल, संजय बाछाड़, रविंद्र अग्रवाल, राघव सिंह,मनोज सरकार, मुकेश रावत, दीपांशु रावत, पियूष कन्नौजिया,शंकर गोलदार आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री। ● अमृत विचार

### गारंटी है फिर से बनेगी भाजपा की सरकार

**शक्तिफार्म :** अपने संबोधन के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह गारंटी है कि आगामी सरकार भाजपा की ही बनेगी, और यह भी गारंटी है कि विधायक भी आपका भाई बनेगा। कहा, चेयरमैन एवं नगर पंचायत बोर्ड का कार्यकाल अभी भी 4 वर्ष है, चेयरमैन एवं पूरे बोर्ड के साथ मिलकर नगर में और गति से विकास कार्य किया जाएगा।

### सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत तीन घायल



रोडवेट की चपेट में आने से घायल लोग।

**खटीमाः** पीलीभीत रोड पर रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात करीब साढ़े दस बजे अशफाक हसन (45) अपने पुत्र इरशाद हसन (23), निवासी इस्लाम नगर, और हसन (12) पुत्र बसीर अहमद, निवासी नवाबगंज (उत्तर प्रदेश) के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीलीभीत रोड पर राधा स्वामी सत्संग परिसर के पास वे एक ट्रक को ओवरटेक कर रहे थे, तभी सामने से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची 108 सेवा ने घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# भाविप की नई कार्यकारिणी का गठन, संभाला दायित्व





बाजपुर में भाविप की स्थानीय शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह का शुभारंभ करते अतिथि।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** भारत विकास परिषद, बाजपुर शाखा के सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय होटल अनंतम में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष (उत्तराखंड पूर्वी) मनोज अरोरा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस दौरान कुलदीप चौधरी को अध्यक्ष, पवन गोयल को सचिव, अजय गर्ग को वित्त सचिव, गुरमीत निज्जर को संयोजक (संस्कार), सीए संजीव कश्यप को संयोजक (पर्यावरण), अर्पित गोयल को संयोजक (संपर्क), जितेंद्र शर्मा को संयोजक (सेवा) तथा अपूर्वा गर्ग को संयोजक (महिला सहभागिता) का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा 11 नए सदस्यों को भी शपथ दिलाकर परिषद परिवार में शामिल किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत अध्यक्ष मनोज अरोरा, प्रांतीय नेत्रदान संयोजक सतीश गर्ग, पूर्व अध्यक्ष संजीव कश्यप, कुलदीप चौधरी, जितेंद्र शर्मा, पवन गोयल, अपूर्वा गर्ग, मनीषा जैन, शैली गर्ग व चंचल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मनोज जैन, विनय गर्ग, विपिन गर्ग, गगन गर्ग, राजेश मित्तल, सीमा गोयल, प्रदीप निज्जर, कृतिका गर्ग, सोनाली गोयल, चारू मित्तल व सुनीता सिंह सहित शाखा के अनेक सदस्य मौजूद रहे। संचालन शाखा संरक्षक डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया।

### जानलेवा हमले में 17 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुरः** रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर घेरकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 13 नामजद और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी गुरसेवक सिंह पुत्र रेशम सिंह ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल को वह बन्नाखेड़ा स्थित एसएस मोडिफिकेशन पर बैठा था। तभी कई लोग लाठी-डंडों से गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि जोगा सिंह, पम्मू, अंग्रेज सिंह उर्फ मोंटी, पवन, मन्नी, गुरविंदर उर्फ गेंदी, जनक, राजू, गुरचरन उर्फ कुक्की, करन, जसविंदर उर्फ काका, सोनी, अशोक सहित अन्य लोगों ने मिलकर मारपीट की। हमले में गुरसेवक सिंह के सिर, कमर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। तहरीर के अनुसार, घायल को घर ले जाते समय आरोपियों ने रंजीत सिंह पर भी हमला कर दिया। मौके पर मौजूद सतनाम सिंह और सरदूल सिंह को भी किसी तरह बचाया गया। इसके बाद आरोपियों ने बलराम सिंह और बबलू को भी रास्ते में घेरकर मारपीट की, जिसमें बबलू के सिर और बलराम सिंह की आंख में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता लापता, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**बाजपुरः** कोतवाली क्षेत्र से एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने कोतवाली में तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र में निवासरत एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 19 वर्षीय पत्नी 30 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे घर से पार्लर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने महिला की आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। काफी प्रयासों के बाद भी जानकारी न मिलने पर पति ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में तलाश की जा रही है।

# नए प्रवेशार्थियों को साइकिलें बांटी

- राउमावि चटिया फार्म में छठी कक्षा में 26 बच्चों का हुआ प्रवेश

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (राउमावि) चटिया फॉर्म में 'स्कूल चले अभियान' के तहत कक्षा छह में नए प्रवेश लेने वाले 26 छात्र-छात्राओं का विद्यालय में प्रवेश हुआ। इस अवसर पर सभी प्रवेशार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरित की गई।

विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इस वर्ष 26 छात्र-छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित किया गया। इस दौरान बच्चों का उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय में स्वागत भी किया गया।विद्यालय प्रबंधन समिति ने संकल्प लिया है कि इस बार प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ा जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत बच्चों को प्रवेश दिलाने के साथ-साथ उन्हें निशुल्क पाठ्य सामग्री, स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान सभी नए प्रवेशार्थियों को निशुल्क साइकिल प्रदान की गई, जिससे उनकी विद्यालय तक पहुंच आसान हो सके। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेश कालोनी, प्रबंधक बहादुर सिंह बोरा, उम्मेद सिंह मेहरा, बिशन सिंह भंडारी, उमेश सिंह रौतेला, पूरन बिष्ट, लक्ष्मी चंद, ग्राम प्रधान चंद्रकला बोरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



निशुल्क वितरित साइकिलों के साथ नए प्रवेशार्थी व विद्यालय प्रबंधन के सदस्य।

### धमकी देने का आरोप पुलिस को सौंपी तहरीर

**बाजपुरः** ग्राम इटव्वा निवासी रंजीत सिंह पुत्र सरवन सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 2 मई की देर शाम करीब 7 बजे उनका पुत्र प्रभजोत सिंह वाहन से पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था। लौटते समय रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए धमकियां दीं। आरोप है कि सात नामजद युवकों ने अपने 5 से 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रभजोत को घेर लिया और उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, ये लोग अक्सर रास्ते में रोककर परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, जिससे आने-जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे इसी रास्ते से स्कूल और ट्यूशन जाते हैं, और आरोपियों की हरकतों के कारण परिवार में भय का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** रविवार को जिला पंचायत क्षेत्र की ग्रामसभा बरवाला में मंदिर के सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार शर्मा (सोनू) द्वारा किया गया। यह कार्य जिला पंचायत निधि से कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को एक बेहतर और आकर्षक धार्मिक परिसर उपलब्ध हो सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने जिला पंचायत सदस्य का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि मंदिर केवल आस्था के केंद्र ही नहीं होते, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे स्थलों का विकास सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस कार्य के माध्यम से ग्रामवासियों को एक सुंदर और सुव्यवस्थित परिसर मिलेगा, जहां लोग धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा मिले स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और जनसेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जाएगी, ताकि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके। इस मौके पर समाजसेवक समीर पाठक, ग्राम प्रधान रेशम सिंह, सुभाष शर्मा, रोहित शर्मा, नारायण सिंह, गोलू सागर, जैदी खान आदि मौजूद रहे।



सौंदर्यीकरण शुरू होने पर जिपं सदस्य जितेंद्र कुमार शर्मा का स्वागत करते ग्रामीण।

कार्यक्रम | खटीमा में थारू विकास भवन से टनकपुर रोड अमाऊं तक निकाली बाइक रैली

# नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के स्वागत में सितारगंज रोड स्थित थारू विकास भवन से टनकपुर रोड अमाऊं तक बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद अमाऊं स्थित एक निजी प्रतिष्ठान के सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक भुवन चंद्र कापड़ी और नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह बोरा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरज सिंह कन्याल ने कहा कि संगठन समाज सेवा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर, जसविंदर बाजवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, सतपाल राणा, नानकमत्ता ब्लॉक अध्यक्ष दीपक बिष्ट, संदीप चीमा, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक मुंडेला, मान सिंह, देवेंद्र कन्याल, राजकिशोर सक्सेना, विजय शंकर यादव, नासिर खान, नूर अहमद, नवीन जोशी, हिमांशु भट्ट, शांति सामंत, विद्या आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत करते विधायक व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# रिद्धि ने इंटर में 98.25% अंक किए हासिल

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** नगर की होनहार बिटिया रिद्धि गोयल ने आईएससी (इंटरमीडिएट) परीक्षा में 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। किच्छा के प्रमुख उद्योगपति गोविंद गोयल की पौत्री रिद्धि वर्तमान में देहरादून के यूनिसन वर्ल्ड स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इससे पूर्व उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा आर्यन स्कूल, रुद्रपुर से 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी।

रिद्धि गोयल की इस शानदार उपलब्धि से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रिद्धि के पिता सुमित गोयल एवं माता सलोनी गोयल ने बताया कि रिद्धि शुरू से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा गोविंद गोयल, दादी कांता देवी, माता-पिता तथा अपने गुरुजनों को दिया। रिद्धि ने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है और अपने परिवार व किच्छा का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उनकी इस उपलब्धि पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ग्यारसी बंसल, महेंद्र गोयल, संजय गोयल, अमित गोयल, शिखा गोयल, किशन गोयल, पुनीत गोयल, विकास मित्तल सहित कई गणमान्य लोगों और परिजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



किच्छा में रिद्धि गोयल को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते परिजन। ● अमृत विचार

### केमिकल डाल फसल बर्बाद करने का आरोप

**जसपुरः** यहां मुख्य बाजार निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रूपाली श्रीवास्तव और शशि अग्रवाल के साथ मिलकर पिछले वर्ष ग्राम टांडा प्रभापुर में 38.50 लाख रुपये में भूमि खरीदी थी। भूमि की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज के बाद कब्जा भी मिल चुका था। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को खेत में हरे चारे की बुवाई की गई थी और देखरेख गांव के जसवीर सिंह को सौंपी गई थी। 29 अप्रैल को जब वे फसल देखने पहुंचे तो फसल नष्ट थी। उन्होंने खेत के पूर्व मालिक पर केमिकल डालकर फसल खराब करने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### 47 स्कूली वाहनों के पंजीयन निरस्त

**बरेली :** परिवहन विभाग ने मानक पूरे नहीं करने पर जिले में 47 स्कूली वाहनों के पंजीयन निरस्त कर दिए। अफसरों के अनुसार दस्तावेज पूरे होने बाद फिटनेस कराने पर ही पंजीयन बहाल किए जाएंगे। अगर इस दौरान वाहन चलते पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। दरअसल विभाग ने यूपी स्कूल व्हीकल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सभी स्कूलों को अपने वाहनों (बस, वैन, ऑटो) की जानकारी जैसे फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट और ड्राइवर का विवरण ऑनलाइन दर्ज कराने को कहा था। स्कूलों में जाकर वाहनों के दस्तावेज चेक किए गए थे। जिले में कुल 169 स्कूलों के 788 वाहनों को पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया गया। जिसमें 47 स्कूली वाहनों के कागज पूरे नहीं पाए जाने पर उनके पंजीयन निरस्त किए गए। एआरटीओ डा. पीके सरोज ने बताया कि वाहनों का पंजीयन तब तक निरस्त रहेगा, जब तक वह कागज पूरे नहीं कराकर फिटनेस नहीं करा लेते।

# अल्मोड़ा के सल्ट में बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा/रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर-मोहन मार्ग पर अल्मोड़ा जिला अंतर्गत कुमेरिया क्षेत्र में बाघ के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान महिपाल सिंह महरा (50) पुत्र लछम सिंह महरा निवासी ग्राम तड़म तोक बौरडा तोक (सल्ट क्षेत्र) के रूप में हुई है। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है।


मृतक महिपाल सिंह।

जानकारी के अनुसार महिपाल सिंह अपने परिवार के साथ घर के आंगन में थे, तभी बाघ ने अचानक हमला कर उन्हें अपना शिकार बना लिया। घटना के दौरान उनकी पत्नी और बच्चे भी मौके पर मौजूद थे, उन्होंने महिपाल को बचाने के लिए शोर मचाया लेकिन बाघ बेहद तेजी से जंगल में गायब हो गया। बाद में जंगल से उनका शव बरामद हुआ। छिले एक माह में बाघ द्वारा किया गया यह दूसरा हमला है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमलावर बाघ है, जबकि विभाग ने हाल ही में गुलदार को पकड़कर खानापूर्ति की है। ग्रामीणों ने शीघ्र आदमखोर बाघ को पकड़ने तथा मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान में जुट गई है। वहीं कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मांडल रेंज से भी वन कर्मियों की टीम सहायता के लिए रवाना कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे उद्घाटन, 10 दिन तक संस्कृति, आस्था और लोक कला का संगम

# आज से शुरू होगा भव्य गोल्ज्यू महोत्सव-2026

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** न्याय के देवता भगवान गोल्ज्यू की पावन भूमि चम्पावत में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 'गोल्ज्यू महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ सोमवार से गोरलचौड़ मैदान में होने जा रहा है। महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

13 मई तक चलने वाले इस 10 दिवसीय महोत्सव में धार्मिक आस्था, समृद्ध लोक संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव की शुरुआत प्रथम दिवस प्रातःकाल भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। इसके बाद स्वागत-अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यालयों और सांस्कृतिक दलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। नगर पालिका परिषद चम्पावत की अध्यक्ष प्रेमा पांडेय और अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि महोत्सव के दौरान 4 से 6 मई तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 'स्टार नाइट' का आयोजन किया जाएगा। वहीं 5 और 6 मई को सायं 4 बजे से स्थानीय कलाकारों और विद्यालयी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

महोत्सव में 10 दिनों तक विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल, पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद और उत्तराखंड के प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह आयोजन क्षेत्रीय संस्कृति के संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडेय ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।

### स्टार नाइट में सजेगा सुरों का महाकुंभ

महोत्सव की 'स्टार नाइट' श्रृंखला में 4 मई को लोक गायक दर्शन फर्स्वाण, गोविंद दिगारी और खुशी दिगारी प्रस्तुति देंगे। 5 मई को माया उपाध्याय, इंदर आर्य और नीरज चुफाल मंच पर अपनी गायकी का जादू बिखेरेंगे। वहीं 6 मई को श्वेता महारा, फौजी ललित मोहन जोशी, स्वामी भट्ट, सौरभ मैठानी और हरि जोशी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी आज चम्पावत दौरे पर



**टनकपुर/चम्पावत :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को जनपद चम्पावत के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे एसएसबी हेलीपैड चम्पावत पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 10:45 बजे जिला चिकित्सालय के समीप स्थित सीसीयू ब्लॉक में एमआरआई मशीन सहित आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण करेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। अस्पताल कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री 11:00 बजे गोरल मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद 11:15 बजे गोरलचौड़ मैदान पहुंचकर विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह गोरलचौड़ मैदान में आयोजित गोल्ज्यू महोत्सव में भी शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12:15 बजे एसएसबी हेलीपैड से देहरादून के लिए रवाना होंगे।

# अल्मोड़ा में अंधड़ से जगह-जगह गिरे पेड़

## रविवार दोपहर अंधड़ से कई जगह हुआ नुकसान, घनेली-कफड़खान मार्ग में पेड़ गिरने से फंसे कई लोग

- जागेश्वर और रानीखेत समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश
- अंधड़ से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी हुई प्रभावित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में अचानक बदले मौसम के बाद चले तेज अंधड़ ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यक्त कर दिया। अंधड़ के कारण कई स्थानों पर जगह पर नुकसान हुआ है। वहीं, अल्मोड़ा के घनेली-कफड़खान मार्ग पर विशालकाय पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा।

रविवार दोपहर मौसस का मिजाज बदल गया। जिले के अल्मोड़ा, जागेश्वर और रानीखेत समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, तेज अंधड़ से पेड़ तक उखड़ गए। जिससे जनजीवन अस्त व्यक्त हो गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना है। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई। इधर, शनिवार को भी अल्मोड़ा मालरोड स्थित नगर निगम के पास चले अधड़ से कई जगह दुकानों के बोर्ड गिर गए। इसके अलावा जगह-जगह लगाई गई फ्लेक्सी भी गिर गई। अंधड़ से गिरे बोर्ड की चपेट में आने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा दुकानदारों को भी काफी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि कहीं से भी किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली।


अल्मोड़ा के घनेली-कफड़खान मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाते फायर सर्विस की टीम।


अंधड़ से गिरे दुकानों के बोर्ड।

### तूफान और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित

**बागेश्वर :** जनपद बागेश्वर में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। मई के महीने में जहां गर्मी पड़नी चाहिए, वहीं लोगों को नवंबर जैसी ठंड का अहसास हो रहा है। रविवार दोपहर बाद एक बार फिर मौसम ने करवट ली और तेज तूफान के साथ बारिश हुई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर शादी समारोहों के लिए लगाए गए टेंट गिर गए, जबकि कुछ दुकानों की छतें भी उड़ गईं। धर्मघर समेत कई इलाकों में ओलावृष्टि होने से फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम में आई अचानक ठंडक के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। लगातार बदलते मौसम से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है।

### मकान की छत उड़ी

अल्मोड़ा। रविवार को दोपहर चले अधड़ के बीच भनोली तहसील के काण्डानौला में मजदूरी से भरण-पोषण करने वाले शिव दत्त के मकान की छत इस आधी तूफान में उड़ गई। जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। वहीं, अल्मोड़ा-रानीखेत मार्ग में ज्योली के पास सड़क मे कई पेड़ गिर गए। पेड़ गिरने से बिजली कई जगह लाइने भी क्षतिग्रस्त हो गए।

### अल्मोड़ा में अंधड़ से बिजली आपूर्ति ठप लोग परेशान

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा से जुड़े क्षेत्रों में लोगों को रविवार को बिजली का संकट झेलना पड़ा। दोपहर बाद अचानक बदले मौमस और तेज अंधड़ के चलते कई जगहों पर बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके चलते देर शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। अल्मोड़ा नगर में दोपहर के समय मौसम बिगड़ने से लाइन में फॉल्ट आ गया और नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी शो-पीस बने रहे। गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ी। लोग दिन भर बिजली की आंख-मिचौली से परेशान रहे। इधर, ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिजली लाइन में जगह-जगह पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित रही थी। बताया कि क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

### चेक बाउंस मामले में एक साल की सजा

**अल्मोड़ा :** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त को एक साल का साधारण कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, मामले में अभियुक्त को 13 रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया है।

अधिवक्ता बीपी पंत ने बताया कि मामला वर्ष 2021-22 का है। बताया कि परिवादी विरेंद्र सिंह कार्की निवासी न्यू ऑफिसर कॉलोनी नरसिंह बाड़ी ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त धीरज वर्मा निवासी हाईडिल कॉलोनी पातालदेवी अल्मोड़ा के साथ उनके अच्छे संबंध थे। इन्ही संबंधों के चलते धीरज ने अपने पिता के इलाज और भवन निर्माण के लिए 1190000 रुपये उधार लिए थे। रुपये लेते समय दो गवाहों के हस्ताक्षर भी करवाए गए। नवंबर 2023 में धीरज ने उन्हें इंडियन बैंक का चेक थमा दिया, जो बैंक में बाउंस हो गया। रुपये नहीं मिलने पर उन्हें न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। कोर्ट में न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुना और अभियुक्त धीरज को दोषी पाया। इस पर कोर्ट ने धीरज को एक साल कारावास के अलावा 13 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इनमें से 1295000 रुपये विरेंद्र को प्रतिकर के रूप में और पांच हजार रुपये राज्य कोष में जमा करने होंगे। तय समय में रुपये नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत चेकिंग अभियान चलाया


रानीखेत में यातायात व्यवस्था के तहत नगर में गस्त करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

- रैश ड्राइविंग और नाबालिग संचालन पर 7 वाहन सीज
- अभियान के दौरान 36 वाहन चालकों के काटे चालान

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जनपद में "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और सीओ बलवंत सिंह रावत के पर्यवेक्षण में कोतवाली रानीखेत पुलिस ने शहर में विशेष अभियान चलाया।

प्रभारी निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी की मौजूदगी में एसएसआई बिशन लाल, उपनिरीक्षक बृजमोहन भट्ट, महिला उपनिरीक्षक हेमा कार्की सहित पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और दस्तावेजों में कमी जैसे मामलों में 36 वाहन चालकों के चालान किए गए।

वहीं रैश ड्राइविंग और नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन करने पर 7 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी।

# अतिक्रमण के विरोध से पहले संघ के कार्यकर्ता लिए गए हिरासत में

- क्वारब से हिरासत में लिए गए कार्यकर्ता, विहिप ने की निंदा

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा के करबला क्षेत्र में कथित अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय सेवा संघ के कार्यकर्ताओं को क्वारब से ही हिरासत में ले लिया। देर शाम उन्हें रानीखेत लाया गया।

इस दौरान रानीखेत में विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन पंत, नवल किशोर पांडे, विपिन कुमार भार्गव, देव गोयल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन करते हुए जोरदार नारेबाजी की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विहिप जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन पंत ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा इस प्रकार कार्यकर्ताओं को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। पंत ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मुद्दे को उठाने वाले संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करे और कार्यकर्ताओं पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए।


कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने का विरोध करते विश्व हिंदू परिषद के सदस्य।

# जर्जर रिंग की जगह अब लगेगा नया बॉक्सिंग रिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। हल्द्वानी स्टेडियम में अब आधुनिक बॉक्सिंग रिंग तैयार की जा रही है, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर और सुरक्षित सुविधा उपलब्ध होगी।

अब तक स्टेडियम में मौजूद बॉक्सिंग रिंग जर्जर हालत में थी, जिसके कारण खिलाड़ियों को मैट पर टेप लगाकर अभ्यास और प्रतियोगिताएं करनी पड़ती थीं। इससे न केवल खिलाड़ियों को असुविधा होती थी बल्कि चोट लगने का खतरा भी बना रहता था। बॉक्सिंग रिंग की कमी के चलते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब खेल विभाग की ओर से बड़ा कदम उठाते हुए नैनीताल में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उपयोग की गई आधुनिक रिंग को हल्द्वानी स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। इस नई सुविधा के बाद खिलाड़ियों को अब प्रोफेशनल स्तर पर अभ्यास करने का अवसर मिलेगा और उनकी तैयारी अधिक बेहतर हो सकेगी। वहीं जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि हल्द्वानी स्टेडियम में आधुनिक बॉक्सिंग रिंग स्थापित किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा मिलेगी और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे।

# मिट्टी चिकित्सा एक प्राकृतिक विज्ञान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसजे के योग विज्ञान विभाग में प्राकृतिक चिकित्सा व वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला जारी है। रविवार को कार्यशाला के तीसरे दिन प्रतिभागियों को मिट्टी चिकित्सा से उपचार की विधियां बताई गई। साथ ही प्रयोगात्मक अभ्यास भी कराया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय व राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (नमामि गंगे) की ओर से हुई कार्यशाला में योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद भट्ट ने कहा कि मिट्टी चिकित्सा केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक प्रमाणित प्राकृतिक विज्ञान है, जो शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालकर स्वास्थ्य संतुलन स्थापित करती है। वहीं, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अधिकारी ने मिट्टी चिकित्सा के इतिहास, इसके माध्यम से विभिन्न रोगों के निवारण तथा शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर होने वाले उपचारों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में प्रतिभागियों को मिट्टी चिकित्सा की व्यावहारिक विधियों से अवगत कराया।

इस दौरान पेट, रीढ़ एवं छाती की मिट्टी पट्टियों का प्रयोगात्मक अभ्यास कराया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने स्वयं अनुभव करते हुए इसके लाभ को महसूस किया। यहां पूजा बोरा, आशीष संतोलिया, नेहा आर्य, गीतांजलि, नीतू, हेमलता, हर्षिता नेगी, पंकज सिंह राठौर, ज्योति जीना, योगेश पाल, अर्चना, परवल सुयाल, कमलेश पाठक, अनुराधा धामी, आदित्य बिष्ट, मोहिता पंत, रिया जोशी, कमला फर्त्याल, ललिता, प्रकाश भट्ट, किरण बिष्ट आदि रहे।


एसएसजे में रविवार को कार्यशाला में बताई गई मिट्टी चिकित्सा की विधियां।

# फर्जी वर्कऑर्डर से बांटी नौकरियां, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कृषि विभाग में किसान रजिस्ट्री और ई-केवाईसी कार्य के नाम पर फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। लखनऊ की संस्था ''राधे कृष्णा इंटरप्राइजेज सहज सुलभ बलराम समिति'' ने कूटरचित दस्तावेजों और कृषि निदेशालय के फर्जी वर्क ऑर्डर के सहारे कई युवाओं को ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पदों पर तैनात कर दिया।

मामला तब खुला जब नियुक्तियों की सूचना डाक के जरिए डीएम तक पहुंची। जांच में पता चला कि विभाग ने ऐसा कोई आदेश कभी जारी ही नहीं किया था। वर्क ऑर्डर पर निदेशक के हस्ताक्षर भी नकली थे। डीएम के निर्देश पर उप कृषि निदेशक ने संस्था के खिलाफ भोजीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने बताया कि संस्था ने फर्जी शासनादेश का हवाला देकर खुद को कृषि विभाग से अधिकृत बताया असैर आलमपुर जाफराबाद, मीरगंज और सदर तहसील क्षेत्र के ऋषभ पाल, अजय वर्मा, महेशपाल, संतोष कश्यप समेत कई युवाओं को नियुक्त किया था। फर्जीबाड़े को असली रूप देने के लिए संस्था ने रजिस्टर्ड डाक से योगदान आख्या भी डीएम को भेजी थी। विभाग ने जब दस्तावेजों और वर्क ऑर्डर का परीक्षण किया, तो पाया गया कि ऐसा आदेश जारी ही नहीं हुआ था।

## आक्रोश | नगर के त्रिमूर्ति चौक से मुख्य बाजार तक निकाली रैली, शासन प्रशासन से जल्द केवि संचालन की उठाई मांग

# द्वाराहाट में केवि संचालन के लिए निकाली गर्जना रैली

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय के संचालन की मांग को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़क पर उतर गया है। रविवार को नाराज लोगों ने क्षेत्र में गर्जना रैली निकाली। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द केवि के संचालन की मांग उठाई।

रविवार को जन एकता मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों के लोग यहां त्रिमूर्ति चौक पर एकत्र हुए। जहां से लोगों ने मुख्य बाजार होते हुए घटगाड़ तिराहे तक गर्जना रैली निकाली। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2005 से भूतपूर्व सैनिक संगठन सहित क्षेत्रीय जनता द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग करती आ रही है। लंबे संघर्ष के बाद दिसंबर 2024 में विद्यालय को स्वीकृति तो मिल गई, लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक कक्षाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। इससे नाराज लोगों ने 11 अप्रैल से आंदोलन शुरू कर रखा है। लेकिन अब तक केवि संचालन को लेकर कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि जब तक केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं इसी सत्र से प्रारंभ नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर, आमरण अनशन में बैठे नवीन चंद्र मैनाली का अनशन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। जबकि क्रमिक अनशन पर विनोद जोशी बैठे। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता आर्या, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चौधरी, विनोद जोशी, कंचन साह, व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र कांडपाल, नंदिता भट्ट, सभासद रेखा किरौला, नीतू देवी, हेम चंद्र मठपाल, निरंजन साह, हेम रावत, कुसुम साह, गंगा राणा, भावना अधिकारी, प्रभा जोशी, किरण नेगी, हंसी बिष्ट, माया, पूजा देवी, शोभा देवी, अंजलि, पुष्पा देवी, दया, लीला देवी, भावना देवी, सुरेंद्र लाल साह, कमल साह, दिगंबर बिष्ट, भुवन लहरी, जगत रौतेला, जोधा सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।


द्वाराहाट में केवि संचालन की मांग को लेकर रविवार को गर्जना रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

### एसएसपी से मिलेंगे तौसीफ के परिजन

**बरेली :** उर्स ए ताजुश्शरिया से घर लौट रहे मौलाना तौसीफ की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी, लेकिन अब परिवार के लोगों ने अराजक तत्वों पर मारपीट के बाद ट्रेन से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। तौसीफ के परिजन देर शाम बरेली पहुंच गए। वे सोमवार को एआईएमआईएम के पदाधिकारियों के साथ एसएसपी से मिलकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

प्रकरण में प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस ने इस घटना को हादसा माना, लेकिन परिजनों ने तौसीफ के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। घटनाक्रम 27 अप्रैल का है। एसपी सिटी मानुष पारीक के मुताबिक, पालपुर रेलवे फाटक के निकट ट्रैक के पास एक व्यक्ति का शव मिला था।

# अमृत विचार

सोमवार, 4 मई 2026






आशा भी बिल्कुल वैसी ही है, जैसे जमीन पर रास्ते। वास्तव में, जमीन पर पहले कोई रास्ते नहीं थे, लेकिन जब बहुत से लोग एक ही जगह से गुजरते हैं, तो रास्ता बन जाता है।

–लू शुन, चीनी विचारक

## चेतावनी से आगे

भारत में मोबाइल पर तेज़ बीप के साथ आने वाले सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट की शुरुआत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी यानी एनडीएमए और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स सी डॉट द्वारा विकसित 'सचेत' प्रणाली, कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है और देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में सक्रिय की जा चुकी है। यह तकनीकी उन्नति के साथ 'जीवन बचाने' की क्षमता से जुड़ा बड़ा बदलाव है। सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम यानी सीबीएस पहले के सामान्य एसएमएस प्रणाली से इसलिए बेहतर है, क्योंकि नंबर-टू-नंबर भेजे जाने वाले एसएमएस से देरी हो सकती है, जबकि सीबीएस किसी क्षेत्र के सभी मोबाइल टॉवरों से एक साथ संदेश प्रसारित करेगा, जिससे आपातकाल में यह रियल-टाइम और अधिक विश्वसनीय माध्यम बन जाएगा तथा बाढ़, चक्रवात, भूकंप या युद्ध जैसी परिस्थितियों में पल भर में लाखों लोगों तक चेतावनी पहुंच जाएगी।

वैश्विक संदर्भ में देखें, तो भारत इस क्षेत्र में अग्रणी देशों की श्रेणी में थोड़ी देर से ही सही तेजी से शामिल हो रहा है। अमेरिका में फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के तहत ईएएस, ड्ब्ल्यूईए और आईपीडब्ल्यूएस जैसी बहुस्तरीय चेतावनी प्रणालियां वर्षों से सक्रिय हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के कई देशों ने भी भूकंप और आपदाओं के लिए उन्नत अलर्ट सिस्टम विकसित किए हैं। भारत में भी बहुविधि प्रणाली विकसित हो रही है— जैसे मौसम विभाग के अलर्ट, सायरन सिस्टम, टीवी-रेडियो ब्रेकिंग अलर्ट और मोबाइल ऐप्स— परंतु इन सबका एकीकृत और समन्वित उपयोग अभी भी प्रगतिशील ही है। 'सचेत' इस दिशा में एक केंद्रीय प्लेटफॉर्म बनने की क्षमता रखता है। फिलहाल हमारी बड़ी उपलब्धि है कि हमने विशाल जनसंख्या के अनुरूप 19 से अधिक भाषाओं में इसे तेजी से लागू किया है। इस सीबीएस प्रणाली को अभी से 'फूलप्रूफ' कहना जल्दबाज़ी होगी, जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है या सिग्नल कमजोर हैं, वहां यह प्रणाली सीमित हो जाती है। यदि फोन स्विच ऑफ है, बैटरी खत्म है या उपयोगकर्ता ने सीबीएस फीचर बंद कर रखा है, तो अलर्ट नहीं पहुंच पाएगा। भारत के दूरदराज़ क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क की अनियमितता इस प्रणाली की प्रभावशीलता पर असर डाल सकती है, इसलिए तकनीक के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण भी अनिवार्य है। एक मूल प्रश्न यह भी बना रहता है— क्या केवल चेतावनी देना ही पर्याप्त है? उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। आपदा प्रबंधन तीन चरणों पर आधारित होता है— पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास। यदि चेतावनी मिलने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और पुनर्निर्माण की व्यवस्था नहीं है, तो तकनीक का लाभ सीमित रह जाएगा।

देश ने इधर आपदा प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अपनी साख मजबूत की है। चक्रवात प्रबंधन व समय पर निकासी उदाहरण हैं। परंतु जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के बीच चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट प्रणाली बेहतर पहल है, अंतिम समाधान नहीं। यह तकनीक तब ही प्रभावी होगी, जब इसे मजबूत बुनियादी ढांचे, जन-जागरूकता और समन्वित आपदा प्रबंधन रणनीति के साथ जोड़ा जाए।

### प्रसंगवश

## एकल परिवारों में पले बच्चों में बढ़ जाती है संवादहीनता

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है। व्यक्ति के विकास के लिए परिवार आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। पुराने समय में संयुक्त परिवारों का प्रचलन था तथा परिवारों का आकार भी बड़ा होता था। एक संयुक्त परिवार में 20-25 आदमी होना आम बात रहती थी, लेकिन धीरे-धीरे शिक्षा का प्रसार शहरीकरण, पश्चात संस्कृति, निजता का भाव, परस्पर तालमेल की कमी, बढ़ती संवादहीनता अधिक स्वायत्तता की आस, आर्थिक दबाव एवं व्यक्ति का अपने हितों तक सीमित रहना तथा ज्यादा संग्रह की चाहत और लगातार बढ़ती हुई इच्छाओं ने संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया। फलस्वरुप छोटे-छोटे एवं एकल परिवारों का अभ्युदय हुआ।

पहले तो लोगों ने सोचा कि छोटा परिवार सुखी परिवार रहेगा, लेकिन कालांतर में उन्हें संयुक्त परिवार की अहमियत का पता चलने लगा। संयुक्त परिवार एक पूर्ण रूप से संतुलित परिवार होता था। प्राचीन काल में यदि कोई विधवा या विधुर हो जाता था, तो संयुक्त परिवार के अंदर कितनी ताकत एवं व्यवस्था होती थी कि उसका भी जीवन आराम से कट जाता था और जब व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में रहता था, तो उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती थी, लेकिन संयुक्त परिवारों के विघटन के पश्चात एकल परिवारों में असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है।




रवींद्र कुमार

शिक्षक


पहला असंतुलन यह है कि एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चे अपने संयुक्त परिवार के सदस्यों से ठीक से हिल-मिल नहीं पाते हैं। उनमें या तो संवादहीनता रहती है, या फिर संवाद का एक सीमित दायरा होता है। वह अपने चाचा-चाची, दादी-दादी से खुलकर बात करने से कतराते हैं, उन्हें हर बात में संकोच लगता है, जिससे वे बाद में मिलनसार स्वभाव के नहीं हो पाते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास जीवन भर असंतुलित रहता है, यही कारण है। ऐसे बच्चों के साथ जब जीवन में प्यार में धोखा, परीक्षा में असफलता जैसी स्थिति आती है, तो वह किसी से अपनी बातें नहीं कह पाते हैं तो कई बार आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। हमारे समाज में बढ़ती आत्महत्या का एक प्रमुख कारण संयुक्त परिवारों का विघटन एवं एकल परिवारों का चलन भी है। एकल परिवारों के कारण ही हजारों किशोर अपराधी गतिविधियों में लिप्त होते जा रहे हैं।

दांपत्य जीवन में असंतुलन एकल परिवार का एक दूसरा प्रमुख कारण है। पति पत्नी में प्रायः झगड़े होते रहते हैं, इन्हीं विवादों के कारण विवाह विच्छेद के मामले बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि विवाद की स्थिति में आखिर विवादों का निपटारा कौन करे। पति-पत्नी दोनों को यही लगता है कि वह अपने-अपने स्थान पर सही हैं। विवाद बढ़ने की स्थिति में यही पत्नियां दहेज कानून एवं घरेलू हिंसा का सहारा लेकर पूरे परिवार को कानून के कटघरे में खड़ा कर देती हैं, जिससे परिवार तहस-नस हो जाता है।

तीसरा असंतुलन का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव बुजुर्गों पर पड़ा है। संयुक्त परिवारों में बुजुर्ग और बच्चे एक साथ जीवन जीते थे। यही वह समय था, जब बुजुर्ग अपना सारा ज्ञान और अनुभव बच्चों में उकेर देता था और बच्चा भी सहजता से उसे ग्रहण कर लेता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि बुजुर्ग वृद्ध आश्रम में पड़े रहकर उपेक्षा एवं अकेलेपन की जिंदगी काट रहे हैं, वहीं बच्चों का समय मोबाइल के स्क्रीन पर कट रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## जापान की बदली रक्षा नीति से चीन घबराया






नवीन गुप्ता

बरेली


चीन और जापान की दुश्मनी जग जाहिर है। चीन इस बात से परेशान है कि जापान परमाणु बम परीक्षण कर सकता है। चीन को डर है कि कहीं जापान भी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बन गया, तो उसके लिए मुश्किल खड़ी होगी। यही वजह है कि उसने संयुक्त राष्ट्र संघ में जापान को परमाणु बम के परीक्षण से रोकने की गुहार लगाई है। जापान ने भी अब चीन से आंखों से आंखें मिलाकर बात करने की ठान ली है।

चीन की बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए ही उसने अपने पड़ोसी और चीन के दुश्मन राष्ट्रों के साथ सामरिक दृष्टि से अपने रिश्ते मजबूत करने शुरू कर दिए हैं। जापान ने न सिर्फ फिलीपींस के साथ मिल कर दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए कदम उठाया, बल्कि आस्ट्रेलिया, वियतमान से भी उसने कई समझौते किए हैं, जो चीन की टेंशन बढ़ाने वाले हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान और उसके मित्र राष्ट्रों को हार का सामना करना पड़ा था। इस युद्ध में मिली हार के बाद से ही जापान और चीन में तनाव बना हुआ है। बीच-बीच में रिश्ते सुधर जाते हैं, लेकिन कई ऐसे मौके आते हैं, जब चीन दादागिरी दिखाने की कोशिश करता है, तो जापान को भी आंखें तरेरनी पड़ती हैं। फिलहाल पिछले कई महीने से चीन और जापान के बीच तनाव का सबसे बड़ा कारण है ताइवान।

जापान की प्रधानमंत्री सनाई तकाइची द्वारा ताइवान की चीन से रक्षा के एलान से ही चीन नाराज है। कई बार उसने जापान की समुद्री सीमा और हवाई सीमा का उल्लंघन किया है। चीन सीधे जापान को युद्ध की धमकी देता है। इससे जापान नाराज है और चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए ही अपनी सामरिक शक्ति को बढ़ाने का एलान कर चुका है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी और उसने घातक हथयारों के उत्पादन और निर्यात पर खुद ही प्रतिबंध लगा दिया था। तय किया गया था कि उसकी सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी, लेकिन अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है और लड़ाकू विमान, मिसाइल आदि के निर्यात को मंजूरी दे दी है। यहां तक कि परमाणु बम बनाने की दिशा में भी उसने कदम उठाए हैं।

इसके संकेत मिलते ही चीन परेशान हो उठा है, इसीलिए चीन ने पहली बार आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र को इसकी जानकारी दी है और यह कहा है कि यदि जापान को रोका नहीं गया, तो वह आने वाले दिनों में परमाणु हथियार का परीक्षण कर सकता है। चीन का तो यहां तक दावा है कि जापान के पास प्लूटोनियम की इतनी मात्रा है कि वह 55 सौ परमाणु हथियार बना सकता है।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र को दी गई शिकायत में कहा है कि जापान कम समय में न्यूक्लियर ब्रेक आउट हासिल करने की क्षमता रखा है। चीन से इसे अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। कहा है कि जापान अपने शांतिवादी संविधान, परमाणु हथियार न रखने और न ही बनाने और न लाने की नीति में बदलाव की कोशिश कर रहा है। यहां समझना जरूरी है कि चीन की परेशानी का सबसे बड़ा कारण है जापान द्वारा अपनी नीति में किया गया बदलाव।

जापानी प्रधानमंत्री ने एक 15 सदस्यीय पैनल बनाया है, जिसने तीन गैर परमाणु सिद्धांतों को बदलने की स्पष्ट वकालत की है। साथ ही जापान को लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइलों के निर्माण पर जोर दिया है। इतना ही नहीं चीन को डर है कि कहीं जापान अमेरिका को अपनी धरती पर परमाणु हथियार रखने वाली मिसाइलों की तैनाती की अनुमति दे सकता है। चीन के साथ ही उत्तर कोरिया भी लगातार जापान को धमकियां देता है। इससे जापान ने चीन से परेशान उसके पड़ोसियों के साथ गठबंधन बनाने की ठान ली है, इसीलिए आस्ट्रेलिया, वियतनाम, फिलीपींस जैसे देशों के साथ जापान ने इसकी चर्चा भी शुरू कर दी है।

आस्ट्रेलिया और जापान के बीच तो पिछले महीने सात अरब डालर से अधिक का ऐतिहासिक युद्धपोत समझौता हुआ है। अब जापान की ओर से आस्ट्रेलिया को 11 उन्नत मोगामी श्रेणी के फ्रिगेड दिए जाएंगे। जापानी कंपनी मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्री इस फ्रिगेट को तैयार करेगी। इस समझौते से भी चीन परेशान है। चीन, जापान से इस बात से नाराज है कि वह ताइवान का समर्थन क्यों कर रहा है, जबकि जापान अब ताइवान के प्रति चीन की आक्रमता को रोकने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। इसमें उसे अमेरिका का भी पूरा साथ मिल रहा है।

अमेरिकी रक्षा कंपनियां ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों की आपूर्ति करती हैं। जरूरत पड़ने पर जापान भी अमेरिका जैसा ही कदम उठा सकता है। यदि ऐसा होता है तो चीन के लिए मुश्किल बढ़ेगी ही कम नहीं होगी। हाल में ही जापान और इंडोनेशिया के बीच ऊर्जा के साथ ही रक्षा समझौता भी हुआ है। इंडोनेशिया और चीन के बीच भी तनाव है। ऐसे में विरोधी देशों के एक मंच पर आने से चीन चिंतित है। उसे लगता है कि उसकी बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए यदि ये सभी देश एकजुट होंगे, तो उसकी शक्तियां कमजोर होंगी।

जापान, ताइवान को अपनी फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस मानता है। यही वजह है कि वह ताइवान के पास स्थित योनागुनी द्वीप पर अब मिसाइल बेस बना रहा है। चीन चाहता है कि जापान किसी भी स्थिति में ताइवान का साथ न दे, लेकिन खुद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जापान पूरी शिद्दत के साथ ताइवान के साथ खड़ा है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी। अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है।

### आमने



हम (ईरान) समुद्री लुटेरों जैसे हैं। समुद्र में एक सैन्य कार्रवाई के दौरान उनके कर्मचारी ने एक जहाज को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया और फिर उसे निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा, अपना जहाज घुमा दो! तुरंत इंजन कक्ष खाली करो। आप देख सकते हैं कि सभी लोग वहां से भाग रहे हैं।

–डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

### सामने

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है। यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी।

–इस्माइल बगाई
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, ईरान



## मुक्त व्यापार समझौते और भारतीय उद्योग




रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से एक नए व्यापारिक ढांचे की ओर बढ़ रही है, जहां देशों के बीच प्रतिस्पर्धा केवल उत्पादन या लागत तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि बाजार तक पहुंच, टैरिफ नीति और सप्लाई चेन एकीकरण पर भी निर्भर हो गई है। भारत इस परिवर्तन के केंद्र में उभर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में उसने मुक्त व्यापार समझौतों (Free Trade Agreements– FTA) के माध्यम से वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्तमान समय में भारत का कुल वस्तु एवं सेवा व्यापार लगभग 1.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है, जो यह दर्शाता है कि भारत तेजी से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख खिलाड़ी बन रहा है।

भारत-यूएई के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) लागू होने के बाद द्विपक्षीय व्यापार FY24 में लगभग 83–84 अरब डॉलर रहा और FY25 में यह 85 अरब डॉलर के आसपास पहुंचने का अनुमान है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सही रणनीति के साथ ऐसे समझौते निर्यात वृद्धि को गति दे सकते हैं। इसी प्रकार, भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ECTA) के तहत भारत के लगभग 100 प्रतिशत निर्यात को ऑस्ट्रेलिया में ड्यूटी-फ्री एक्सेस प्राप्त हुआ है, जिससे इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिली है। इसके साथ ही, भारत-यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के साथ उन्नत स्तर की वार्ताएं यह संकेत देती हैं कि भारत अब वैश्विक व्यापार नेटवर्क में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

एक वित्तीय और आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं, जिससे निर्यात में वृद्धि होती है और विदेशी मुद्रा आय बढ़ती है। इसके साथ ही, यह समझौते विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को भी आकर्षित करते हैं, क्योंकि वैश्विक कंपनियां भारत को एक निर्यात हब के रूप में देखने लगती हैं। 'चाइना प्लस वन' रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को विविध बनाना चाहती हैं, और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटो कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हो सकती है, जिससे रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इन अवसरों के साथ कई महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि क्या भारतीय उद्योग, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (MSME), वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जब टैरिफ कम होते हैं, तो विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते हो जाते हैं, जिससे घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ता है। यदि भारतीय कंपनियां लागत, गुणवत्ता और तकनीक के स्तर पर प्रतिस्पर्धी नहीं बन पातीं, तो यह स्थिति उनके लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसके अलावा, कई मामलों में FTA के बाद आयात तेजी से बढ़ते हैं, जबकि निर्यात अपेक्षाकृत धीमी गति से बढ़ते हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ने का जोखिम बना रहता है। यह स्थिति मुद्रा पर दबाव डाल सकती है और व्यापक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

कृषि क्षेत्र इस संदर्भ में और भी संवेदनशील है, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है। यदि कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम होते हैं, तो विदेशी सस्ते उत्पाद भारतीय बाजार में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हो सकती है, हालांकि भारत ने हालिया समझौतों में डेयरी और कुछ अन्य संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने की रणनीति अपनाई है, जो एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। फिर भी, यह आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए तकनीकी सुधार, भंडारण और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाए।

वित्तीय बाजारों के दृष्टिकोण से FTA का प्रभाव बहुआयामी होता है। निर्यात-उन्मुख कंपनियों जैसे आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग सेक्टर को इससे लाभ मिल सकता है, जिससे उनके शेयरों में सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकता है। इसके विपरीत, आयात-निर्भर उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है। यदि FTA के कारण निर्यात में वृद्धि होती है, तो इससे रुपये को स्थिरता मिल सकती है और विदेशी निवेश (FDI) में वृद्धि हो सकती है। वहीं, यदि व्यापार घाटा बढ़ता है, तो यह मुद्रा और शेयर बाजार दोनों के लिए चुनौती बन सकता है, इसलिए निवेशकों के लिए यह आवश्यक है कि वे सेक्टर-आधारित रणनीति अपनाएं और उन कंपनियों पर ध्यान दें, जिनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।

### सोशल फोरम

## तब ट्रंप फ्रेंच बोल रहे होते

ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स थर्ड ने व्हाइट हाउस के राजकीय भोज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं के अंदाज़ में करारा जवाब दिया और वह भी इतनी शालीनता से कि ट्रंप खुद तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

ट्रंप अक्सर यूरोपीय देशों पर तंज कसते हुए कहते रहे हैं कि अगर अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में मदद न करता, तो आज यूरोप जर्मन भाषा बोल रहा होता। इस बार किंग चार्ल्स ने उसी तर्ज पर जवाब देते हुए कहा, "मिस्टर प्रेसिडेंट, आपने हाल ही में टिप्पणी की थी कि अगर अमेरिका न होता, तो यूरोप जर्मन बोल रहा होता। तो मैं यह कहने का साहस करता हूं कि अगर हम ब्रिटिश न होते तो आज आप फ्रेंच बोल रहे होते।"




संजय किशोर

वरिष्ठ पत्रकार


यह टिप्पणी 250 साल पुराने उस इतिहास की याद दिलाती है, जब उत्तरी अमेरिका पर कब्ज़े के लिए ब्रिटेन और फ्रांस के बीच भीषण युद्ध छिड़ा था। चार्ल्स के इस 'ऐतिहासिक पंच' से पूरा डिनर हॉल ठहाकों से गूंज उठा।

महाराजा ने ट्रंप के उस 400 मिलियन डॉलर के भव्य बॉलरूम पर भी निशाना साधा, जिसे उन्होंने व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग में बनवाया है। चार्ल्स ने मुस्कुराते हुए कहा, "हम ब्रिटिशों ने भी 1814 में व्हाइट हाउस के रियल स्टेट रिडेवलपमेंट का प्रयास किया था।"

यह इशारा उस ऐतिहासिक घटना की तरफ था जब 1812 के युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने व्हाइट हाउस को जला दिया था। ट्रंप, जो खुद एक दिग्गज रियल एस्टेट कारोबारी रहे हैं, इस चुटकी पर अपनी हंसी नहीं रोक सके।

भोज के दौरान किंग चार्ल्स ने राष्ट्रपति ट्रंप को एक अनूठा उपहार भेंट किया, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में लॉन्च हुई ब्रिटिश पनडुब्बी HMS Trump की मूल घंटी। इस मौके पर महाराजा ने मजाकिया लहजे में कहा, "यह हमारे देशों के साझा इतिहास और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है और भविष्य में जब भी आपको हमारी ज़रूरत पड़े बस एक 'रिंग' (घंटी/फोन) दे देना।"

यह राजकीय यात्रा ईरान युद्ध, NATO और यूक्रेन जैसे मुद्दों पर जारी तनाव के बीच हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि किंग चार्ल्स का यह अंदाज़ दरअसल एक 'Charm Offensive' था। यानी हंसी-मज़ाक और इतिहास की आड़ में कड़वाहट को कम करने की एक सोची-समझी कोशिश और फिलहाल तो ऐसा लगता है कि किंग चार्ल्स अपनी इस चाल में कामयाब रहे हैं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी

लोकतंत्र की सार्थकता केवल मतदान की ऊंची दरों में नहीं, बल्कि विधायी सदनों के भीतर प्रतिनिधित्व की वास्तविक समावेशिता में निहित है। प्रश्न यह है कि क्या बढ़ती चुनावी भागीदारी सत्ता-संरचना में समान हिस्सेदारी में भी रूपांतरित हो रही है? राजस्थान के सात दशकों का विधायी अनुभव इस प्रश्न का एक ऐसा सांख्यिकीय उत्तर प्रस्तुत करता है, जो स्थापित राष्ट्रीय धारणाओं को चुनौती देते हुए संख्या से शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी के एक नए और सशक्त यथार्थ को उजागर करता है।

लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था की जीवंतता केवल चुनावों की नियमितता या मतदाता भागीदारी की ऊंची दर से नहीं आंकी जा सकती; उसकी वास्तविक कसौटी इस बात में निहित होती है कि वह अपने नागरिकों को किस हद तक समावेशी, संतुलित और प्रभावी प्रतिनिधित्व प्रदान करती है। हाल के लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में पश्चिम बंगाल में दर्ज 92.72 प्रतिशत मतदान यह संकेत अवश्य देता है कि भारतीय मतदाता लोकतंत्र के प्रति अत्यंत सजग है, किंतु इसके समानांतर एक मूलभूत प्रश्न अब भी प्रासंगिक बना हुआ है कि क्या यह व्यापक भागीदारी सत्ता-संरचना में समान प्रतिनिधित्व में भी रूपांतरित हो रही है? महिला प्रतिनिधित्व इसी प्रश्न की सबसे सटीक कसौटी है। जब हम लोकसभा तथा राजस्थान विधानसभा के आंकड़ों को साथ रखकर देखते हैं, तो एक ऐसा परिदृश्य उभरता है, जो स्थापित धारणाओं को चुनौती देता है।




डॉ. कैलाश चंद सैनी

पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी


सामान्य धारणा यह रही है कि राष्ट्रीय राजनीति प्रतिनिधित्व के प्रश्नों पर अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील होती है, जबकि क्षेत्रीय राजनीति परंपरागत सामाजिक संरचनाओं से अधिक प्रभावित रहती है, किंतु महिला प्रतिनिधित्व के संदर्भ में राजस्थान का अनुभव इस धारणा को उलट देता है।

1952 से 2023 तक की 16 विधानसभाओं में कुल 2080 सीटों पर हुए चुनावों में 330 बार महिलाओं ने विजय प्राप्त की है, जो औसतन 11 प्रतिशत से अधिक है। इसके विपरीत, 18 लोकसभाओं के लिए हुए कुल 9573 निर्वाचनों में केवल 745 महिलाएं ही निर्वाचित हो सकी हैं, जो लगभग 7.78 प्रतिशत है। यह 3.22 प्रतिशत का अंतर मात्र सांख्यिकीय नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक संकेत का द्योतक है कि राजस्थान के मतदाताओं ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में महिला नेतृत्व पर अधिक भरोसा जताया है, जहां राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि धीमी किंतु अपेक्षाकृत स्थिर रही है, वहीं राजस्थान में अवसर अधिक दिखाई देते हैं, पर उनकी निरंतरता उतनी सुनिश्चित नहीं है।

लोकसभा में राजस्थान की महिलाओं की उपस्थिति का इतिहास स्वयं में एक उतार-चढ़ावपूर्ण यात्रा का द्योतक है। पहली, दूसरी और छठी लोकसभा में राजस्थान से एक भी महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई। 1952 से 2024 तक राजस्थान से कुल 22 महिलाओं ने लोकसभा में प्रवेश किया, जिन्होंने कुल मिलाकर 34 बार विजय प्राप्त की।

इन 22 महिलाओं में से केवल छह ऐसी रही हैं, जिन्होंने एकाधिक बार लोकसभा में स्थान बनाया। वसुंधरा राजे का पांच बार निर्वाचित होना, डॉ. गिरिजा व्यास का चार बार तथा राजमाता गायत्री देवी का तीन बार संसद पहुंचना इस प्रवृत्ति के उदाहरण अपवादस्वरूप हैं। 16 महिलाएं ऐसी रही हैं जो केवल एक बार ही लोकसभा तक पहुंच सकीं। यह स्थिति एक स्पष्ट संदेश देती है कि राजनीति में महिलाओं के लिए प्रवेश अब संभव है, पर स्थायित्व अभी भी चुनौतीपूर्ण है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# समर में मेकअप से दें खुद को कूल लुक



गर्मियों का मौसम आते ही स्किन केयर और मेकअप रूटीन दोनों में बदलाव जरूरी हो जाता है। तेज धूप, पसीना, धूल और बढ़ती ऑयल प्रोडक्शन की वजह से मेकअप जल्दी पिघल जाता है और चेहरा डल दिखने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि हम ऐसा मेकअप करें जो हल्का, फ्रेश, स्किन-फ्रेंडली और लंबे समय तक टिकने वाला हो। हम जानेंगे कि गर्मियों में कैसा मेकअप करना चाहिए, न्यूड मेकअप को कैसे परफेक्ट तरीके से कैरी करें और किन नई टिप्स को अपनाकर आप अपने लुक को और बेहतर बना सकती हैं।



नूर हिना खान
लेखिका

### स्किन प्रेप है सबसे जरूरी

गर्मियों में मेकअप से पहले स्किन को सही तरीके से तैयार करना सबसे अहम स्टेप है।

- सबसे पहले माइल्ड फेस वॉश या जेल बेस्ड क्लींजर से चेहरा साफ करें।
- उसके बाद अल्कोहल-फ्री टोनर लगाएं, जिससे पोर्स टाइट रहें।
- लाइट, ऑयल-फ्री मॉइश्चराइजर लगाएं और सबसे जरूरी सनस्क्रीन जरूर लगाएं।
- बाहर निकलने से 15-20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

स्किन जितनी हाइड्रेटेड और प्रोटेक्टेड होगी, मेकअप उतना ही स्मूद और टिकाऊ लगेगा।



### प्राइमर का करें इस्तेमाल

अक्सर लोग इस स्टेप को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन गर्मियों में प्राइमर बहुत जरूरी होता है।

- ऑयली स्किन के लिए मैटिफाइंग प्राइमर चुनें
- ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर रहेगा
- प्राइमर मेकअप को लंबे समय तक सेट रखता है और पसीने से खराब होने से बचाता है।

### हैवी फाउंडेशन से बचें

गर्मियों में हैवी फाउंडेशन लगाने से चेहरा केकी, पसीनेदार और ऑयली लग सकता है।

- इसके बजाय BB क्रीम या CC क्रीम का इस्तेमाल करें।
- लाइट-वेट, वाटर-बेस्ड फाउंडेशन चुनें।
- जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं (स्पॉट करेक्शन)।

इससे आपका मेकअप नेचुरल, लाइट और स्किन-लाइक दिखेगा।

### न्यूड मेकअप- सबसे बेस्ट ऑप्शन

गर्मियों के लिए न्यूड मेकअप लुक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है, क्योंकि ये सिंपल, एलिगेंट और नेचुरल होता है।

### कैसे करें न्यूड मेकअप

- **बेस :** हल्का व स्किन टोन से मैच करता हुआ रखें।
- **आई मेकअप:** ब्राउन, पीच, बेज या सॉफ्ट न्यूड शेड्स।
- **ब्लश :** हल्का पिंक, पीच या कोरल रखें।
- **हाईलाइटर :** बहुत हल्का, सिर्फ नैचुरल ग्लो के लिए
- **लिपस्टिक:** न्यूड, पीच, रोज या लाइट पिंक न्यूड मेकअप का मकसद है कि आप मेकअप में भी नेचुरल और फ्रेश दिखें।

### आई मेकअप हल्का रखें

- गर्मियों में स्मोकी या हैवी आई मेकअप से बचना चाहिए, क्योंकि ये जल्दी स्मज हो सकता है।
- लाइट और मैट आईशैडो यूज करें, वॉटरप्रूफ काजल और मस्कारा लगाएं, आईलाइनर पतला रखें।
- इससे आपका लुक क्लीन, फ्रेश और डे-फ्रेंडली लगेगा।

### कम से कम प्रोडक्ट्स करें यूज

गर्मी में ज्यादा मेकअप करने से पसीना आता है और मेकअप जल्दी खराब हो जाता है।

**मिनिमल मेकअप रखें, मल्टी-यूज प्रोडक्ट्स** (जैसे लिप-एंड-चीक टिंट) का इस्तेमाल करें। "Less is more" गर्मियों के लिए सबसे परफेक्ट मंत्र है।

**सेटिंग पाउडर और सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल**
मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए हल्का सेटिंग पाउडर लगाएं (खासतौर पर T-zone पर) और अंत में सेटिंग स्प्रे जरूर यूज करें। इससे मेकअप पिघलेगा नहीं और पूरे दिन फ्रेश बना रहेगा।

**मैट और ऑयल-फ्री प्रोडक्ट्स चुनें-** गर्मियों में स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है, इसलिए सही प्रोडक्ट चुनना जरूरी है।

**मैट फिनिश मेकअप प्रोडक्ट्स यूज करें**
ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें। इससे चेहरा ज्यादा शाइनी नहीं लगेगा और एक सॉफ्ट मैट लुक मिलेगा।

### नई और जरूरी टिप्स

- अपने बैग में फेस मिस्ट रखें, जिससे स्किन तुरंत फ्रेश लगेगी।
- ब्लॉटिंग पेपर से एक्स्ट्रा ऑयल हटाएं, बिना मेकअप खराब किए। ये छोटे स्टेप्स आपके लुक को पूरे दिन मेंटेन रखने में मदद करते हैं।

### हाइड्रेशन और डाइट का रखें ध्यान

गर्मी में सिर्फ बाहर से नहीं, अंदर से भी स्किन का ख्याल रखना जरूरी है।

- ज्यादा पानी पिएं, फ्रूट्स (जैसे तरबूज, खीरा) डाइट में शामिल करें। हेल्दी स्किन पर मेकअप खुद-ब-खुद अच्छा लगता है।

गर्मियों में मेकअप का मतलब है हल्का, फ्रेश और नेचुरल लुक। हैवी और लेयर्ड मेकअप से बचते हुए अगर आप न्यूड मेकअप अपनाती हैं, तो आप बिना ज्यादा मेहनत के भी खूबसूरत और एलिगेंट दिख सकती हैं। सही स्किन प्रेप, हल्के प्रोडक्ट्स, मैट फिनिश और न्यूड टोन के साथ आप हर दिन एक परफेक्ट समर लुक पा सकती हैं।

**टिप :** हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट्स चुनें, दिन में 2-3 बार फेस क्लीन रखें और जरूरत पड़ने पर मेकअप को हल्का टच-अप जरूर दें, ताकि आपका लुक पूरे दिन फ्रेश और ग्लोइंग बना रहे।

---

ओटीटी

## स्वराज्य की कहानी अधूरी प्रभावशीलता




फिल्म राजा शिवाजी, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और उनके "स्वराज्य" के विचार को बड़े पैमाने पर प्रस्तुत करने की कोशिश करती है। यह केवल एक ऐतिहासिक फिल्म नहीं, बल्कि उनकी सोच, साहस और नेतृत्व को दर्शाने वाली एक सिनेमैटिक यात्रा है। निर्देशक रितेश देशमुख ने फिल्म को भव्यता और भावनात्मक गहराई के साथ पेश करने का प्रयास किया है। फिल्म का टोन गंभीर और प्रेरणादायक है, जिसमें शिवाजी महाराज की रणनीति और संघर्ष को प्रमुखता दी गई है। फिल्म का सबसे मजबूत पक्ष इसका विजुअल स्केल है। सेट डिजाइन, लोकेशन, कॉस्ट्यूम और सिनेमैटोग्राफी मिलकर एक प्रभावशाली ऐतिहासिक माहौल बनाते हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी कई दृश्यों को और असरदार बनाता है। हालांकि, फिल्म की कमजोरी इसकी लंबाई और धीमी गति है। कई जगह कहानी खिंचती है और स्क्रीनप्ले में कसावट की कमी दिखती है। कुछ सीन अनावश्यक रूप से लंबे और ज्यादा नाटकीय लगते हैं। रितेश देशमुख का अभिनय ईमानदार है, लेकिन कुछ दृश्यों में और प्रभाव की गुंजाइश थी। सलमान खान का कैमियो आकर्षक है। कुल मिलाकर, यह फिल्म भव्य और प्रेरणादायक है, जो शिवाजी महाराज की विरासत को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करती है, हालांकि बेहतर संपादन इसे और प्रभावशाली बना सकता था।

*समीक्षक-प्रदीप शर्मा*

## भव्यता और फैंटेसी का कॉम्बो

मिथुन मैनुअल थॉमस की डायरेक्ट की हुई और जयसूर्या स्टारर मलयालम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आडू 3: वन लास्ट राइड - पार्ट 1' ZEE5 पर स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल है। इस फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट होने के कारण, जिसके बहुत बड़े फैन बेस हैं, फिल्म ने काफी चर्चा बटोरी है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 120 करोड़ का बिजनेस किया है। आडू शब्द का मतलब बकरी है। फ्रेंचाइजी के पहले पार्ट में, शाजी पपन (जयसूर्या) और उनकी टीम रस्साकशी के खेल में एक मैच जीतते हैं और विनर के तौर पर उन्हें एक बकरी गिफ्ट में मिलती है। बकरी और टीम के कैरेक्टर्स का कॉम्बिनेशन पहले पार्ट में एक जबरदस्त कॉमेडी देता है। पहले पार्ट के बाद, शाजी पप्पन (जयसूर्या), अरक्कल अबू (सैजू कुरुप) और "ड्यूड" (विनायकन) के कैरेक्टर इंटरनेट कल्चर और मीम सर्कल में बहुत पॉपुलर हो गए।



आडू 3 कॉमेडी से ज्यादा भव्यता और फैंटेसी को प्राथमिकता देती है। नो डाउट फिल्म हमें एंटरटेन करती हैं, लेकिन आडू फ्रैंचाइजी अपनी लगातार, रियलिस्टिक और मजेदार कॉमेडी के लिए जानी जाती है। 3 में इसकी कुछ कमी है। फिल्म एक नॉन-लीनियर, मल्टी-टाइमलाइन अप्रोच का इस्तेमाल करती है, जो कैरेक्टर्स को 1700 के दशक में ले जाती है। आडू 3: वन लास्ट राइड- पार्ट 1' को एक एम्बिशियस प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जा रहा है, जो सीरीज की जानी-मानी टाइट, कैओटिक कॉमेडी से ज्यादा भव्यता को प्राथमिकता देता है। अगर आप इन कैरेक्टर्स के डाई-हार्ड फैन हैं, तो यह फिल्म आपको एक नॉस्टैल्जिक एक्सपीरियंस दे सकती है।

***समीक्षा: शिवकांत पालवे***

---



## पति-पत्नी और वो दो रिलीज हुआ ट्रेलर




'पति-पत्नी और वो दो' के ट्रेलर के रिलीज होने से पहले, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और जनप्रिय हास्य शैली के लिए पहचाने जाने वाले निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म हास्य, उलझन और रोजमर्रा की परिस्थितियों से जुड़ी एक पारिवारिक मनोरंजक कहानी होने का वादा करती है। आयुष्मान के साथ काम करने पर बात करते हुए मुदस्सर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आयुष्मान खुराना देश के सबसे पसंदीदा ऐसे 'अच्छे इंसान' हैं, जो परिस्थितियों में फंस जाते हैं। पिछले एक दशक में इस प्रकार की फिल्मों में उनका काम उत्कृष्ट रहा है। मुझे गर्व है कि इस बार मैं उनके दर्शकों के सामने एक ऐसा आयुष्मान प्रस्तुत कर रहा हूं, जो अपनी ही परिस्थिति का समाधान भी है। प्रजापति पांडे ने स्वयं को निभाने के लिए आयुष्मान खुराना को चुना है।

फिल्म श्रृंखला के बारे में बात करते हुए मुदस्सर ने 'पति पत्नी और वो दो' के विकास पर जोर दिया और संकेत दिया कि यह फिल्म अपने मूल हास्य तत्वों को बनाए रखते हुए एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी। अनेक कलाकारों के साथ काम करने में दक्ष, मुदस्सर ने सेट पर कलाकारों के बीच तालमेल को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, "परिस्थिति-आधारित हास्य में कई किरदारों की कहानी को साथ लेकर चलना एक प्रभावशाली पटकथा की मांग करता है। केवल हास्य प्रसंगों पर निर्भर न रहकर, किरदारों को परिस्थितियों में रखना जरूरी होता है, ताकि उनके चरित्र की यात्रा बनी रहे। जहां तक हास्य की लय का सवाल है, मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस फिल्म में 6-7 उत्कृष्ट कलाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला और इसका श्रेय उन्हें भी उतना ही जाता है, जितना मुझे।" 'पति पत्नी और वो दो' अपने मूल में पारंपरिक देसी हास्य को आधुनिक अंदाज के साथ प्रस्तुत करती है, जिसमें उलझन, अफरा-तफरी और रोजमर्रा के रिश्तों से उपजे हंसी के क्षण शामिल हैं। फिल्म अपनी जड़ों से जुड़ी सादगी को बनाए रखते हुए, विचित्र किरदारों और परिस्थिति-आधारित हास्य के माध्यम से मनोरंजन को और ऊंचाई देती है, जो इसे एक आदर्श पारिवारिक फिल्म बनाती है। यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। मनोरंजन से भरपूर इस यात्रा के लिए तैयार हो जाइए।

---

## बाल कलाकार से दिग्गज अभिनेत्री तक

74 वर्ष की उम्र में भी अपनी जीवंत उपस्थिति से दर्शकों को आकर्षित करने वाली अभिनेत्री अरुणा ईरानी हिंदी सिनेमा का एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने लंबे समय तक अपने अभिनय और नृत्य से दर्शकों के दिलों पर राज किया। तीन मई 1952 को मुंबई में जन्मी अरुणा ने बेहद कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखा और देखते ही देखते सैकड़ों फिल्मों का हिस्सा बन गईं।

जिंदगी का सफर



अरुणा ईरानी ने अपने करियर की शुरुआत 1961 में गंगा जमुना से की, जिसमें उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में काम किया। उस समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 300 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। उनके करियर की खास पहचान उनके शानदार डांस नंबर रहे, जिनमें "चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी" और "दिलबर दिल से प्यारे" जैसे गीत आज भी लोकप्रिय हैं। फिल्म कारवां में उनके अभिनय और नृत्य को विशेष सराहना मिली, जिसने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ बॉम्बे टू गोवा में भी काम किया, जो उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है। इस दौर में उनका नाम कॉमेडियन महमूद के साथ भी जोड़ा गया, जिनके साथ उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। अरुणा ईरानी न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री रहीं, बल्कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में नए कलाकारों को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई। जितेंद्र, ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, जयाप्रदा और संजय दत्त जैसे कलाकारों के शुरुआती दौर में उन्होंने सहयोग दिया। हालांकि इनमें से कई सितारे आगे चलकर सुपरस्टार बने, जबकि अरुणा का सफर मुख्यतः सहायक भूमिकाओं तक सीमित रह गया। फिर भी, उनके अभिनय को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड फिल्म "पेट प्यार और पाप" और बेटा के लिए मिला। इसके अलावा 2012 में उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने टीवी की दुनिया में भी अपनी पहचान बनाई। "जमाना बदल गया" से छोटे पर्दे पर शुरुआत करने के बाद वे कहानी घर-घर की, झांसी की रानी और देखा एक ख्वाब जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में नजर आईं। अरुणा ईरानी का सफर संघर्ष, समर्पण और निरंतरता की मिसाल है, जो उन्हें हिंदी सिनेमा की एक खास और सम्मानित शख्सियत बनाता है।



### सीआईएल-सैम को 918 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसके संयुक्त उद्यम सीआईएल-सैम इंडिया को जयपुर मेट्रो से डिजाइन और निर्माण कार्यों के लिए 918.04 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस अनुबंध में जयपुर मेट्रो के फेज-2 विस्तार के तहत 10.8 किलोमीटर के हिस्से में एक ऊंचे वायडक्ट और दस ऊंचे मेट्रो स्टेशनों का डिजाइन और निर्माण शामिल है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 4 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2565, राज श्री 1920, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2480, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2070, सचिन 2320, सूरज 2080, अवसर 2130, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 2170, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2285, चक्र टिन 2535, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2520
**किराना** – निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0)**- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन**- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी**- द्वारकेश 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 425

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 151800, सोना गिन्नी 147800, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती- 6200-7700 बासमती- 10300-12400 परमल- 3000-3800
**दाल दलहन**-काला चना- 5400-6800 साबुत चना दाल- 6400 मूंग साबुत- 10200 राजमा- 11000-12500 दाल उड़द- 9000-11500 साबुत मसूर दाल- 7000-7800 मसूर दाल- 9000 10400 उड़द साबुत- 10400 काबुली चना- 10000-10600 अरहर दाल- 9000 -11200 लोबिया/करमानी- 1400-2500

## बिजनेस ब्रीफ

### यूनिलीवर को बिक्री बढ़ने की उम्मीद : सीईओ

**नई दिल्ली।** यूनिलीवर के सीईओ फर्नांडो फर्नांडीज ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बाधाओं तथा कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से पैकेजिंग लागत बढ़ने के बीच भारत जैसे बाजारों में स्थानीय प्रतिस्पर्धा घट रही है, जिससे यूनिलीवर को घरेलू देखभाल श्रेणी में मात्रा वृद्धि को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में आपूर्ति संबंधी बाधाओं से अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और कंपनी की बहुध्रुवीय आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ बनी हुई है।

## दमदार शुरुआत : बाजार में 42 प्रतिशत हुई मारुति की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत 42 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ की है, जो पिछले वित्त वर्ष के 39 प्रतिशत से अधिक है।

उद्योग के अनुमानों के अनुसार कंपनी ने अप्रैल में 1,91,122 इकाइयों की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की और इस महीने बाजार हिस्सेदारी में लगभग तीन प्रतिशत की वृद्धि की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री), पार्थो बनर्जी ने बताया, हालांकि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की अगुवाई उसकी यात्री कारों ने की है, लेकिन इसमें एसयूवी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने अप्रैल में रिकॉर्ड बिक्री के साथ नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है और बाजार हिस्सेदारी भी हासिल की है। कंपनी की इससे पहले की सबसे अधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाइयों की थी। इस साल अप्रैल में यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 68,244 इकाई थी। बनर्जी ने कहा कि एसयूवी में 55,065 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक बिक्री की है, जो पिछले वर्ष से 141.6 प्रतिशत अधिक है।

## साइबर सुरक्षा के लिए आईटी पर खर्च बढ़ाएंगे सरकारी बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

माइथोस से पैदा हुए साइबर खतरे से लिया सबक



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहक डेटा की रक्षा करने और मौद्रिक संसाधनों को बचाने के लिए आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के 'क्लाउड माइथोस' एआई टूल और वित्तीय डेटा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है।

माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा की कमजोरियों का पता लगाने और उनका फायदा उठाने के तरीके विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा सकता है।

पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ स्वरूप कुमार साहा ने बताया कि इस नई चुनौती के मद्देनजर बैंकों को अपनी प्रणाली अधिक मजबूत बनाने और साइबर हमलों के संबंध में कमजोरियों को कम करने के लिए निश्चित रूप से आईटी में अपना निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक नई तकनीक से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चालू वित्त वर्ष में अपना आईटी खर्च बढ़ाने जा रहा है। इसके अलावा, यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक का आईटी खर्च पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होने वाला है, और इसका एक बड़ा हिस्सा साइबर सुरक्षा की ओर जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से अपने आईटी सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने को कहा था।

### क्या है माइथोस और क्यों बना खतरा

- **माइथोस** (Mythos AI) एंथ्रोपिक कंपनी द्वारा विकसित किया गया एक अत्यंत शक्तिशाली और उन्नत एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) मॉडल है। इसे 2026 में टेस्टिंग से बाहर किया गया और अब तक का सबसे शक्तिशाली एआई मॉडल माना जा रहा है। यह एक 'एजेंटिक' एआई है, जिसका अर्थ है कि यह बिना इंसानी मदद के निर्णय ले सकता है और जटिल कार्यों को अंजाम दे सकता है।
- **क्यों बना खतरा** : माइथोस के खतरे के पीछे मुख्य कारण उसकी कंप्यूटर सिस्टम में खामियां (bugs) खोजने की अभूतपूर्व क्षमता है।
- **सुरक्षा खामियों को खोजना** : माइथोस दुनिया के अधिकांश ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउज़र की कमजोरियों को ढूंढ सकता है। साथ ही यह बिना मानवीय हस्तक्षेप के बहु-स्तरीय साइबर हमले कर सकता है।
- **डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खतरा** : इससे दुनिया भर के बैंकिंग सिस्टम, नेशनल सिक्योरिटी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के ठप होने का डर है। एंथ्रोपिक ने इसे अभी जनता के लिए जारी नहीं किया है, क्योंकि इसके अनधिकृत उपयोग से साइबर सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है।

# विस चुनावों के परिणाम, तेल कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी।

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि सबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जिससे 1-2 दिनों तक उतार-चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में किसी भी नई तेजी से भारतीय शेयरों पर फिर से बिकवाली का दबाव आ सकता है, जबकि कीमतों में निरंतर गिरावट से धारणा में सुधार होने की संभावना है।




### कंपनियों और विदेशी मुद्रा के आंकड़े देंगे संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों के रुझान के साथ ही प्रमुख आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (चार मई), सेवा और कंपोजिट पीएमआई (छह मई) और विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े (आठ मई) इस सप्ताह आने हैं, जो आर्थिक गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता के बारे में संकेत देंगे। इस सप्ताह अंबुजा सीमेंट्स, बीएचईएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### मुद्रास्फीति का खतरा

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2.20 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 249.29 अंक चढ़ा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि मिश्रित वैश्विक और घरेलू संकेतों के बीच कारोबारी माहौल उतार-चढ़ाव भरा और सीमित दायरे वाला रहा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएम) और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी के मूल्यांकन में कुल 1.24 लाख करोड़ की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1.39 लाख करोड़ बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 43,503.51 करोड़ बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## निवेश की पाठशाला

## कैसे काम करता है बैरियरलेस टोल सिस्टम

**कारोबार डेस्क**

हाईवे पर सफर करते समय आपको टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा। चलते-चलते ही टोल टैक्स कट जाएगा। जीहां! भारत ने पहली बार बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम शुरू कर दिया है। यह तकनीक आपकी यात्रा को तेज और आसान बनाएगी, वहीं जाम, ईंधन खर्च को भी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। देश का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम गुजरात के एनएच-48 (सूरत-भरूच सेक्शन) पर शुरू किया गया है।



### यात्रियों के लिए इसका अर्थ

टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें गायब हो जाने वाली हैं। ये बैरियर-लेस सिस्टम यात्रा का समय और पैसे दोनों की बचत करेगा। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपके फास्टैग से जुड़ा वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर सही हो और उसमें पर्याप्त बैलेंस हो, क्योंकि अब प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और स्वचालित है।

### क्या है नया MLFF सिस्टम?

- अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित इस सिस्टम में मानव हस्तक्षेप की जरूरत नहीं होगी।
- **ANPR तकनीक**: यह ऑटोमैटिक तरीके से वाहन की नंबर प्लेट पहचान लेती है।
- **फास्टैग**: वाहन की गति धीमी किए बिना फास्टैग के जरिए टोल राशि अपने आप कट जाएगी
- **डिजिटल पेमेंट** : 10 अप्रैल से सभी नेशनल हाईवे पर केवल डिजिटल भुगतान (फास्टैग और यूपीआई) अनिवार्य कर दिया गया है।

### चलती गाड़ी से ही कट जाएगा टोल टैक्स

- **मल्टीलेन फ्री फ्लो सिस्टम**, जहां चलती गाड़ी से ही ANPR और FASTag से पैसा कट जाएगा।
- **क्या मुझे टोल देने के लिए गाड़ी रोकनी पड़ेगी?**

नहीं, गेट पर कोई बैरियर नहीं होंगे। आप सामान्य गति से निकल सकते हैं। प्लाजा पर लगे सेंसर अपने आप भुगतान प्रोसेस कर लेंगे।

- **अगर मेरे पास फास्टैग नहीं है तो क्या होगा?**

सरकार ने सभी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर केवल डिजिटल भुगतान अनिवार्य कर दिया है। 10 अप्रैल से नकदी का विकल्प बंद हो चुका है और यूपीआई अनिवार्य कर दिया गया है।

### इस पहल के पीछे विजन?

- केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तकनीक-आधारित और पारदर्शी हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे यात्रियों का जीवन आसान होगा। यात्रा में उनका समय बचेगा, साथ ही जाम और प्रदूषण से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर कुछ अंकुश लग सकेगा।

### काम की बात

- देश में वाहन चालकों के बीच फास्टैग (FASTag) का उपयोग 98% से अधिक हो चुका है, जिससे टोल कलेक्शन प्रणाली लगभग पूरी तरह बदल चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी फास्टैग जारी करने वाले बैंकों को निर्देश दिया है कि वे फास्टैग से जुड़े वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर (VRN) की तुरंत जांच करें, जिससे सही व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।




## कोयला गैसीकरण के लिए 37,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना पर पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है, जिसका वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। इसका लक्ष्य एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, डीआरआई के जरिये से कोकिंग कोल, मेथनॉल और डीएमई जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा और 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करेगा।



उन्होंने कहा कि यह बिना किसी श्रेणी वाली एक एकीकृत योजना है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि गैसीकरण परियोजनाओं के लिए पिछली वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू के लिए प्रति परियोजना 1,350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल था।

## एयर इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक सात को, लागत कटौती और नए प्रमुख के चयन पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

भारी घाटे और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का निदेशक मंडल सात मई को होने वाली बैठक में लागत घटाने के उपाय, नए सीईओ के चयन, वित्तीय स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।



सूत्रों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनी के समक्ष चुनौतियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों ने बताया कि टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक सात मई को मुंबई में होगी। टाटा संस और एअर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। तेजी से बढ़ती विमान ईंधन कीमतों के बीच लागत घटाने के कड़े उपायों के तहत एअर इंडिया टिकट से भोजन और व्यवसाय श्रेणी के यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष सुविधा को अलग करने के विकल्प पर विचार कर रही है।

सूत्रों के अनुसार विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच लागत में कटौती के कड़े उपायों के तहत, एयर इंडिया अब हवाई टिकट से भोजन की सुविधा को अलग करने पर विचार कर रही है।

### गर्मी से डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को कंपनियों ने बढ़ाए कदम

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं। शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है।

इस स्थिति को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन, जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने अग्रिम पंक्ति के कार्यबल को राहत देने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है। अमेजन ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत प्रमुख शहरों में 100 वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए हैं, जहां बैठने की सुविधा, शौचालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है। इन केंद्रों का उपयोग अन्य कंपनियों के डिलीवरी कर्मी भी कर सकते हैं। इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

**कबाड़ वाहन नियम**

**पर्यावरण संरक्षण नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को करने होंगे बजटीय प्रावधान**

# वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को वित्त वर्ष 2025-26 के शुद्ध लाभ में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए पर्यावरण मुआवजे हेतु बजटीय प्रावधान करना होगा।

उद्योग के अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2025 में अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली, 2025 में एक साधारण दिखने वाले उपबंध ने वाहन विनिर्माताओं को उस समय डरा दिया, जब उनके ऑडिटरों ने इसके परिणामों की गंभीरता की ओर इशारा किया।

- **ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा**



जनवरी 2025 की अधिसूचना का 'नियम 4 (6)' कहता है कि यदि विनिर्माता अपना परिचालन बंद कर देता है, तो विनिर्माता को परिचालन बंद होने तक बाजार में पहले से उपलब्ध कराए गए वाहनों के संबंध में अपनी विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) का पालन करना होगा।

एक उद्योग कार्यकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह नियम लेखा मानक 'इंड एएस AS 37- प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक संपत्ति' को सक्रिय करता है, जिसका अर्थ है कि वाहन विनिर्माताओं को पिछले 20 वर्षों में बेचे गए निजी वाहनों और 15 वर्षों में बेचे गए वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईपीआर प्रमाणपत्रों की लागत हेतु पर्याप्त वित्तीय प्रावधान करने होंगे। एक अन्य उद्योग अधिकारी ने कहा कि इस नियम के कारण ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा।

यह समझा जाता है कि उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भी मंत्रालय के समक्ष इस मामले को उठाया था। एक अन्य उद्योग कार्यकारी ने कहा कि एक बार जब बहीखातों में प्रावधान हो जाएगा, तो यह पूरे वाहन उद्योग के लिए उस वर्ष के मुनाफे को काफी कम कर देगा।

## डिजिटल मुद्रा आधारित राशन योजना को और राज्यों में बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम का विस्तार जून तक चंडीगढ़, दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन-दीव तक करने की योजना बना रही है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, यह योजना फिलहाल गुजरात और पुडुचेरी में प्रायोगिक आधार पर लागू है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाला खाद्यान्न अब भौतिक रूप में लेने के बजाय 'डिजिटल टोकन' के रूप में प्रदान किया जाता है।




यह टोकन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) व्यवस्था के माध्यम से जारी किए गए एक डिजिटल वॉलेट में जमा रहता है।

सूत्रों ने कहा कि यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया तो इस पहल से सब्सिडी में लगभग चार से पांच प्रतिशत तक की बचत हो सकती है, साथ ही वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी, लक्षित और कुशल बनेगी। यह खाद्य सब्सिडी वितरण की व्यवस्था में एक क्रांतिकारी सुधार साबित हो सकता है। यह कदम मौजूदा वितरण प्रणाली की एक लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। जिसमें अक्सर लाभार्थियों को महीने के अंत में राशन दुकान पर पहुंचने पर भंडार की कमी का सामना करना पड़ता है या उन्हें उनका पूरा हक नहीं मिल पाता।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी और गारंटी प्राप्त यह डिजिटल मुद्रा सामान्य मुद्रा के समान वैधानिक दर्जा रखती है, लेकिन इसे विशेष उद्देश्य के लिए निर्धारित किया जा सकता है, जैसे गेहूं और चावल की खरीद। यह डिजिटल टोकन कूपन की तरह काम करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत और कंबोडिया करेंगे सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और कंबोडिया की सेनाएं दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य संबंधों को गहरा करने के तहत सोमवार से दो सप्ताह तक सैन्य अभ्यास करेंगी। अभ्यास सिनबैक्स का दूसरा संस्करण कंबोडिया के कम्पोंग स्पीउ प्रांत में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिवेश में हो रहा है। अभ्यास में शामिल होने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी में 120 जवान शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं।

### ब्रिटेन ने बनाई उड़ान ईंधन से जुड़ी योजना

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने रविवार को उड़ानों के संबंध में आकस्मिक उपायों की घोषणा की जिनके तहत विमानन कंपनियों को एक ही दिन में एक ही जगह जाने वाली कई उड़ानों को समायोजित करके उनकी संख्या कम करने के लिए कहा गया है। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरुमध्य की नाकेबंदी के कारण हुई विमान ईंधन की कमी के चलते कुछ अस्थायी योजनाएं पेश की हैं। सरकार ने कहा कि अभी विमानन कंपनियों के सामने ईंधन की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर संघर्ष के कारण आगे परेशानी बढ़ती है, तो सरकार पहले से तैयारी कर रही है।

### मेट गाला में पहली बार दिखेंगे करण जौहर

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माता करण जौहर पहली बार फैशन जगत से जुड़े प्रतिष्ठित समारोह 'मेट गाला' में नजर आएंगे, जिसमें वह मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए परिधान पहनेंगे। मल्होत्रा ने सीबीएस टीवी नेटवर्क के 'सैटरडे मॉर्निंग' कार्यक्रम में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि रेड कार्पेट पर और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।

### दो हिंदू अभ्यर्थी संघीय सेवा के लिए चयनित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सिविल सेवा के लिए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। संघीय सिविल सेवा में अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंदोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल थे, जो बृहस्पतिवार को संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय उच्च सेवा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं।

# पुणे में बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, लगाया जाम

## आक्रोशित लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग किया अवरुद्ध, चार घंटे तक बाधित रहा यातायात

**पुणे, एजेंसी**

पुणे में चार साल की बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया जिसके कारण व्यस्त मार्ग पर लगभग चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को नवाले ब्रिज क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और इस मामले में गिरफ्तार 65 वर्षीय व्यक्ति को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें राजमार्ग पर भारी यातायात जाम दिख रहा है। बाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधी रात के बाद यहां वैकुंठ श्मशान घाट में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में आरोपी व्यक्ति मजदूर है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को कथित तौर पर खाना दिलाने का लालच देकर फुसलाया और वह उसे मवेशियों के बाड़े में ले गया जहां उसने उसका यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि बच्ची के लापता होने पर उसके रिश्तेदारों ने उसकी तलाश शुरू की और इसी दौरान एक निजी आवास के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी, बच्ची के साथ नजर आया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे सात मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बच्ची के परिवार से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और त्वरित सुनवाई का आश्वासन दिया। पवार ने इस घटना को चौंकाने वाला और मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस मामले पर बात की और त्वरित अदालती सुनवाई की मांग की, ताकि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को पुणे ग्रामीण पुलिस को निर्देश दिया कि इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाकर एक बेहद मजबूत मामला तैयार किया जाए तथा मुकदमे की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए।

### मृत्युदंड देने की मांग करेगी सरकार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आश्वासन दिया कि सरकार पुणे में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के मामले के आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाएगी। इस घटना से भोर क्षेत्र में व्यापक आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने बच्ची के परिवार से बात की।

### मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। इस जघन्य अपराध को लेकर व्यापक पैमाने पर आक्रोश फैल गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि दो महिलाओं सहित छह पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। जांच की प्रगति के आधार पर हम और अधिक अधिकारियों और कर्मियों को शामिल करेंगे। यह टीम मामले की गहन जांच करेगी। इस बीच, बच्ची के पिता ने नेताओं से अपील की कि जब तक आरोपी को फांसी नहीं दे दी जाती, तब तक वे उनसे मिलने न आएं। पिता ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपील करता हूं कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता, कृपया मेरे घर न आएं।

### एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने को कहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र के पुणे में चार वर्षीय बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना को बेहद दुखद एवं मानवता पर कलंक बताया है। रहाटकर ने एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि पुणे के नसरापुर इलाके की यह घटना हृदयविदारक है और इसने समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि नसरापुर (भोर, पुणे) में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ क्रूरता और उसकी हत्या की घटना बेहद पीड़ादायक, हृदयविदारक और स्तब्ध करने वाली है। यह मानवता पर कलंक है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि पुणे ग्रामीण पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रहाटकर ने कहा कि एनसीडब्ल्यू ने मामले का संज्ञान लिया है और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को पत्र लिखकर आवश्यक और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि मामले को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत आगे बढ़ाया जाए।

### म्यांमार को दिए उपकरण




म्यांमार के नौसेना अधिकारियों को नौसैनिक प्रशिक्षण उपकरण सौंपते भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी। एडमिरल त्रिपाठी इन दिनों पड़ोसी देश म्यांमार के दौरे पर हैं।

# जबलपुर क्रूज हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 पर पहुंची

- बचाव एवं राहत कार्य में लगीं एजेंसियों ने बरामद किया चाचा-भतीते का शव

**जबलपुर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह पांच वर्षीय बालक मयूरम और उसके चाचा कमराज (लगभग 50) के शव बरामद किए गए। कमराज खमरिया आयुध निर्माण फैक्टरी में कर्मचारी थे।

बरगी के उप पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि दोनों के शव पानी में मिले, जिन्हें बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सभी 13 लापता लोगों का पता चल गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद खोज अभियान के लिए आगरा से हवाई मार्ग से लाए गए सेना के करीब 20 गोताखोरों सहित 200 से अधिक बचावकर्मी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की टीम शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि नौका पर सवार जिन 41 यात्रियों की पहचान की पुष्टि हुई है उनमें से 28 को बचा लिया गया था। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में 43 लोग क्रूज की ओर जाते दिखाई दिए। करीब 20 वर्ष पुरानी थी और राज्य पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही यह नौका बृहस्पतिवार शाम आए तूफान के दौरान पलट गई थी। राज्य सरकार ने शुक्रवार को घटना की जांच के आदेश दिए थे और चालक दल के तीन सदस्यों को बर्खास्त कर दिया था। साथ ही, इस तरह की नौकाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# नेपाल सरकार ने 15 सौ नियुक्तियों को किया रद्द

- सभी नियुक्तियों को राजनीति से प्रेरित बताया गया

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल की नई सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर 1,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की। यह आम चुनाव सितंबर 2025 में 'जेनरेशन जेड' विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083जारी किया।

# कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी राष्ट्र के लिए खतरा घोषित

- खुफिया एजेंसी ने कहा-हिंसक एजेंडे को बढ़ावा देता है समूह

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा की खुफिया एजेंसी ने खालिस्तानी चरमपंथियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा घोषित किया है और कहा है कि यह समूह देश में अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का इस्तेमाल करता है।

देश की खुफिया एजेंसी 'कैनेडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस' ने 2025 की अपनी रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक गतिविधियों में संलिप्तता कनाडा और कनाडाई हितों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बनी हुई है।

कनाडा सरकार की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ खालिस्तानी चरमपंथी कनाडाई नागरिकों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं, जो अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने और भोले-भाले समुदाय के सदस्यों से धन इकट्ठा करने के लिए कनाडाई संस्थानों का लाभ उठाते हैं, जिसे बाद में हिंसक गतिविधियों की ओर मोड़ दिया जाता है।

खालिस्तानी चरमपंथी समूह भारत के भीतर खालिस्तान नाम से एक पृथक देश की मांग करते रहे हैं और अलगाववादी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के कारण नयी दिल्ली द्वारा उन्हें आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित किया गया है। यह रिपोर्ट एअर इंडिया उड़ान संख्या 182 में हुए बम विस्फोट की 40वीं वर्षगांठ के एक साल बाद आई है। इस विस्फोट में कनाडा में मौजूद खालिस्तानी तत्वों का हाथ था।

इसमें कहा गया कि यह आज भी कनाडा के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला बना हुआ है, जिसमें 329 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर कनाडाई नागरिक थे। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तान निर्माण के लिए अहिंसक तरीके से बात रखने को उग्रवाद नहीं माना जाता, और कुछ कनाडाई लोग खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन का वैध एवं शांतिपूर्ण तरीके से समर्थन करते हैं। बता दें कि खालिस्तानी चरमपंथियों के चलते कुछ अरसा पहले भारत व कनाडा के रिश्तों में काफी खटास आ गई थी।

### भारत में हिंसा के लिए कनाडा को बनाया आधार

इसमें कहा गया कि केवल मुट्ठी भर लोगों को, जो कनाडा को आधार बनाकर मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देते हैं, इसके लिए धन जुटाते हैं या उसकी योजना बनाते हैं, खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है। भारत-कनाडा संबंध 2023 में उस समय सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया था। पिछले साल पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिश की है।

## महिला के ऑपरेशन के फिल्मांकन पर एनसीडब्ल्यू सख्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी स्थित एक मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान अनधिकृत रूप से एक महिला की निजी तस्वीरें लेने और प्रसारित करने की खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाल में कौशांबी के एक सरकारी स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान 22-वर्षीय एक महिला मरीज के चेहरे और जननांगों को दर्शाने वाली आपत्तिजनक तस्वीरें अधिकारियों और मीडियाकर्मियों से जुड़े व्हाट्सऐप ग्रुप में प्रसारित की गईं। आयोग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सामग्री को हटाने के लिए तुरंत साइबर हस्तक्षेप करने और संस्थान के भीतर सुरक्षा खामियों की गहन जांच का भी निर्देश दिया। आयोग ने कहा कि सात दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई है। एनसीडब्ल्यू ने इस घटना को चिकित्सा नैतिकता, गरिमा और निजता के मौलिक अधिकार का गंभीर उल्लंघन बताया।

## हशीश तेल बनाने का 800 लीटर रसायन जब्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने रविवार को मल्कानगिरी जिले में एस्सार चौक के पास एक वाहन से करीब 800 लीटर रसायन बरामद किया है जिसका इस्तेमाल मादक पदार्थ 'हशीश तेल' बनाने में होता है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन से लगभग 50 किलोग्राम गांजा और दो लीटर हशीश तेल भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन का चालक भागने में सफल रहा।

## श्रीलंका में 130 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पिछले दो दिनों में कथित साइबर अपराध को लेकर 130 से अधिक विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने श्रीलंका में सक्रिय सीमापार ऑनलाइन धोखाधड़ी नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई के तहत ये गिरफ्तारियां की हैं। उसने यहां उपनगरीय क्षेत्र थलंगामा में शनिवार को 37 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

- सोने के आभूषण, बुलियन और नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में कथित रूप से 2,800 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई हालिया छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकद राशि और चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण एवं बुलियन जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायियों और कॉरपोरेट इकाइयों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई (दुर्ग जिला) और बिलासपुर स्थित परिसरों पर 30 अप्रैल को छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि इन इकाइयों पर इस कथित 'घोटाले' से अर्जित अपराध की आय प्राप्त करने, उसे संभालने, कई स्तरों पर घुमाने या छिपाने का संदेह है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकदी और 3.23 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा बुलियन जब्त किए गए, जिनकी कीमत 4.86 करोड़ रुपये है। इसके अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए गए। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में पहले भी कई दौर की छापेमारी कर चुकी है और अब तक 380 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था।

# दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों से थे डोला के संबंध

- अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर का नेटवर्क खंगाल रही एनसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हाल में तुर्किये से वापस लाए गए कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद सलीम डोला के नेटवर्क की जांच कर रहे जांच अधिकारियों को कुछ दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों के साथ उसके संबंधों का पता चला है, जो डोला के इस अवैध अंतरराष्ट्रीय रैकेट की मदद कर रहे थे।

वैश्विक आतंकवादी दाऊद इब्राहिम का प्रमुख सहयोगी बताया जा रहा 59-वर्षीय आरोपी आठ मई तक मुंबई में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में रहेगा। जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क के गुर्गे डोला को 'मेफेड्रोन किंग' के रूप में जानते हैं, क्योंकि कथित तौर पर उसे इस श्रेणी के मादक पदार्थ की तस्करी में महारत हासिल थी। अधिकारियों ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि डोला अपने गिरोह को चलाने के लिए कुछ दवा विक्रेताओं की मदद ले रहा था। इन संबंधों की जांच की जा रही है और इनमें से कुछ लोगों को जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि डोला ने तुर्किये में 'हमजा' और 'अब्दुल' जैसे छद्म नाम अपनाए थे और वह नागरिकता प्राप्त करने के लिए वहां कुछ अचल संपत्ति खरीदने की योजना बना रहा था। ऐसी संभावना है कि संघीय मादक पदार्थ विरोधी एजेंसी तुर्किये के अधिकारियों से उसके निवास स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कानूनी अनुरोध करेगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर मिल सकते हैं। कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** — आज संतुलन बनाए रखना जरूरी है। विवाद से दूर रहें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**वृष** — आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। खर्च बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आज आत्मविश्वास बढ़ेगा, कठिन कार्य भी आसानी से पूरे होंगे। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आर्थिक लाभ संभव है।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**धनु** — आज यात्रा के योग बन सकते हैं। नए अनुभव मिलेंगे। करियर में नई दिशा मिल सकती है। मन उत्साहित और सकारात्मक रहेगा।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। करियर में धीरे-धीरे प्रगति के संकेत हैं।

**मकर** — आज मेहनत का फल मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। धैर्य और संयम से काम लें।

**सिंह** — आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी।


**कुंभ** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नए विचारों से लाभ होगा। काम में रुचि बढ़ेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**कन्या** — आज योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। छोटी-छोटी बातों में उलझने से बचना चाहिए। मन शांत रहेगा।

**मीन** — आज मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। ध्यान और शांति जरूरी है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। दिन के अंत में संतोष मिलेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 मई 05 .24 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 09 .58 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

### सुडोकू -139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

**जीवनदान** — सैन्य अधिकारी की पत्नी के ब्रेन डेड घोषित होने पर परिवार ने किया अंगदान का फैसला

# अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन

- चार्टर्ड जेट से चंडीगढ़ से अपोलो अस्पताल लाया गया हृदय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हरियाणा के पंचकूला में चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल में 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद भारतीय सेना के एक अधिकारी की पत्नी के अंगों को उनके परिजनों ने दान करने का फैसला किया, जिससे हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित 14 वर्षीय लड़के को नया जीवन मिल गया। अधिकारियों ने बताया कि महिला (41) को मस्तिष्काघात हुआ था जिसके बाद उसके पति और दो छोटी बेटियों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया ताकि किसी को नया जीवन दिया जा सके।

अस्पताल ने एक बयान में कहा कि दो मई को मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद उसका हृदय यहां के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल को दिया गया। इसने कहा कि अस्पताल की एक विशेष टीम ने तत्काल अंग को लाने के लिए चार्टर्ड प्राइवेट जेट से चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी।

बयान में कहा गया कि अंग को निर्धारित समयसीमा के भीतर दिल्ली लाया गया और 14 वर्षीय लड़के के शरीर में सफलतापूर्वक प्रतिरोपित किया गया, जिससे उसे नया जीवन मिला। मरीज की हालत फिलहाल स्थिर है और वह आईसीयू में गहन निगरानी में है।

बयान में कहा गया कि दिल्ली में यातायात पुलिस ने हवाई अड्डे से अस्पताल तक एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे अंग को लगभग 20 मिनट में अस्पताल पहुंचाया जा सका। इसमें कहा गया, कमांड अस्पताल के कर्नल अनुराग गर्ग की विशेष रूप से सराहना की गई क्योंकि उनके असाधारण नेतृत्व और समन्वय ने दान एवं प्रतिरोपण प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित की।

### हृदय का प्रतिरोपण ही था एकमात्र विकल्प

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में 'कार्डियोथोरेसिक सर्जरी' (हृदय और फेफड़ा प्रतिरोपण) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि किशोर पिछले एक साल से अधिक समय से अंतिम चरण के हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने कहा कि उसकी बिगड़ती हालत को स्थिर करने के लिए उसे लगभग हर महीने अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता था। उन्होंने कहा, उसकी जान बचाने के लिए हृदय प्रतिरोपण ही एकमात्र विकल्प था। गोयल ने बताया कि महिला को मस्तिष्काघात हुआ और उसे 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया गया था। गोयल ने कहा, परिजनों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 1.79 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने दुबई से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा पहुंचे यात्रियों से 1.79 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान, सौंदर्य प्रसाधन, सिगरेट और अपरिष्कृत सोना जब्त किया है। रविवार को एक अधिकारी बताया कि तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यह अभियान सीमा शुल्क हवाई अड्डा आयुक्तालय द्वारा 1 और 2 मई के बीच चलाया गया था। मौके पर ही दो यात्रियों की पहचान कर उनके खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए।



मैच अच्छा रहा। जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वह शानदार था। ऐसा लग रहा था कि वे 190-200 रन बना लेंगे। उस लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल होता। लेकिन इसका श्रेय हमारी गेंदबाजी इकाई, विशेषकर स्पिनरों को जाता है। वे लगातार विकेट लेते रहे।
–अजिंक्य रहाणे


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 4 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को दिया 163 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : खराब शुरुआत के बाद सूर्यांश और स्टोइनिस ने खेलीं जुझारू पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

सूर्यांश शेडगे की 57 रनों की उत्कृष्ट पारी गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजों के तूफान के आगे फीकी पड़ गई, जिसके कारण रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम नौ विकेट पर महज 163 रन ही बना सकी। कागिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट), मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) और जेसन होल्डर (24 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने पंजाब किंग्स ने 8.4 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

शेडगे ने इसके बाद मार्कस स्टोइनिस (40) के साथ छठे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए कई बार तेज पारी खेल सुर्खियां बटोर चुके दाएं हाथ के बल्लेबाज शेडगे ने बिना जल्दबाजी के खेलते हुए गुजरात के गेंदबाजों की अनुशासित लाइन-लेंथ का सम्मान किया, लेकिन मौके मिलने पर आक्रामकता भी दिखाई। उन्होंने पारी के 14वें ओवर में मानव सुतार के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके जड़ते हुए 27 रन बटोरे और सिर्फ 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह अर्धशतक पूरा करने के बाद रबाडा की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच देकर वह पवेलियन लौट गए, जिससे पंजाब की पारी फिर पटरी से उतर गई। उन्होंने 29 गेंदों की पारी में तीन चौके और पांच छक्के जड़े, जबकि स्टोइनिस ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाया।



जुझारू पारी के दौरान पंजाब किंग्स के मार्कस स्टोइनिस (बाएं) और सूर्यांश शेडगे। एजेंसी

इससे पहले सिराज ने मैच की शुरुआत में ही पंजाब को दोहरे झटके देते हुए शुरुआती ओवर में लगातार गेंदों पर प्रियांश आर्य (दो) और कूपर कोनोली (शून्य) को आउट कर दिया। आर्य ने निशांत सिंधू को कैच थमाया, जबकि कोनोली के बल्ले का किनारा लेकर गेंद बटलर के दस्तानों में समा गई। प्रभसिमरन सिंह (15) भी रबाडा की 152 किमी प्रति घंटे की तेज गेंद का सामना नहीं कर सके और सुतार को कैच दे बैठे। इसके बाद होल्डर ने नेहाल वढेरा (शून्य) और कप्तान श्रेयस अय्यर (19) को आउट कर पंजाब की स्थिति और खराब कर दी। वढेरा का कैच भी बटलर ने लपका, जबकि अय्यर गेंद को थर्ड मैन की दिशा में खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए। मार्को यानसन (20) ने राशिद खान के आखिरी ओवर में कुछ जोरदार शॉट लगाकर टीम का स्कोर 160 के पार पहुंचाया, पर पूरे सत्र में साधारण प्रदर्शन कर रही पंजाब की गेंदबाजी के लिए इस स्कोर का बचाव करना मुश्किल होगा।

**पंजाब किंग्स**

**163/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का सिंधू बो सिराज | 02 |
| प्रभसिमरन सिंह का सुतार बो रबाडा | 15 |
| कूपर कोनोली का बटलर बो सिराज | 00 |
| श्रेयस अय्यर बो होल्डर | 19 |
| नेहाल वढेरा का बटलर बो होल्डर | 00 |
| सूर्यांश शेडगे का बटलर बो रबाडा | 57 |
| मार्कस स्टोइनिस का वाशिंगटन बो होल्डर | 40 |
| मार्को यानसन का गिल बो राशिद | 20 |
| जेवियर बार्टलेट बो होल्डर | 00 |
| विजयकुमार वैशाख नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-2, 2-2, 3-35, 4-36, 5-47, 6-126, 7-141, 8-141, 9-162 **गेंदबाजी :** सिराज 4-0-28-2, रबाडा 4-1-22-2, होल्डर 4-0-24-4, अरशद 3-0-29-0, राशिद 4-0-32-1, सुतार 1-0-27-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.803 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

**ऑरेंज कैप**





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -440 रन
- केएल राहुल दिल्ली-433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-425 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

## मुंबई बनाम लखनऊ मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी निगाहें

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।

### लखनऊ के कप्तान ऋषभ भी अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाए

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है। एलएसजी ने पहले मैच में हार के साथ शुरुआत करने के बाद लगातार दो जीत से वापसी की। जब उनकी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था तब वह ऐसा नहीं कर पाई। उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है लेकिन बल्लेबाजों की कमजोरी उसकी राह में रोड़ा बन रही है। एलएसजी के पिछले मैच में मोहसिन खान ने 23 रन देकर पांच विकेट लिए थे पर उनका प्रयास टीम को अंक नहीं दिला पाया।

**हाईलाइट**



बीजिंग में वर्ल्ड एक्वेटिक्स डाइविंग वर्ल्ड कप 2026 सुपर फाइनल के लिए महिलाओं की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड फाइनल में हिस्सा लेतीं चीन की चेन जिया। एजेंसी

### गोल्फर दीक्षा डागर मॉरिशस में खिताब की दौड़ में

**पोर्ट लुईस (मॉरिशस)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर बोगी मुक्त तीन अंडर 69 के शानदार कार्ड से लेडीज यूरोपीय टूर पर यहां एमसीबी लेडीज क्लासिक – मॉरिशस में खिताब की दौड़ में शामिल हो गईं। एलईटी पर दो बार की विजेता दीक्षा ने पहले दौर में 68 का स्कोर किया और दूसरे दौर के बाद वह सात अंडर पर पहुंच गईं हैं जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। वहीं चार भारतीय खिलाड़ियों में से तीन ने कट हासिल किया। दीक्षा के साथ हिताशी बख्शी (71-69) और त्वेसा मलिक (70-71) भी कट हासिल कर अंतिम दौर के लिए शामिल हुईं। हिताशी संयुक्त रूप से 19वें और त्वेसा संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर हैं। वाणी कपूर (78-77) कट हासिल करने से चूक गईं।

### दक्षिण कोरिया ने तीसरी बार जीता उबेर कप का खिताब

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** दक्षिण कोरिया ने रविवार को उबेर कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में उसने मौजूदा चैंपियन चीन को 3-1 से हराकर अपना तीसरा खिताब पक्का किया। इससे पहले उसने 2010 और 2022 में भी यह खिताब जीता था। पहले सिंगल्स मैच में, दुनिया की दो शीर्ष खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में, विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग ने वांग झीयी को 47 मिनट में 21-10, 21-13 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय एन ने कहा मैं अपनी टीम के लिए पहला पॉइंट जीतकर बहुत उत्साहित थी और मुझे यह मैच खेलने में सचमुच बहुत मज़ा आया। वांग ने माना कि उस दिन एन का प्रदर्शन उनसे बेहतर था। उन्होंने कहा लंबी रैलियों के दौरान मेरी ऊर्जा कम हो गई और मैंने ज़्यादा गलतियाँ कीं। पहली बार मैं पहले सिंगल्स खिलाड़ी के तौर पर खेल रही थी, इसलिए मुझे टीम के लिए ज्यादा ज़िम्मेदारी महसूस हुई।

## सुरक्षित नहीं हैं बेटियां : विनेश फोगाट

**संवाददाता, गोंडा**

- चयन ट्रायल के आयोजन पर उठाया सवाल, कहा- आज भी बैक डोर से महासंघ चला रहे बृजभूषण

**अमृत विचार।** कुश्ती की खिलाड़ी विनेश फोगाट ने गोंडा के नंदिनी नगर स्पोर्ट स्टेडियम में होने वाली कुश्ती के चयन ट्रायल को लेकर सवाल खड़ा किया है। विनेश ने भी अपना पंजीकरण कराया है लेकिन सवाल उठाया है कि आज भी बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती फेडरेशन को बैक डोर से चला रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि पूर्व सांसद पर यौन उत्पीड़न के मामले में केस चल रहा है। जिन छह खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है उनमें एक वह स्वयं हैं। नंदिनीनगर के साईं स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित होने वाली कुश्ती ट्रायल में चयन को लेकर कई सवाल दागे हैं। हालांकि नंदिनीनगर में आयोजित होने वाली कुश्ती चयन प्रतियोगिता में देशभर के पहलवान जुटेंगे और फेडरेशन ने उसे किराए पर लिया है। यह फेडरेशन के ऊपर है कि वह नंदिनीनगर में ट्रायल कराए या कहीं अन्य जगह पर। उधर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विनेश फोगाट के आरोपों पर जवाब देने से इनकार कर दिया है। पहलवान विनेश फोगाट द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछे जाने पर भी बृजभूषण सिंह ने जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।



# कोलकाता ने प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखीं

**हैदराबाद, एजेंसी**


- रघुवंशी के अर्धशतक से हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**10** गेंदें शेष रहते टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज की है कोलकाता नाइट राइडर्स ने

**03** विकेट लेकर वरुण चक्रवर्ती ने काम आसान किया

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नारायण (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (59 रन) के अर्धशतक की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

फॉर्म में लौटे चक्रवर्ती और नारायण की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (47 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने यह लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है। नारायण अपने 197वें मैच में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले खास क्लब में शामिल हो गए। इस क्लब के अन्य सदस्य भुवनेश्वर कुमार (199 मैच में 215 विकेट) और युजवेंद्र चहल (182 मैच में 228 विकेट) हैं। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने चौथे ओवर में ही अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी एलेन का विकेट खो दिया, तब टीम का स्कोर 49 रन था। इसके बाद रहाणे और रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। पिछले आठ मैचों में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए रहाणे ने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**165/10** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का ग्रीन बो त्यागी | 15 |
| ट्रेविस हेड का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 61 |
| ईशान किशन का अनुकूल बो नारायण | 42 |
| हेनिरक क्लासेन का पॉवेल बो ग्रीन | 11 |
| आर स्मरण का रहाणे बो चक्रवर्ती | 04 |
| अनिकेत वर्मा का रहाणे बो चक्रवर्ती | 06 |
| सलील अरोड़ा बो नारायण | 02 |
| पैट कमिंस का एवं बो अनुकूल | 10 |
| शिवांग कुमार का रघुवंशी बो वैभव | 01 |
| हर्षल पटेल का वैभव बो त्यागी | 06 |
| ईशान मलिंगा नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 05, विकेट पतन : 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156 गेंदबाजी : सुनील नारायण 4-0-31-2, वैभव अरोड़ा 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-30-2, कैमरन ग्रीन 3-0-34-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-3, अनुकूल रॉय 1-0-8-1

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**169/3** (18.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का स्मरण बो साकिब | 43 |
| फिन एलेन का क्लासेन बो कमिंस | 29 |
| अंगकृष रघुवंशी का मलिंगा बो शिवांग | 59 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 22 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 13, **विकेट पतन :** 1-49, 2-133, 3-151, **गेंदबाजी :** अभिषेक शर्मा 2-0-14-0, पैट कमिंस 4-0-47-1, ईशान मलिंगा 3.2-0-42-0, शिवांग कुमार 4-0-31-1, हर्षल पटेल 2-0-17-0, साकिब हुसैन 3-0-17-1

**ला लिगा** | दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बनाई


# ओसासुना को हराकर बार्सिलोना खिताब के करीब

**बार्सिलोना, एजेंसी**

रॉबर्ट लेवांडोस्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा।

मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। उसने आर्सेनल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मैच को ध्यान में रखते हुए जूलियन अल्वारेज़, अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियानो सिमोन को विश्राम दिया। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विलारियल ने लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष चार स्थानों में जगह पक्की कर ली है और वह यूरोप के प्रतिष्ठित क्लब टूर्नामेंट में खेलेगा।



अपनी टीम का पहला गोल करने के बाद जश्न मनाते बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोस्की।

## शिमकेंट में उपविजेता रहे मानस धामने

**नई दिल्ली।** भारत के युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले गए एक कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुवैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा।

इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींच लिया और यहां तक कि सेट प्वाइंट भी हासिल किया लेकिन गदामौरी 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी दूसरे सेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया और बेल्जियम के खिलाड़ी ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।

# मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

**मैड्रिड, एजेंसी**

- फाइनल में दुनिया की नंबर-8 मीरा आंद्रिवा को हराया

यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। बाद में उन्होंने दर्शकों की तालियों के बीच कलाबाजी भरी बैकफ्लिप की। वहीं एंड्रीवा कोर्ट के किनारे अपनी सीट पर बैठ गईं और तौलिए से अपना चेहरा छिपाकर रोने लगीं। यह कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।



## महिला पोल वॉल्टर बरानिका ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** तमिलनाडु की पोल वॉल्टर बरानिका एलंगोवन ने रविवार को यहां पहले 'इंडियन इनडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट' प्रतियोगिता के दौरान अपना ही पांच हफ्ते पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

बरानिका ने तीसरे ही प्रयास में 4.23 मीटर से अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (4.22 मीटर) तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड उन्होंने मार्च के आखिरी हफ्ते में इसी जगह पर हुई पहली राष्ट्रीय इनडोर चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। पुरुषों के हेप्टाथलॉन में एन तौफिक ने 5350 अंक से स्वर्ण पदक जीता। पहले दिन 2943 अंकों के साथ वह सबसे आगे चल रहे थे। तमिलनाडु के कीर्तिक वासन एस ने 4609 अंक से पुरुषों का अंडर-20 हेप्टाथलॉन खिताब जीता।